वर्ष-31, अंक- 210, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
18 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10

पलामू के होटवार जंगल में पुलिस-टीएसपीसी में मुठभेड़

- एके-47 की मैगजीन सहित कई सामग्री मिली सर्च अभियान जारी
- दस लाख के इनामी उग्रवादी शशिकांत के दस्ते से भिड़ी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र स्थित होटवार जंगल में रविवार को पुलिस और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि टीएसपीसी के दस लाख के इनामी जोनल कमांडर शशिकांत के दस्ते से मुठभेड़ हुई है।

मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से पुलिस ने एके-47 की मैगजीन, पिट्ठू बैग, वर्दी और अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस मान रही है कि इस दौरान कई उग्रवादियों को गोली लगी है। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शशिकांत के नेतृत्व में टीएसपीसी का दस्ता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही एसपी अभियान राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया। मनातू क्षेत्र में जब पुलिस टीम होटवार जंगल के करीब पहुंची, तभी घात लगाए उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। इस सर्च ऑपरेशन में पलामू पुलिस के अलावा एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह, हुसैनाबाद एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब, डीएसपी राजेश कुमार, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव और नावाबाजार थाना प्रभारी संजय कुमार यादव समेत कई अधिकारी शामिल थे। शेष पेज 11 पर

रवींद्र गंझू उर्फ आक्रमण से एनआईए करेगी पूछताछ

नवीन मेल डेस्क

रांची। चतरा के टंडवा स्थित मगध आम्रपाली कोयला परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में गिरफ्तार तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के जोनल कमांडर रवींद्र गंझू उर्फ आक्रमण से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) चार दिनों तक पूछताछ करेगी। रांची एनआईए के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार को एनआईए की ओर से दायर रिमांड के आवेदन पर यह आदेश दिया है। एनआईए की ओर से 10 दिनों की रिमांड मांगी गई थी, लेकिन कोर्ट ने चार दिनों की रिमांड दी है।

अपराधियों ने घर के बाहर सो रही महिला को मारी गोली, मौत

नवीन मेल संवाददाता। छतरपुर

थाना क्षेत्र के ग्राम बाघामाड़ा टोला बोहला में शुक्रवार की रात करीब 11 बजे अज्ञात अपराधियों ने एक अधेड़ महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान विमला देवी (55 वर्ष) पत्नी हरि भुइयां के रूप में हुई है। घटना के वक्त वह घर के बाहर सो रही थीं। मृतका के पुत्र राकेश कुमार भुइयां ने बताया कि रोज की तरह उसकी मां घर के बाहर सो रही थीं, तभी अचानक कुछ अज्ञात अपराधी आए और गोली मारकर फरार हो गए। गोली कान के पास लगकर दूसरी ओर से निकल गई थी। गोली की आवाज सुनकर जब परिजन बाहर निकले तो विमला देवी तड़प रही थीं। घटना की सूचना पाकर छतरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया।

- पुलिस ने किया खोखा बरामद, जांच में जुटी टीम

पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। राकेश ने बताया कि घटना के समय घर के अन्य सदस्य भाई मुकेश कुमार के ससुराल कालापहाड़ गांव में एक शादी समारोह में गए हुए थे। वहीं बाघामाड़ा गांव में भी एक बारात आई हुई थी, जिससे घर आसपास शोरगुल था। शेष पेज 11 पर

अरुणाचल में 3.4 तीव्रता का भूकंप

इटानगर (हि.स.)। अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में शनिवार को दोपहर बाद मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार दिन में 03 बजकर 11 मिनट 36 सेकेंड पर मध्यम तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई। फिलहाल भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में जमीन से 12 किलोमीटर नीचे स्थित था।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

हेमंत सरकार की 'अबुआ आवास योजना' से पूरा हो रहा अपने घर का सपना

रांची के 3533 लाभार्थियों को मिला अबुआ आवास अन्य जिलो में तैयारी

- रांची के उपायुक्त ने फीता काटकर कराया उनका गृह प्रवेश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बहुत खुश हैं सर हमलोग..., सोचे भी नहीं थे कि अपना घर बना पाएंगे..., लेकिन सरकार ने यह सपना भी पूरा कर दिया। पहले हमलोगों का खपरैल घर था, 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में जो कैंप लगा था, उसमें फॉर्म भरे थे..., अब अपना घर मिल गया है। सबको बहुत-बहुत धन्यवाद, सरकार को धन्यवाद। रांची के नगड़ी प्रखंड के साहेर पंचायत निवासी अजय नायक और उनकी पत्नी की खुशी का ठिकाना नहीं था।

अजय नायक के घर शनिवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री अबुआ आवास योजना अंतर्गत 'गृह प्रवेश' कार्यक्रम को लेकर उनके आवास पहुंचे थे।

उन्होंने जिला परिषद अध्यक्ष, सदस्य एवं लाभुक के साथ फीता काटकर उनका गृह प्रवेश कराया। इस दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान रांची जिले के सभी 18 प्रखंडों में अबुआ आवास योजना के लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। पूरे जिले में कुल 3,533 लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। इस मौके पर सभी प्रखंडों में स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। शेष पेज 11 पर

मंईयां सम्मान की राशि से आर्थिक स्थिति मजबूत करें लाभार्थी : डीसी

'गृह प्रवेश' कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंईयां सम्मान से स्वावलंबी बनने की बात कही। योजना की लाभुकों से उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह मिलने वाले ढाई हजार की सम्मान राशि से वे अपनी आर्थिक स्थिति और मजबूत कर सकती हैं। जिला प्रशासन योजना की लाभुकों को अंडा उत्पादन और बकरी पालन के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। अप्रैल तक मंईयां सम्मान योजना के 3,051 लाभुकों के बीच 1,59,300 चूजे और 350 लाभुकों के बीच 730 बकरियों का वितरण किया गया है।



सीएम ने गरीब और बेघरों के लिए शुरू की अबुआ आवास योजना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के गरीब और बेघर नागरिकों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू की। यह योजना गरीबों के अपने घर का सपना साकार कर रहा है। योजना के तहत लाभार्थियों को दो लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है, जिससे कि वे पक्का घर बना सकें। यह योजना उन परिवारों के लिए है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी नहीं हैं। सरकार ने इस योजना द्वारा 20 लाख परिवारों को पक्के मकान देने का लक्ष्य रखा है। हेमंत सोरेन सरकार चाहती है कि राज्य में कोई भी व्यक्ति बेघर न रहे।

केंद्र ने दिया अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को चिह्नित करने का निर्देश

झारखंड से निकाले जाएंगे रोहिंग्या और बांग्लादेशी

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

रांची। भारत में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्या (म्यांमार निवासियों) को उनके देश डिपोर्ट करने के लिए एक पूरी प्रक्रिया बनाई है। इसके तहत सभी जिलों में अवैध तरीके से रह रहे ऐसे विदेशियों को चिह्नित कर उन्हें होल्डिंग सेंटर में रखने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव को भी पत्र भेजा है। इसमें झारखंड में अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में यह भी निर्देश दिया कि है कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या को चिह्नित करने के लिए राज्य के हर जिले में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाए। उसके बाद एक होल्डिंग सेंटर बनाएं।

बता दें कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को देश से बाहर भजेने के लिए बड़ी कार्रवाई शुरू की गई है।

- केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव को भी भेजा है पत्र
- चिह्नित करने के लिए हर जिले में स्पेशल टास्क फोर्स के गठन का है निर्देश

केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी किए गए पत्र में लिखा गया है कि केंद्र के पास संघीय पुलिसिंग की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सभी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें चिह्नित जगह पर रखें और फिर डिपोर्ट की कार्रवाई शुरू करें। चिह्नित प्रवासियों के मूवमेंट पर रोक लगाना राज्य सरकार के अधीन होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लिखे गए पत्र में यह भी बताया गया है कि अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को डिपोर्ट करने के लिए एक होल्डिंग सेंटर का निर्माण करें। शेष पेज 11 पर

आज / कल

जेएससीए का चुनाव आज, तैयारियां पूरी

नवीन मेल डेस्क

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) का रविवार (18 मई) को होने वाले चुनाव को लेकर यहां सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जेएससीए मैदान रांची में रविवार को सुबह 8:00 बजे से दिन में 1:00 तक मतदान होगा और शाम तक परिणाम आ जाएंगे। चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की अगुवाई वाली टीम का सीधा मुकाबला एसके बेहरा की टीम से है। दोनों पक्षों के उम्मीदवार लगातार वोटरों से संपर्क साध कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। दोनों ही टीमों ने चुनावों को लेकर अपनी प्राथमिकताएं गिनाई हैं और अपना घोषणा पत्र भी जारी कर दिया है। 'द टीम' की ओर से अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हमारी प्राथमिकता जेएससीए में पारदर्शिता लाना और राज्य में क्रिकेट से जुड़े लोगों और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देना है। स्वर्गीय अमिताभ चौधरी के नक्शे कदम पर चलने की कोशिश होगी, ताकि खेल और खिलाड़ियों का विकास हो। वहीं, एसके बेहरा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता राज्य में क्रिकेट को बुलंदियों तक पहुंचाना है। इसके अलावा, संघ में भाई-भतीजावाद खत्म करना होगा। जेएससीए चुनाव के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि जेएससीए चुनाव को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

टीम शाहदेव के उम्मीदवार

अध्यक्ष : अजय नाथ शाहदेव, **उपाध्यक्ष :** संजय पांडे, **सचिव :** सौरभ तिवारी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), **संयुक्त सचिव :** शाहबाज नदीम (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर) **कोषाध्यक्ष :** अमिताभ घोष।

टीम बेहरा के उम्मीदवार

अध्यक्ष : एसके बेहरा, **उपाध्यक्ष :** नंदू पटेल, **सचिव :** एसबी सिंह, **कोषाध्यक्ष :** सौम्या सेन, **संयुक्त सचिव :** राजकुमार शर्मा।

हुसैनाबाद में वज्रपात से युवक की मौत, 3 झुलसे

हुसैनाबाद (पलामू)। पलामू जिले के हुसैनाबाद अंचल क्षेत्र की जमुआ पंचायत के माधेकचहरी गांव के पास शनिवार को वज्रपात की चपेट में आने से 17 वर्षीय युवक ओमप्रकाश चंद्रवंशी की मौत हो गई, जबकि तीन लोग झुलस गए। हुसैनाबाद क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश और वज्रपात भी हुआ। मृतक और झुलसे सभी लोग आम के पेड़ के नीचे थे। वज्रपात की घटना के बाद मृतक के परिजनों ने उसे आनन फानन में अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया, जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल रामाशीष पासवान, बादल कुमार और रवींद्र पासवान का इलाज एक निजी क्लिनिक में किया जा रहा है।

लोस अध्यक्ष ओम बिरला 25 मई को आएंगे रांची

नवीन मेल डेस्क

रांची। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला आगामी 25 मई को रांची आएंगे। उसी दिन दोपहर में चैंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर के प्लैटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे। चैंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है।भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आमंत्रण पर लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में भाग लेने की अपनी अनुमति प्रदान की है। 25 मई की शाम 5:00 बजे लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रांची लौटेंगे।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि रांची में शाम पांच बजे स्वर्ण भूमि सभागार डांगरा टोली में लोकसभा अध्यक्ष का भव्य नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इस नागरिक अभिनंदन में रांची शहर के कई संस्थाएं और रांची शहर के विभिन्न गण्यमान्य लोग और सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। 25 मई की रात्रि विश्राम के बाद 26 मई को लोकसभा अध्यक्ष पुनः दिल्ली के लिए रवाना होंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला का पहली बार झारखंड दौरा हो रहा है। इसे लेकर रांची में सामाजिक संगठनों की ओर से उनके भव्य नागरिक अभिनंदन की तैयारी की जा रही है।

- चैंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर के प्लैटिनम जुबली समारोह में लेंगे भाग
- 25 मई की संध्या रांची में होगा उनका भव्य नागरिक अभिनंदन

इंडिया

बहुत बढ़ी हैं बिजली गिरने से मौत की घटनाएं, जागरूकता ही बचाती है

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत और झारखंड में बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि चिंताजनक है हाल ही में सीआरपीएफ के माओवादी विरोधी अभियान के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सेकंड इन कमांडर महारबाम प्रभुसिंह की मौत चाईबासा में हो गई। ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने की वजह से 9 लोगों की मौत हो गई । गुमला में 2023 में बिजली गिरने से 30 लोगों की मौत हुई थी । एनसीआरबी के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाली 8,060 आकस्मिक मौतों में से लगभग 36% या 2,886 मौतें 2022 में बिजली गिरने के कारण हुईं, जो 1967 में 1,165 थीं। पिछले साल मार्च और अप्रैल के बीच मौतों में 184 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई । लाइटनिंग रेजिलिएंट इंडिया कैंपेन के वैज्ञानिक कर्नल संजय श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) के अनुसार जलवायु परिवर्तन बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि का कारण है 'यह वनों की कटाई, जल निकायों में कमी, शहरीकरण, प्रदूषण के कारण एरोसोल के स्तर में वृद्धि, बड़े पैमाने पर खनन, औद्योगीकरण सहित अन्य कारकों से बढ़ता है।'दो दशकों में बिजली गिरने से होने वाली मौतों के विश्लेषण से पता चलता है कि उनके दोपहर में होने की संभावना अधिक होती है। बिजली गिरने का शिकार ग्रामीण (96%) किसान, मवेशी चराने वाले और जंगल के शिकारी हैं।जनसंख्या के अलावा झारखंड, बंगाल की खाड़ी के करीब स्थित है और छोटानागपुर पठार में ऊबड़-खाबड़ जमीन है, जबकि ओडिशा में खुले में खनन और औद्योगीकरण का असर बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि पर पड़ सकता है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार "अगर अत्यधिक गर्मी के कारण जमीन अधिक गर्म हो जाती है, और मॉनसून की बारिश तपती धरती के संपर्क में आती है। ऐसे में आधे घंटे से तीन घंटे के भीतर बिजली गिरना शुरू हो जाती है।' भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व महानिदेशक केजे रमेश के अनुसार 'अगस्त

और सितंबर में बिजली अधिक गिरती है क्योंकि ये भारी बारिश के महीने होते हैं।'विशेषज्ञों का कहना है कि जागरूकता और बिजली से बचाव के उपायों से मौतों को पूरी तरह से रोका जा सकता है। दामिनी नामक मोबाइल ऐप बिजली गिरने की 40 किमी के दायरे में जीपीएस अलर्ट भेजता है। एप में सावधानियां भी बताई गई हैं। पांच तरीकों से बिजली के कहर से बच सकते है- बारिश के दौरान खेतों, खुले मैदानों, पेड़ों या किसी ऊंचे खंबे के पास न जाएं, क्योंकि इन पर बिजली गिरने की संभावना सबसे अधिक होती है।तेज बारिश हो हो और बादल गरज रहे हों तब झीलों, नदियों और तालाब जैसी जगहों से दूर रहें। इन खुली जगहों पर बिजली गिरने का खतरा अधिक रहता है। आंधी के दौरान बिजली के उपकरणों, जैसे लैंडलाइन फोन, कंप्यूटर, या अन्य प्लग-इन डिवाइस का उपयोग करने से बचें, क्योंकि बिजली तारों के माध्यम से फैल सकती है और खतरा पैदा कर सकती है। तूफान बीत जाने के बाद भी, तुरंत बाहर ना निकलें। कम से कम 30 मिनट तक इंतजार करना जरूरी है। बिजली देर से गिर सकती है, और जब तक तूफान और बिजली चमकना पूरी तरह से बंद नहीं हो जाए तब तक खतरा बना रह सकता है।जमीन के सीधा संपर्क से बचें और खाट या फिर बेड पर रहें।

या फिर जमीन पर नंगे पैर न रहें। रबर की चप्पलों का प्रयोग करें।बिजली कड़कने पर घर में आश्रय लें, टिन या धातु से बनी छत वाले मकानों से दूर रहें।खुले आसमान के नीचे हों तो तुरंत छुप जाएं जमीन पर न लेटें।कभी भी पेड़ के नीचे न खड़े हों और एक स्थान पर भीड़ न लगाएं, सभी फैलकर खड़े हों।कार/बस या ढके हुए वाहन के अंदर हैं, तो वहीं रहना सुरक्षित है।घर के बाहर धातु की वस्तुएं इस्तेमाल न करें, बिजली और टेलीफोन के खंबों से दूर रहें।बिजली कड़कने के दौरान घर के अंदर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्लग निकाल दें और खिड़कियों और दरवाजें से दूर रहें और खुले में खड़े न हों।प्लंबिंग और लोहे के पाइपों को न छुएं। साथ ही नल से बहते पानी का इस्तेमाल न करें। जब भी आप खराब मौसम में घर से बाहर जाएं या घर के अंदर रहें और आपके सिर पर बाल खड़े हो जाएं और त्वचा में झुनझुनी होने लगे तो समझ जाएं कि आपको करंट लग सकता है। इस कारण तुरंत झुक जाएं और अपने कानों को हाथों से ढक लें। कुल मिलाकर यदि आपकी गर्दन के पीछे के बाल खड़े हो जाएं तो समझें कि बिजली गिरने वाली है। पहले लोग अपनी इमारतों में ऊपर एक त्रिशूल जैसी आकृति कुछ लोग साईकिल की रिम भी लगाते थे, जिसे तड़ित-चालक कहा जाता था, उससे बिजली गिरने से काफी बचत होती थी, असल में उस त्रिशूल आकृति से धातु का एक मोटा तार या पट्टी जोड़ी जाती थी और उसे जमीन में गहरे गाड़ा जाता था, ताकि बिजली उसके माध्यम से नीचे उतर जाए और इमारत को नुकसान न हो।

सटीक और साहसिक सैन्य कार्रवाई

'ऑपरेशन सिंदूर' हर भारतीय सैनिक के लिए गर्व का क्षण है

07 मई 2025 को भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी ठिकानों पर एक सटीक और साहसिक सैन्य कार्रवाई की। यह जवाब उन 26 निर्दोष नागरिकों की शहादत के प्रतिशोध में दिया गया, जो पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में मारे गए थे। एक सैनिक के रूप में, जिसने अपने जीवन में कई बार देश की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी है, मैंने इस ऑपरेशन को गर्व और सम्मान की भावना से देखा। यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि दुनिया को यह संदेश था कि भारत अपनी सरजमीं पर आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सबसे

सुबेदार मेजर अरुण कुमार सहार (सेवानिवृत्त)।

बड़ी विशेषता थी थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच अद्वितीय तालमेल। वायु सेना ने बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय समेत नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। थल सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पूरी मुस्तैदी के साथ निगरानी और मोर्चा संभाला, जबकि नौसेना ने अरब सागर में समुद्री निगरानी और रणनीतिक दबाव बनाए रखा, जिससे किसी भी शेष पेज 11 पर

एक नजर

वज्रपात की चपेट में आने एक की मौत, तीन घायल

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जमुआ पंचायत के माधेकचहरी गांव के पास शनिवार को तेज आंधी और वर्षा के साथ हुई बज्रपात में एक युवक की मौत और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश चंद्रवंशी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया ,जहां चिकित्सक ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल चौकीदार रामाशीष पासवान (57), रवींद्र कुमार (22)वर्ष, बादल कुमार 17 वर्ष का इलाज एक निजी क्लिनिक में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अचानक तेज आंधी के साथ वर्षा होने लगी चारों लोग के एक पेड़ के नीचे खड़े थे इसी बीच बज्रपात होने से चारों उसकी चपेट में आ गए, इस घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही जमुआ पंचायत के पूर्व मुखिया अरविंद पासवान, राजद के वरिष्ठ नेता रवि यादव ने अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना दी।

एसडीएम ने पेय जलापूर्ति को लेकर बैठक की

पांडू। प्रखंड सह अंचल परिसर में सदर एसडीएम सुलोचणा मीणा ने पेयजल समस्याओं को लेकर बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया पांडू, विश्रामपुर, उंटारी रोड़ प्रखंड के सभी पंचायतों और सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्या की निदान के लिए समीक्षा बैठक रखा गया था। नल जल योजना, जलमीनार, चापानल सभी का मरम्मत किया जाएगा। खराब चापानल व जलमीनार को ठीक करा कर जलापूर्ति कराने का निर्देश दिया गया है। मौके पर पांडू, विश्रामपुर, ऊंटारी रोड़ के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मौजूद थे।

घर में आग लगने से एक लाख का नुकसान

चैनपुर। थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा में शुक्रवार की रात कृष्णा राम चंद्रवंशी के घर में आग लग जाने से घर में रखा नकद सहित कपड़ा,अनाज व बरतन जलकर खाक हो गया। कृष्णा राम चंद्रवंशी नें बताया कि वह शादी-ब्याह में खाना बनाने व मजदूरी का काम करता है। शुक्रवार की रात 12 बजे उसके घर में आग लग गई। आग पूरे घर में फैल गया था। कुछ ग्रामीण की मदद से आग बुझाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था। आग लगने में करीब एक लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गयी। आगलगने की सूचना मिलने के बाद पंचायत के मुखिया संतोष कुमार दुबे उर्फ पपलू दूबे घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने का अश्वासन दिया। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा नें बताया कि पूर्वडीहा से किसी के विरूद्ध कोई आगलगी का कोई आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है। आवेदन मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

देशी कट्टा के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

लूटपाट की घटना को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने दबोचा

नवीन मेल संवाददाता

नीलाम्बर पीतांबरपुर। लेस्लीगंज पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अवैध हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लेस्लीगंज बजार में कुछ संदिग्ध युवक देशी कट्टा लेकर घूम रहे हैं। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वयं व एएसआई अजय कुमार सहित सशस्त्र बलों के साथ प्राप्त सूचना स्थल पर छापेमारी के लिए निकले थे। लेस्लीगंज बाजार के ढ़ेला रोड में स्थित बाबू हेयर कटिंग सैलून दुकान पहुंचने पर तीन युवक पुलिस की वाहन देखकर भागने लगे। मौके पर मौजूद सशस्त्र बल के जवानों ने दौड़कर तीनों को पकड़ा लिया। गिरफ्तार अपराधियों में अंकेश भुइयां 25 वर्ष पिता प्रमोद भुइयां ग्राम सतौवा थाना पाटन, कुलदीप कुमार 18 वर्ष पिता जंगी भुइयां, जीतेन्द्र भुइयां 18 वर्ष पिता लालधारी भुइयां दोनों अखौरी पतरा थाना लेस्लीगंज के नाम शामिल हैं। तलाशी लेने के क्रम में जितेंद्र भुइयां के कमर से एक देशी लोडेड कट्टा, जिन्दा कारतूस, स्मार्टफोन, एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने हथियार का इस्तेमाल किसी योजना के तहत अनजान पैसा वाले व्यक्ति से लूटपाट कर सकते थे। पुलिस तीनों को हिरासत में लेने के बाद आगे की कार्रवाई कर रही है। लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा ने पत्रकारों कों बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया।

अंतर बालक-बालिका ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रतियोगिता 21 से

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। अंतर विद्यालय ग्रीष्म कालीन बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन समता विद्यालय परिसर में आगामी 21 से 23 मई तक आयोजित की जाएगी। आयोजन समिति के संरक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि इस कबड्डी प्रतियोगिता में प्राईवेट विद्यालय के एक दर्जन विद्यालय के बालक-बालिका शामिल होंगे। उन्होंने विद्यालय के खेल शिक्षक को ससमय छात्र-छात्राओं को लेकर समता विद्यालय में पहुंचेंगे । यह प्रतियोगिता सुबह सात बजे से नौ बजे तक आयोजित की जाएगी।

आंगनबाड़ी सेविका का चयन

मोहम्मदगंज। कादलकुर्मी पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती माहुर गांव में सुषमा देवी का आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका के रूप में चयन किया गया है। इसके लिए आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें हुसैनाबाद के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिका प्रेमलता कुजूर के अलावा मुखिया अनीता सहित कई ग्रामीण शामिल थे। बताया गया 6 दावेदारों में से योग्यता के आधार पर सुषमा देवी को चयन किया गया।

दो आरोपियों के घर चिपका इश्तेहार

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। पुलिस ने शुक्रवार की शाम सलैयाटीकर गांव में दो फरार आरोपियों के घर न्यायालय मेदिनीनगर के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि हैदरनगर थाना के आरोपी दिनेश रजवार पिता स्व. भूलन रजवार और नंदा रजवार पिता अर्जुन रजवार दोनों पता सलैयाटीकर, थाना हैदरनगर जिला पलामू के घर के अलावा ग्रामीण पंचायत सचिवालय और अन्य सार्वजनिक जगह पर न्यायालय में आत्मसमर्पण कराने को लेकर इश्तेहार चस्पा किया गया है। उक्त कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर सअनि जितेंद्र कुमार और शहाबुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कई बार इनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया है। किन्तु उक्त आरोपी लगातार घर से फरार पाए गए है। इस सूचना के बावजूद उक्त आरोपी ने माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं किया तो आगे की कार्रवाई की जायेगी।

आज मंदिर में होनी थी शादी, प्रेमी संग दुल्हन हुई फरार

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र में युवक युवतियों के बीच प्रेम और प्रेमी संग फरार होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। शनिवार को ऐसा ही एक मामला सामने आया। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के एक मुहल्ले में एक लड़की की शादी शनिवार को मंदिर में होने वाली थी। मगर बारात आने से पहले ही दुल्हन किसी मुहल्ले के युवक के साथ फरार हो गई। अब आगे क्या होगा यह तो समय बताएगा। मगर उस परिवार पर आज जो पहाड़ टूटा है, उसकी भरपाई शायद कभी नहीं हो पाएगी। आस पड़ोस में जो बदनामी हुई, वह अलग। इस तरह की घटनाएं धीरे धीरे बढ़ती जा रही है। माता- पिता बच्चों को लेकर हमेशा संशय में रहते हैं। साथ ही इस घटना की मौखिक सूचना थाना को भी दी गई हैं।

सरकारी अस्पतालों के लिए खरीदी गई दवाओं की जांच की गई

सिविल सर्जन ने जनवरी में ही औषधि निरीक्षक को लिखा था पत्र

जांच रिपोर्ट आने तक स्टोर रूम में ही रखी गई है दवा

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सरकारी अस्पताल के लिए खरीदी गई दवाओं की जांच के लिए पलामू के सिविल सर्जन ने 2 जनवरी को ही पलामू के औषधि निरीक्षक को पत्र लिख कर दवाओं की गुणवत्ता की जांच कराने का निर्देश दिया था। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने औषधि निरीक्षक पलामू को पत्र लिख कर कहा था कि 2024-25 में निविदा द्वारा खरीदी गई दवाओं की विवरणी साथ दी गई थी। सिविल सर्जन ने बताया कि उन्होंने दवाओं की गुणवत्ता जांच का आदेश औषधि निरीक्षक को दिया, जिसके आलोक में उन्होंने दवाओं की जांच कराने का काम किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूरी पारदर्शिता के साथ एल वन होने वाले फर्म से दवा की खरीद की। मगर फर्म द्वारा उपलब्ध कराई गई दवाओं की जांच उन्होंने इस लिए कराना उचित समझा कि जो दवा आपूर्ति की गई है, वह मानक के मुताबिक है या नहीं। उन्होंने कहा कि औषधि निरीक्षक ने जांच करने में देरी की। उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद दवाओं की जांच का आदेश पत्र के साथ दवाओं की सूची भी दिया है, इसमें उन्होंने कहीं से कोई लापरवाही नहीं की है। उन्होंने बताया कि अगर उनकी मनसा साफ नहीं होती तो वह औषधि निरीक्षक को दवाओं की सूची के साथ जांच का आदेश क्यों देते। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ लोग उनके साथ षडयंत्र कर रहे हैं। इसकी जांच होने पर स्पष्ट हो जाएगा कि इसमें कौन गलत और कौन सही है उन्होंने कहा कि आपूर्ति कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

खरीदी गई दवा मानक के अनुरूप नहीं

पलामू स्वास्थ्य विभाग की जांच में अब तक 21 दवा सब स्टैंडर्ड मिले है। सोमवार को 18 दवा सब स्टैंडर्ड पाया गया था। पलामू ड्रग इंस्पेक्टर को मिले रिपोर्ट में अब इसकी सूची बढ़कर 21 तक पहुंच गई है। पलामू के ड्रग इंस्पेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के स्टोर रूम व तरहसी सीएचसी से 62 अलग-अलग प्रकार की दवा का सैंपल लिया था। सभी दवा को जांच के लिए सेंट्रल लैब कोलकाता भेजा गया था। सेंट्रल लैब की तरफ से धीरे-धीरे रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जा रही है। इस रिपोर्ट में अब तक 21 दवाओं को सब स्टैंडर्ड पाया गया है। सभी दवा मानक के अनुरूप नहीं हैं और मरीज को यह नुकसान पहुंचा सकते थे। यह जांच पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार के पत्र के आलोक में कराई गई है। पलामू के औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा ने बताया कि कई दवाओं की रिपोर्ट आना बाकी है। अब तक 21 दवा सब स्टैंडर्ड मिली है। उन्होंने बताया कि 46 दवाओं की रिपोर्ट जल्द आने की उम्मीद है। सिविल सर्जन ने बताया कि गुजरात की एक कंपनी ने टेंडर के बाद दवा सप्लाई का कार्य शुरू किया था। पलामू स्वास्थ्य विभाग ने सप्लाई हुए दवाओं का सैंपल लिया था और जांच के लिए भेज दिया था। पलामू स्वास्थ्य विभाग ने पूरे मामले में कार्रवाई के लिए भी लिखा है। कंपनी से दवाओं को वापस लेने के लिए भी कहा है। पलामू स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन के अनुसार यह दवा मरीजों के बीच वितरण नहीं किया गया था, बल्कि जिला के स्टोर रूम और सीएचसी के स्टोर रूम में रखा गया था। क्योंकि जनवरी में जांच के लिए औषधि निरीक्षक को पत्र लिख कर दवाओं की जांच का आदेश दिया गया था। जांच रिपोर्ट सही आने के बाद ही दवाओं को वितरण किया जाता है।

ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पर खबर का असर, बीच खेत से विभाग ने हटाया ट्रांसफार्मर



नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। प्रखंड के बभंडी पंचायत के गोल्हना गांव में वर्षों से खेतों के बीच स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर को लेकर ग्रामीणों की सतत आंदोलन और मांग पर विभाग ने विराम लगाने का काम किया है। इससे ग्रामीणों और सुरक्षित खेती कार्य के प्रति किसानों में खुशी है। इस मामले को ग्रामीणों ने वर्षों से जोरदार तरीके से मीडिया में अपनी बात रखने का आंदोलन जारी रखा। अंततः विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो की पहल पर सुरक्षित स्थानों पर इसके लिए डीपी तैयार कराकर ट्रांसफार्मर स्थापित कराया है। उन्होंने ने स्थल का भौतिक निरीक्षण के बाद ट्रांसफार्मर को सुरक्षित और ऊंचे स्थान पर सफलता पूर्ण स्थानांतरित कराया है। इससे पूर्व सतत खतरे की आशंका से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिली है। पूर्व में ट्रांसफार्मर खेतों के मध्य आहर क्षेत्र में स्थापित था, जहां बरसात के समय जल जमाव आम बात थी। इससे न केवल ट्रांसफार्मर की मरम्मत और रखरखाव करना भी कठिन ही नहीं, बल्कि दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती थी। इससे किसान न केवल बिजली आपूर्ति को लेकर चिंतित थे, बल्कि खेती में भी असुविधा का सामना करते थे। इस गांव के विद्युत उपभोक्ता इस समस्या को लेकर वर्षों से विभाग को आवेदन देकर उपकरण हटाने की मांग पर अड़े रहे। अंततः उन्हें सफलता मिल ही गई। उन्होंने विभागीय अभियंता के प्रति उनकी मांग पूरी होने और त्वरित कार्रवाई पर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इससे अब न केवल बिजली आपूर्ति की गुणवत्तायुक्त और बेहतर होगी, बल्कि उपकरण की मरम्मत और रखरखाव भी आसान होगा। साथ ही इस गांव में सतत सुरक्षित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति की उम्मीद भी बंधी है।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पहल पर पनशाला का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। प्रखंड स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन आवासीय विद्यालय के मुख्य गेट पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पहल पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पनशाला का उद्घाटन गुरुकुल एजुकेशन ट्रस्ट के सौजन्य से किया गया। पनशाला का उद्घाटन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखड के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, वरिष्ठ सदस्य उमेश कुमार गुप्ता ने राहगीरों को पानी पीला कर संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद उपस्थित अविनाश वर्मा ने कहा कि एसोसिएशन अपने कार्यों के साथ सामाजिक क्षेत्र में भी लगातार कार्य करता आ रहा है और आज उसी का परिणाम है की प्रतिदिन सदस्य विद्यालयों के द्वारा इस भीषण गर्मी में पनशाला का उद्घाटन किया जा रहा है। मौके पर अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार ने भी इस पुनीत कार्य के लिए विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक सिकंदर आजम, विद्यालय के निदेशक अब्दुल हक के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व सहकर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

ट्रेड में ट्रेनिंग व जॉब के लिए 23 को भेजे जाएंगे

मोहम्मदगंज। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण और नौकरी के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 23 मई को जिला मुख्यालय से संबंधित स्थानों पर भेजा जाएगा। इस संबंध में जेएसएलपीएस के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने जानकारी देते संस्था के समूह, ग्राम संगठन और पंचायत प्रतिनिधियों से ट्रेनिंग और जॉब के इस अवसर का लाभ उठाकर स्वावलंबन के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों और उनके माता-पिता से बात कर उन्हें उनके मोबाइल नंबर 9973643701 सूचित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि चाहें, तो सभी कैंडिडेट सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी कैंडिडेट को थाना, ब्लॉक और जिला के माध्यम से सत्यापित करने के बाद भेजा जाएगा। इस मौके पर माता-पिता अथवा अभिभावक की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

सराहनीय है पलामू एसपी का कार्य : सुधीर

ऊंटारी रोड़। पलामू जिले के पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन को कांग्रेस नेता सुधीर कुमार चन्द्रवंशी ने त्वरित कार्रवाई के लिए बधाई दी है। उन्होंने बताया की एसपी कार्यकाल में बहुत ही त्वरित करवाई की जा रही है। पलामू एसपी के द्वारा पलामू जिला के लिए हमेशा सराहनीय कदम रहा है। विश्रामपुर और रेहला में बालू का अवैध धंधा के कारण सरकार के राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है। एसपी के द्वारा अच्छी पहल रहा की इस अवैध धंधे में संलिप्त रेहला थाना प्रभारी पर तत्काल कार्रवाई किया गया। उन्होंने कहा की एसपी के पास बहुत से जनता का समस्या पहुंच नहीं पाता है, जिससे कार्रवाई नहीं कर पाती है। कुछ गंभीर मामले ऐसे है, जो लोगों के परेशानी का सबब बनता है तो उस मामले मे एसपी हमेशा जनता के साथ हैं। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन बंद होना चाहिए, परंतु कई मामले मे जहां ग्रामीणों को बालू की अति आवश्यकता है, उसके लिए कोई व्यकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। अवैध उत्खनन और ट्रैक्टर मालिकों से अवैध वसूली बंद होना चाहिए। बेरोजगारी को देखते हुए ट्रैक्टर मालिक व ड्राइवर को कम से कम सजा होना चाहिए , क्योंकि बेरोजगारी की समस्या और बढ़ सकती है।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात

राजनीति नहीं, जनहित की बात हुई मुख्यमंत्री से: ऋषीकेश सिंह

हुसैनाबाद। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सह पलामू जिले के हुसैनाबाद निवासी ऋषीकेश सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक अत्यंत सार्थक, सौहार्द्रपूर्ण मुलाकात कर राज्य की जनहित को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह भेंट केवल शिष्टाचार तक सीमित न रहकर, राज्यहित के कई अहम मुद्दों पर गंभीर और समाधानोन्मुखी विमर्श का माध्यम बनी। इस मुलाकात में राजनीति की ही नहीं, बल्कि राज्य के जनहित के मुद्दों पर भी बात हुई। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष मंइयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, कृषि ऋण माफी योजना, बिजली बिल माफी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानों आशीर्वाद योजना, ग्राम गाड़ी योजना, युवाओं के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना, ग्रीन कार्ड योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना व और भी जनता से जुड़े जनकल्याणकारी योजनाओं से लाखों जरुरतमंद को फायदा पहुंच रहा है। उसके लिए धन्यवाद किया और साथ ही बालू नीति में पारदर्शिता, जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जमीनी अनुभव साझा किए गए। ऋषीकेश सिंह ने विशेष रूप से युवाओं की पीड़ा और आकांक्षाओं को मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से रखा और कहा कि योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब वे समय पर, बिना भेदभाव के और पारदर्शी ढंग से जरूरतमंदों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पूरी प्रतिबद्धता से आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि यह मुलाकात संवाद, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ झारखंड के नवनिर्माण की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जाएगी।

भीम चूल्हा पर्यटक स्थल के समक्ष खंदक बन सकता है हादसा का कारण

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। पर्यटक स्थल के दृष्टिकोण से विकसित भीम चूल्हा पार्क के समक्ष काफी लंबा और गहरा खंदक कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसके बावजूद इसे पाटने का काम इस ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल को विकसित किए जाने के 5 साल बाद भी नहीं किया गया है। जबकि मकर संक्रांति पर भारी भीड़ के साथ मेला भी लगता है। नये साल पर जश्न का माहौल बन जाता है। तब मेला, पार्क और मंदिर तक इस खंदक पर बने संकरे पुल से होकर आना-जाना जोखिम भरा बन जाता है। पुल से गुजरते लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर पुलिस बल को काफी मशक्कत और मेहनत करनी पड़ती है। यही वह समय होता है, जब हादसे की संभावना जताई जाती है। इस स्थल की ऐसी जोखिम भरी स्थिति को ध्यान में रखते हुए लोगों ने जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में भीमचूल्हा और निरीक्षण भवन को अपग्रेड करने को लेकर डीपीआर तैयार करने के निर्णय के आलोक में इस समस्या का समाधान भी निकालने का आग्रह किया है। बता दें कि पर्यटक स्थल घोषित किए जाने से पहले ही कादल गांव को बरसात में भारी जलजमाव के खतरे से बचाने को लेकर इस खंदक की खुदाई की गई थी।

जल सहियाओं की कल बैठक में देनी होगी खराब नलकूप, चापानल व जलमिनार की स्थिति

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के सभागार में जल संचयन व संरक्षण के कार्यों की समीक्षा सभी जल सहिया की बैठक में की गई है। साथ ही ग्रामीणों के के बीच चलाये गये सतत जागरुकता कार्यक्रम की स्थिति की जानकारी प्रखंड वाश समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने इस बैठक में ली है। उन्होंने उपस्थित उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया के कार्यों के प्रति अभार जताकर समस्त जल सहिया से पूरे हौसला के साथ कार्य क्षेत्र में अपने कर्तव्य, समर्पण व निष्ठा भाव से काम जारी रखने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में खासकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य स्वच्छ व स्वस्थ बहाल रखने के लिये ससमय जल की गुणवत्ता की जांच करना जरुरी बताया है। इससे नाना प्रकार के रोगों से उनके गांव के लोगों को ही मुक्ति मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सोमवार को सुबह 10. 30 बजे से जल की समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा करेंगे। जिसमें पंचायत क्षेत्र में विभिन्न मदों से स्थापित सरकारी चापाकल, नलकूप, जलमिनार की स्थिति सभी जल सहिया को स्पष्ट करना होगा। इसमें किस मद से कितनी संख्या में उक्त सुविधा मुहैया होने के बाद कितने जलश्रोत खराब पड़े हैं। संपूर्ण डाटा के साथ इस बैठक में सभी जल सहिया की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है। बैठक में उपस्थित जल सहिया निर्मला देवी, प्रमिला देवी, रिंकी देवी, गीता देवी, रीमा, संगीता देवी, आरती आदि ने संबधित क्षेत्र में खराब पड़े चापाकल, नलकूपों व जलमिनारों की सूची सौंपी है।

सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन, शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में शनिवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कक्षा अरुण से पंचम तक के भैया-बहनों के 84 अभिभावक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के सदस्य सतीश सिंह,आलोक कुमार,अभिभावक प्रतिनिधि राजेश सिंह,प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने संयुक्त रूप से विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चों के उज्जवल भविष्य से संबंधित विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि भैया-बहनों के विकास के लिए विद्यालय कटिबद्ध है,परंतु बिना अभिभावकों के सहयोग के यह कार्य सफल होना संभव नहीं है।अभिभावकों के पास समस्या है कि बच्चों की सारी जरूरत को कैसे पूरा करें । लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है बच्चों को कैसे तैयार करें की वह कठिन चुनौती का सामना सफलतापूर्वक कर सके।इसके लिए आपका सहयोगी विद्यालय है। अभिभावक अपने पाल्य, पाल्या का फीडबैक अवश्य लें।अभिभावक व विद्यालय के बीच के संपर्क पर जोर डालते हुए कहा कि समय-समय पर संपर्क करने व गृह कार्य की जानकारी अथवा अन्य विषयों पर भी दोनों के बीच सही सामंजस्य से ही भैया-बहनों में सकारात्मक विकास संभव है। इस दौरान छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों ने अपने-अपने मंतव्य दिए। गोष्ठी में अभिभावकों ने बढ़चढ़ कर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। सभी अभिभावकों के सुझाव व समस्या के निदान पर चर्चा हुई।

पीएम श्री योजना के तहत कस्तूरबा विद्यालय हुसैनाबाद में हुआ आयोजन

बेटियों ने दिखाया दम, सांस्कृतिक कार्यक्रम में झलकी प्रतिभा

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पीएम श्री प्लस टू कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हुसैनाबाद में शनिवार को पीएम श्री योजना के अंतर्गत एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने की। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी छिपी हुई प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद छात्राओं ने गीत, नृत्य, कविता पाठ और लघु नाटक की प्रस्तुति दी। मोबाइल के दुष्परिणाम पर आधारित नाटक ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया, जबकि लोकनृत्य और देशभक्ति गीतों ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा, बेटियां अब किसी से कम नहीं हैं। वे हर घर की शान हैं और समाज के विकास की मजबूत आधारशिला हैं। यहां की छात्राओं ने जो प्रस्तुतियां दी हैं, वे प्रेरणादायक हैं।उन्होंने सभी छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महुअरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने कहा कि विद्यालय में हो रहे ऐसे आयोजन बेटियों को आत्मबल देते हैं। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि आज की बेटियां सोफिया कुरैशी जैसी महिलाओं से प्रेरणा लेकर देश का नाम रोशन कर सकती हैं। वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सहभागिता को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी छात्राओं, शिक्षकों और अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में छात्राओं की प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की।

सरकारी अस्पताल में मुफ्त नहीं हड्डी जोड़ने की प्लेट, लाचार हुए मरीज

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बोन प्लेट की कालाबाजारी का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सरकारी अस्पतालों की बुनियादी सेवा माने जाने वाली मुफ्त इलाज की व्यवस्था मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मजाक बनकर रह गई है। दुर्घटना में हड्डी टूटने पर आवश्यक बोन प्लेट की व्यवस्था अस्पताल में न होकर मरीजों को बाहर से खुद खरीदनी पड़ रही है, जिससे गरीब व वंचित तबके पर इलाज का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। हालात यह हैं कि अस्पताल में आम दिनों में आने वाले दर्जनों फ्रैक्चर मरीजों में अधिकतर को ऑपरेशन के दौरान बोन प्लेट की आवश्यकता होती है, लेकिन उन्हें मेडिकल दुकानों की ओर भेज दिया जाता है, जहां एक प्लेट की कीमत 10 से 25 हजार तक होती है। और यह सारा खेल उस सरकारी अस्पताल में चल रहा है, जहां मरीज मुफ्त इलाज की उम्मीद में आते हैं।

सिस्टम की पोल खोलते तीन मामले

● **केस स्टडी 1**

पिछले वर्ष लेस्लीगंज के राम पांडेय को भी बाहर से प्लेट मंगाने को कहा गया था। परिजनों के हंगामे के बाद तात्कालिक सुपरिंटेंडेंट की पहल पर उन्हें प्लेट मिली।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के उच्च पदाधिकारियों को इन मामलों की जानकारी होने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे यह सवाल उठता है कि सुधार के नाम पर हो रहे प्रयास महज दिखावा तो नहीं?

अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय कुमार ने कहा कि अगर मामला मेरे संज्ञान में आता है तो मरीज को उचित व्यवस्था दी जाएगी। अगर इसमें किसी कर्मचारी की संलिप्तता पाई गई, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल ,जनहित के नाम पर बने सरकारी अस्पतालों में यदि मूलभूत संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, तो यह व्यवस्था की गहरी विफलता है। जब मरीज ऑपरेशन के लिए प्लेट की व्यवस्था करने में भटक रहा हो और अस्पताल मूकदर्शक बना रहे, तब यह सवाल लाजिमी है, क्या सरकारी स्वास्थ्य तंत्र वाकई गरीबों के इलाज के लिए प्रतिबद्ध है, या फिर यह व्यवस्था केवल दस्तावेजों में ही जीवित है?

कर्मचारियों की मिलीभगत, तय मेडिकल से खरीद की सिफारिश

मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के कुछ कर्मचारियों की मेडिकल दुकानों से साठगांठ है। मरीजों को उन्हीं तय दुकानों से प्लेट खरीदने की सलाह दी जाती है, जिससे इन कर्मचारियों को कमीशन भी मिलता है। यह पूरी व्यवस्था संवेदनाओं और चिकित्सा नैतिकता के खिलाफ है। यह अस्पताल न केवल पलामू, गढ़वा और लातेहार जैसे जिलों, बल्कि छत्तीसगढ़ और बिहार के औरंगाबाद से भी मरीजों का इलाज करता है। इनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की होती है जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। मजबूरी में लोग कर्ज लेकर या जमीन गिरवी रख कर बोन प्लेट की व्यवस्था करते हैं।

● **केस स्टडी 2**

शनिवार को एक जनजातीय व्यक्ति जिसका कोई सहारा नहीं था, उसे भी बोन प्लेट बाहर से लाने को कहा गया। उसकी असमर्थता पर जब मामला बिगड़ने की आशंका हुई, तो आनन-फानन में अस्पताल से ही प्लेट उपलब्ध कराई गई और ऑपरेशन हुआ।

● **केस स्टडी 3** रामगढ़ निवासी कुलदीप मिंज का पैर और कूल्हा टूटा, भर्ती होने पर परिजनों से प्लेट खरीदने को कहा गया।

आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वे असहाय दिखे, फिर भी उन्हें बाहर से प्लेट लाने को मजबूर किया जा रहा है।

लेस्लीगंज की बेटियों ने कैरम प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर लहराया परचम

● आरके +2 हाई स्कूल लेस्लीगंज की अंशु और अर्चना ने अंडर-19 बालिका युगल वर्ग में जीता गोल्ड मेडल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर, लेस्लीगंज। आरके +2 हाई स्कूल लेस्लीगंज की छात्राओं ने राज्यस्तरीय अंडर-19 कैरम बालिका (युगल) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पलामू जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल की दो छात्राएं अंशु कुमारी और अर्चना कुमारी ने टीम बनाकर पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में पलामू जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए दोनों छात्राओं ने सूझबूझ, एकाग्रता और समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। उनके इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह ने दोनों विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता समर्पण, कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने साथ ही खेल शिक्षक विशाल कुमार गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही छात्राओं को यह मुकाम हासिल हुआ है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विद्यालय की बेटियां इसी तरह राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती रहेंगी और जिले का मान बढ़ाती रहेंगी। यह उपलब्धि न केवल लेस्लीगंज, बल्कि पूरे पलामू के लिए गर्व की बात है।

गुरुकुल विद्यालय में विज्ञान व क्राफ्ट प्रदर्शनी, बच्चों के प्रोजेक्ट ने बटोरी सराहना

मेदिनीनगर। गुरुकुल विद्यालय में विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने रचनात्मक प्रोजेक्ट्स और आकर्षक क्राफ्ट का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की रचनात्मकता और सौंदर्य ने सभी आगंतुकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू जिला के सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह रहे। उन्होंने प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान विकसित होता है, जो केवल पुस्तकीय पढ़ाई तक सीमित नहीं रहता। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रैक्टिकल नॉलेज को अपनाने की अपील की। विशिष्ट अतिथियों में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव नयन और डेंटिस्ट डॉ. विनीत कुमार उपस्थित थे। दोनों अतिथियों ने बच्चों के मॉडलों की बारीकी से जानकारी ली और उनके उत्साहवर्धन में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस अवसर पर कठौतिया कोल माइंस की सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती भी मौजूद थीं। उन्होंने भी बच्चों के प्रोजेक्ट्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रहा है। विद्यालय के अध्यक्ष श्री अनुज सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 2000, द्वितीय स्थान को 1500 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 1000 की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

समय पर पावना भुगतान को बताया सेवाकाल के बाद का सुखद अनुभव

विश्रामपुर। विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ मध्य विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक हरिशंकर मिश्र ने जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार से मुलाकात कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने डीएसई को शाल, डायरी और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। मिश्र ने बताया कि सेवानिवृत्ति के पश्चात उनके सभी प्रकार के पावना का भुगतान समय पर और सहज ढंग से किया गया, जो उनके दीर्घ सेवाकाल के उपरांत एक सुखद अनुभव रहा। उन्होंने कार्यालय कर्मियों की सकारात्मक भूमिका की भी सराहना की। डीएसई संदीप कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह उनकी प्राथमिकता होती है कि सेवानिवृत्त शिक्षकों को पावना भुगतान में कोई कठिनाई न हो और उन्हें सम्मान के साथ विदाई मिले। इस मौके पर शिक्षक परशुराम तिवारी, विजय कुमार ठाकुर, लिपिक विनय सिंह, शशिकांत पाण्डेय, प्रशांत कुमार, बलराम कुमार, रामलखन सिंह, मीरा कुमारी व अभिषेक पाठक सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 18 मई को, पलामू में बनाए गए 09 केंद्र

● परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू, सीसीटीवी और बायोमैट्रिक से होगी निगरानी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में 18 मई 2025 (रविवार) को आयोजित होने वाली पॉलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। जिले भर में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 4,546 परीक्षार्थी सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा संचालित की जाएगी, साथ ही परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति भी अनिवार्य होगी। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, डिजिटल डायरी आदि का प्रयोग पूरी तरह वर्जित रहेगा। इसके उल्लंघन पर परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।

उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने परीक्षा को लेकर संयुक्त आदेश जारी करते हुए शांति, सुरक्षा और कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। डीआरडीए

निदेशक-सह-नोडल पदाधिकारी रतन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें सभी केन्द्राधीक्षकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों और उड़नदस्ता-सह-गश्ती दंडाधिकारियों को परीक्षा संचालन से जुड़े निर्देश दिए गए। परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन (बैरिया), एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल (चियांकी), आरके गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय, ब्राइटलैंड स्कूल (बाईपास रोड), एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज (चियांकी), बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय (आबादगंज), वाईएसएनएम कॉलेज और आरके ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय शामिल हैं। इधर परीक्षा के दिन केंद्रों पर निषेधाज्ञा भी लागू रहेगी।

अब पलामू में ही मिलेगी कोटा जैसी कोचिंग एलेन के साथ जुड़ा संत मरियम विद्यालय

● छठी से आठवीं तक के छात्र एलेन कोटा के शिक्षकों से पाएंगे ऑनलाइन गाइडेंस, उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी होगी सशक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के संत मरियम आवासीय विद्यालय ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल करते हुए देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एलेन कोटा से करार किया है। इस करार के तहत अब विद्यालय के छठी से आठवीं तक के छात्र एलेन के अनुभवी शिक्षकों से ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शुरू से ही बेहतर शैक्षणिक माहौल देना है, जिससे वे डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य उच्च पदों के लिए खुद को तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि अब बच्चों को तैयारी के लिए दिल्ली या कोटा जाने की जरूरत नहीं होगी, उन्हें वहीं स्तर की शिक्षा यहीं पलामू में उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर एलेन डिजिटल के जोनल मैनेजर विजयानंद मिश्रा ने बताया कि एलेन डिजिटल क्लास के जरिए देशभर के स्कूलों से जुड़कर बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने संत मरियम विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह स्कूल बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श, समन्वयक प्रवीण दुबे, रिजवाना परवीन, रोशन राज सहित अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने इस नई शुरूआत को विद्यालय के लिए एक मील का पत्थर बताया और उम्मीद जताई कि इससे बच्चों को भविष्य की बेहतर दिशा मिलेगी। यह कदम न केवल पलामू के शैक्षणिक क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की दिशा में एक मजबूत प्रयास है।

पूर्व विवाद को लेकर घर में आगजनी का आरोप

● पीड़िता ने चैनपुर थाना में दी लिखित शिकायत, चार लोगों पर जताया संदेह

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा गांव में पूर्व विवाद को लेकर एक घर में आगजनी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता नीलम देवी, जो संतोष राम की पत्नी हैं, ने चैनपुर थाना में आवेदन देकर इस घटना की शिकायत की है। नीलम देवी ने दिए गए आवेदन में बताया कि बीती रात करीब 12 बजे जब उनका परिवार घर में सो रहा था, तभी बाहर से किसी के चिल्लाने की आवाज सुनकर वे जागीं। बाहर निकलने पर देखा कि घर में आग लगी हुई थी, जो देखते ही देखते विकराल रूप ले चुकी थी। स्थानीय ग्रामीणों ने बाल्टी आदि से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। पीड़िता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों से उनका पहले से विवाद चल रहा है और वे लोग उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी देते आ रहे थे। उन्होंने आशंका जताई है कि पूर्वडीहा गांव के सकेंद्र दुबे, अजय दुबे, श्रवण दुबे और फणेश्वर दुबे ने मिलकर उनके घर में आग लगाई है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि महिला का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है, आरोपों की पुष्टि के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में संवादात्मक सत्र आयोजित

छात्रों व अभिभावकों ने साझा किए विचार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। न्यू टाउनशिप शाहपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं कैरियर मार्गदर्शन को लेकर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की शैक्षिक निदेशिका डॉ. सिम्मी मेहता द्वारा प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुई। कक्षा 10वीं और 11वीं के छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. सिम्मी मेहता ने कहा कि किसी भी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र की रुचि आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आज का त्याग ही कल की बड़ी सफलता की आधारशिला रखता है। विद्यार्थियों को न केवल नियमित अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि कुसंगति से बचते हुए सत्संगति का लाभ उठाना चाहिए। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचना वर्तमान समय की एक बड़ी चुनौती है, जिससे छात्रों को सजग रहना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्ययन की चिंता विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन अभिभावकों को बच्चों की संगति, दिनचर्या और गतिविधियों पर सतत निगरानी रखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि छात्रों के मार्गदर्शन के लिए विद्यालय में नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था है, जो विशेष रूप से बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए संजीवनी सिद्ध हो रही है। रसायन शास्त्र के देवाशीष भट्टाचार्य और अमन सिंह, जीवविज्ञान के रवि शेखर, भौतिकी और गणित के विश्वजीत चटर्जी तथा अर्थशास्त्र की खुशबू ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के महत्व और करियर निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुनियोजित तैयारी और निरंतर अभ्यास से सफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

चार अनाथ बच्चियों के घर पहुंचे एसडीएम, मिशन वात्सल्य के तहत मिलेगा सरकारी लाभ

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। दुलदुलवा के दो अलग-अलग परिवारों की चार अनाथ बच्चियों से मिलने शनिवार को सदर एसडीएम संजय कुमार उनके घर पहुंचे हुए थे। जहां उन्होंने बच्चियों के भविष्य को लेकर इन सभी के पालन पोषण करने वाले रिश्तेदारों से विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। संजय कुमार मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अशोक नायक को भी अपने साथ लेकर पहुंचे हुये थे। उन्होंने डीसीपीओ से कहा कि इन बच्चों के लिए जो भी कल्याणकारी योजनाएं हो उन सभी से आच्छादित करवाने का प्रयास कीजिए। उस पर उन्होंने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत इन सभी बच्चियों को 4000 रुपये मासिक राशि उपलब्ध कराई जा सकती है। संजय कुमार ने उनसे इस दिशा में त्वरित पहल और कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

दो सगी बहने सुनैना व सोनपरी की दर्द भरी दास्तां है। उनके पिता पिंटू साव का निधन अधिक शराब पीने के चक्कर में लगभग 6 साल पहले हो गया था। उसके बाद उनके दादा उनको पाल रहे थे। तभी उनकी मां ने अन्यत्र कही शादी कर ली। उसके कुछ दिनों बाद दादा जी और उनके चाचा का भी निधन हो जाने से वह पूरी तरह अनाथ हो गयीं।

विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

● छात्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए पलामू के सैकड़ों शिक्षकों को मिल रहा विशेष प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के शिक्षकों के लिए विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पांच दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मेदिनीनगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर डायट की प्राचार्या अमृता सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण जिले के उन सभी विद्यालयों के लिए है, जहां कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई होती है। प्रत्येक विद्यालय से दो-दो शिक्षकों को हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर के रूप में चयनित किया गया है, जिन्हें इस प्रशिक्षण के जरिए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं समग्र विकास के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, हर विद्यालय में प्रत्येक कक्षा से एक छात्र एवं एक छात्रा को हेल्थ एंड वैलनेस मैसेंजर के रूप में नामित किया गया है, जो स्कूल में स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता फैलाने में शिक्षकों की मदद करेंगे। यह कार्यक्रम भारत सरकार के स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालय का संयुक्त प्रयास है, जिसमें पूरे देश भर में 11 प्रमुख मॉड्यूल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। झारखंड की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पांच विशेष मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। कार्यक्रम को सी 3 सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज तकनीकी सहयोग दे रहा है। सी3 के जिला प्रबंधक आकाश कुमार ने कहा कि यह पहल बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सामाजिक रूप से सशक्त बनाएगी। प्रशिक्षण में शामिल 16 मॉड्यूल में स्वस्थ जीवनशैली, और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग जैसे विषय शामिल हैं।

लायंस क्लब व नगर निगम की साझा पहल से जरूरतमंदों के लिए पुनर्स्थापित हुआ 'नेकी की दीवार'

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर और नगर निगम मेदिनीनगर के संयुक्त प्रयास से 'नेकी की दीवार' का नया और प्रभावशाली रूप सामने आया है। इस पहल के तहत जरूरतमंदों के लिए वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण केंद्र नगर निगम कैंपस, छहमुहान चौक, डालटनगंज में पुनर्स्थापित किया गया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन नगर आयुक्त जावेद अहमद ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में लायंस क्लब के समाज के प्रति योगदान की सराहना की और कहा कि मैं क्लब की सामाजिक सक्रियता से अत्यंत प्रभावित हूं। पहले भी क्लब के द्वारा किए गए कार्यों में सम्मिलित होने का अवसर मिला था, और इसी भावनात्मक जुड़ाव के कारण आज मैं क्लब का सदस्य बनने के लिए सहमत हूं।

राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था

भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए, स्थल पर शीतल जल की प्याऊ और सत्तू का शरबत भी उपलब्ध कराया गया ताकि राहगीरों और जरूरतमंदों को गर्मी से राहत मिल सके। यह पहल स्थानीय जनमानस के लिए तत्काल राहत का एक महत्वपूर्ण साधन बनी।

लायंस क्लब की सेवा भावना

कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब मेदिनीनगर के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने की। उन्होंने कहा कि क्लब की स्थापना को केवल दो वर्ष हुए हैं, और इस अवधि में हमें न केवल समाज का बल्कि प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला है। हम नगर आयुक्त के आभारी हैं जिन्होंने इस महत्वपूर्ण परिसर को जरूरतमंदों की सेवा के लिए उपलब्ध कराया। यह 'नेकी की दीवार' न केवल जरूरतमंदों की सहायता का माध्यम बनेगी, बल्कि समाज में परस्पर सहयोग और करुणा की भावना को भी मजबूती प्रदान करेगी।

सामाजिक परियोजनाओं में लायंस क्लब की सक्रियता

लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार ने कहा कि लायंस क्लब मेदिनीनगर की सक्रियता से मैं अत्यधिक प्रभावित हूं। भविष्य में किसी भी सामाजिक परियोजना के लिए क्लब को फंड की आवश्यकता होने पर उसका 50 प्रतिशत हिस्सा लायंस क्लब इंटरनेशनल के माध्यम से उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा।

कार्यक्रम में यह घोषणा भी की गई कि आगामी वर्षा ऋतु में मेदिनीनगर को हराभरा बनाने के लिए पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नगर निगम और लायंस क्लब मिलकर कार्य करेंगे। इसके अलावा, शहर के अन्य सामाजिक कार्यों में भी क्लब की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

आपसी विवाद में टांगी से हत्या, गांव में मातम

मामला उत्तर प्रदेश के कोन का, पुलिस कर रही छानबीन

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। थाना क्षेत्र के बैतरी गांव निवासी रघुनाथ सिंह खरवार की हत्या उत्तर प्रदेश के कोन थाना क्षेत्र के निगाई गांव में कर दी गई। मृतक के परिजनों के अनुसार रघुनाथ सिंह गांव के ही अवध यादव के पुत्र धर्मेंद्र यादव की गुरुवार को निकली बारात में शामिल होने निगाई गांव गए थे। बारात में डीजे पर नाचने के दौरान बरातियों को शराब पिलाई गई, जिसके बाद नशे में धुत लोगों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान रघुनाथ सिंह खरवार का अवध यादव, उसके साले ऋषि यादव

(निवासी नकतवार, यूपी) और अवध के बहनोई (रेणुकूट निवासी) से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि रघुनाथ सिंह पर टांगी से हमला कर दिया गया। हमले में उनके पैर, कनपटी, छाती, कमर, हाथ, आंख और अन्य अंगों पर गंभीर चोटें आई। परिजनों को सूचना मिली कि एक लावारिस शव निगाई गांव में पड़ा है। सूचना मिलते ही रघुनाथ के भाई रामसेवन सिंह खरवार कुछ ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक शव को सोनभद्र जिला अस्पताल लोढ़ी भेजा जा चुका था। शव की पहचान के बाद पोस्टमार्टम रॉबर्ट्सगंज में कराकर शव को बैतरी गांव लाया गया। शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई रामसेवन सिंह ने हत्या का आरोप अवध यादव, उसके रेणुकूट निवासी बहनोई और नकतवार निवासी साले ऋषि यादव पर लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मुखिया संघ ने बीपीओ की शिकायत उपायुक्त से की

केतार। मुखिया संघ केतार द्वारा शनिवार को उपायुक्त शेखर जमुआर को आवेदन देकर मनरेगा बीपीओ नीरज कुमार पाल पर मनमानी व दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि केतार प्रखंड में बीपीओ नीरज कुमार पाल जबसे पदस्थापित हुए हैं, तब से इनके द्वारा मनमानी का कार्य किया जा रहा है। बीपीओ द्वारा लाभुक से दीदी बाड़ी योजना का कोड करने में, बागवानी योजना के कोड करने में, मेडबंधी योजना शुरू कराने में, प्रत्येक मास्टर रौल के भुगतान करने के एवज मनमानी किया जा रहा। बीपीओ द्वारा लाभुक से हमेशा दुर्व्यवहार किया जाता है। इनके इस रवैए से प्रखंड का विकास बाधित हो रहा है। मुखिया संघ ने बीपीओ को इस प्रखंड से हटाते हुए किसी अन्य को प्रभार देने का आग्रह किया है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष मूंगा साह, मुखिया मुनि देवी, श्याम सुंदर बैठा, नीलम देवी, ललिता कुमारी मौजूद थे।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में एक घायल

रंका। एनएच 343 खरडीहा मुख्य सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बाइक गढ़वा की ओर से रंका की ओर आ रही थी। 108 पर फोन कर घायल मरीज को सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया। घायल मरीज रमकंडा प्रखंड का बताया जा रहा है।

प्रमुख ने उपायुक्त से बीडीओ की शिकायत की

केतार। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने शनिवार को उपायुक्त शेखर जमुआर को आवेदन देकर बीडीओ को प्रखंड कार्यलय से बाहर रहने की शिकायत की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि बीडीओ प्रशांत कुमार दो माह से लगातार प्रखंड कार्यालय में अनुपस्थित रह रहे है। बीडीओ दो माह में आठ से दस दिन ही प्रखंड में रहते है। अनुपस्थिति का कारण पूछने पर बीडीओ द्वारा स्पष्ट जानकारी भी नही दी जाती है। बताया जाता है कि छुट्टी में है। उनके अनुपस्थिति में कोई प्रभारी बीडीओ भी कार्यलय में नही आते है। इससे अधीनस्थ कर्मी भी उपस्थिति बनाकर प्रखंड व अंचल कार्यालय से गायब रहते है। जिसके कारण प्रतिदिन सैकड़ो ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुचते है। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त से आग्रह करते हुए कहा है कि उनकी अनुपस्थिति की जांच किया जाए। साथ ही उनके स्थान पर नये बीडीओ को प्रभार दिलाया जाए ताकि प्रखण्ड की जनता को लाभ मिल सके।

दो सड़क दुर्घटना में चार घायल

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र मे शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक डॉक्टर रंजन दास द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। रेफर किए गए घायलों में मकरी मारवाड़ी टोला निवासी चंदू यादव, रोहनिया निवासी हरिद्वार यादव, भवनाथपुर टीकर टोला निवासी राम सुबक उरांव शामिल है। पहली घटना भवनाथपुर मकरी के मुख्य पथ के तीखे मोड़ के पास दो ऑटो के आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गया। घायल मे चंदू यादव, पूनम देवी, हरिद्वार यादव के नाम शामिल है। घायलों को ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। टक्कर के बाद दोनों ऑटो चालक गाड़ी छोड़ कर फरार है। दूसरी घटना भवनाथपुर टीकर की है, जहां घरेलू विवाद में राम सुबक उरांव को उनकी पत्नी यशोदा देवी और पुत्र धनु सिंह ने लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना के एएसआई उपेंद्र राम मौके पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

बारिश व आंधी से बाजार में अफरा तफरी का माहौल, जनजीवन प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया। खासकर साप्ताहिक बाजार में उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बाजार में खरीदारी कर रहे लोगों और दुकानदारों को इस अप्रत्याशित मौसम से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दुकानों के तंबू और छप्पर उड़ गए, जिससे दुकानदारों का सामान भीग गया और नुकसान हुआ। खरीदार भीगते हुए इधर-उधर सुरक्षित स्थान की तलाश में भागते नजर आए। कई जगहों पर बिजली की आपूर्ति भी बाधित हुई, जिससे लोगों को अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौसम विभाग की तरफ से कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी, जिससे कोई तैयारी नहीं हो सकी। आंधी और बारिश के कारण सड़कें फिसलन भरी हो गईं और कुछ जगहों पर जलजमाव भी हो गया, जिससे साप्ताहिक बाजार प्रभावित हुआ।

तीन माह का राशन डीलर परदर्शिता के साथ लाभुक को दें: बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड प्रमुख नारायण यादव की अध्यक्षता में जविप्र का समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बीडीओ राकेश सहाय, एजीएम शाहिद अंसारी ,पंचायत मुखिया,पंचायत बीडीसी व प्रखंड के सभी जविप्र के दुकानदार शामिल थे। बीडीओ ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर जून महीना में कार्डधारकों को तीन महीने जून,जुलाई व अगस्त का राशन एक साथ देने का निर्देश है। कोई भी डीलर उक्त राशन को वितरण करने में कोताही नही करेंगे। लापरवाही बरतने वाले डीलरों पर करवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि 1 से 15 जून तक दो महीना जून,जुलाई और 16 से 30 जून तक एक महीना अगस्त माह का राशन सभी कार्डधारकों के बीच वितरण करना है। उन्होंने सभी डीलरों को राशन वितरण के उक्त आदेश को कंप्यूटर से पेपर में बड़ा अक्षर में प्रिंट कराकर सभी दुकान के बाहर लगाने

का निर्देश दिया। दुकान का अनुश्रवण के क्रम में अगर उक्त पोस्टर नहीं पाया गया तो संबंधित के डीलर खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रखंड प्रमुख नारायण यादव ने कहा कि अगर नियम से हटकर डीलर द्वारा राशन का वितरण होता है, तो जनप्रतिनिधि इस पर रोक लगाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी डीलर से राशन वितरण में पारदर्शिता रखने का निर्देश दिया। जविप्र दुकानदार संघ के प्रखंड अध्यक्ष वृज मोहन मिश्र ने डीलरों की समस्या की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का जो आदेश होगा उसी के अनुसार राशन का वितरण डीलर करेंगे। लाभुकों को कोई परेशानी नहीं होगी। प्रखंड के अधिकांश दुकानदारों के पास 2 जी पावर का पॉस मशीन है, जिसमें नेटवर्क को लेकर मशीन से पर्ची निकालने में भी बहुत विलंब होता है। दुकानदारों द्वारा सरकार से बार-बार 4 जी मशीन देने की मांग किया जाता रहा है, लेकिन कोई करवाई नही हुई। बैठक में मुखिया ललित बैठा, मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह ,लल्लू यादव, अरुण राम, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, डीलर संघ के अध्यक्ष वृज मोहन मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रबोध सिंह,डीलर वृजमोहन दुबे, निरंजन सिंह,बसंत राम, संजय गुप्ता सहित कई बीडीसी सदस्य व जविप्र दुकानदार उपस्थित थे।

सरकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर करें लागू :उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में श्री बंशीधर नगर के प्रखंड सभागार में शनिवार को जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, मुखिया, प्रमुख के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड क्षेत्र में चलाई जा रही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। कार्य संचालन की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए और कार्यो में प्रगति लाकर ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अंतर्गत अवस्थित नगर उंटारी प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यतः मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास,15वें वित्त से संचालित योजना, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली, राशन कार्ड का ी-'ू,समाज कल्याण विभाग, पेंशन योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, शिक्षा, कल्याण विभाग, कृषि, जेएसएलपीएस सहित अन्य विभागों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। विभागों से संबंधित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित मुखिया, प्रखंड प्रमुख से उनके पंचायतों में चलाई जा रही विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से अवगत हुए। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी अपने-अपने पंचायतों में सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम योगदान देते है। आपकी जनता भी आपसे इसकी अपेक्षा रखती है,ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मौजूदा समय में आवास निर्माण में आ रही समस्याओं को दूर करने में भी आप सभी की अहम भूमिका होती है। बैठक में 15वें वित्त से संचालित योजना व पंचायत सुदृढीकरण विषय पर चर्चा करते हुए डीसी ने मुखिया, प्रखंड प्रमुख से कहा कि जिला तभी सुदृढ़ हो सकता है, जब उसके सभी पंचायत सुदृढ़ हो और पंचायतों को सुदृढ़ करने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप सभी अपने-अपने पंचायत की समस्याओं को अपने स्तर से हल करने का प्रयास करें तथा पंचायत को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दे। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत चापानल मरम्मती, कचरा प्रबंधन को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से आए बिनय कांत रवि द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण अंतर्गत संचालित योजनाओं को बिंदुवार तरीके से जानकारी दी गई। खुले में शौच मुक्त की स्थायित्व को बनाए रखने के लिए विशेष प्राथमिकता देने की अपील की। उपायुक्त ने विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्रीष्मकालीन मौसम को देखते हुए जिले के सभी प्रखंड पंचायत एवं टोला स्तर पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने मुखिया व प्रखंड प्रमुख से अपील की कि वह अपने पंचायत की जनता का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाये ताकि उन्हें उन सभी को सरकार द्वारा दी जानी वाली चिकित्सीय उपचार में आर्थिक लाभ मिल सके। जन वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड का ई-केवासी की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। इस अवधि के अंदर में सभी मुखिया, प्रखंड प्रमुखगण इसे अवश्य पूर्ण कर ले।

करंट की चपेट में आने से ससुर दामाद घायल

कांडी। थाना क्षेत्र के कांडी गांव निवासी 50 वर्षीय सुरेश साव व उनका दामाद 30 वर्षीय चंदन कुमार गुप्ता 11 हजार वोल्ट के बिजली करेंट के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त दोनों घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा गया। वहां दोनों घायल व्यक्ति की स्थिति ठीक बताई जा रही है। घटना शनिवार 10 बजे की है। घटना के विषय में बताया जा रहा है कि सुरेश साव अपने दामाद के साथ अपने घर के पास खराब चापानल को ठीक कर रहे थे। उस दौरान दोनों व्यक्ति चापानल के लोहे के पाइप को खड़ा कर बोर में डाल रहे थे। उसी दौरान पाइप ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार में सट गया।

रामविलास पांडेय की स्मृति में पनशाला खोला

श्री बंशीधर नगर। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय राम विलास पांडेय की स्मृति में डाक बंगला स्थित गिरिवर पांडेय चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा पनशाला खोला गया है। पनशाला का उद्घाटन झामुमो के वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने किया। इस दौरान राहगीरों को मीठा खिलाकर पानी पिलाई गई। मौके पर झामुमो वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि इस चिलचिलाती धूप में राहगीरों को पेयजल के लिए दिक्कत ना हो, इसके लिए पनशाला खोला गया है। मौके पर अमरनाथ पांडेय,बंगाली सिंह, देवेन्द्र सिंह,बिपिन सिंह, मनोज डॉन, बिनोद पाल, धीरज सहारा, बसंत प्रसाद,मदन सिंह,मनोज सिंह,चंचल सिंह,राणा सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

न्यूज बॉक्स

शादी का कार्ड बांटने निकले दो युवक सड़क हादसे में घायल

चिनिया। थाना क्षेत्र अंतर्गत रनपुरा गांव में शनिवार शाम 4 बजे एक सड़क हादसा दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना उस समय हुआ जब छत्तीसगढ़ के लोधा खोरी गांव से आए दो युवक मोटरसाइकिल से शादी का निमंत्रण पत्र बांटने के लिए चिनिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों की ओर जा रहे थे। दोनों युवक दिनभर निमंत्रण पत्र बांटने के बाद जब वापस लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना घटी। लौटते समय रनपुरा गांव में लोकनाथ यादव के घर के पास एक तीव्र मोड़ पर उनकी बाइक तेज रफ्तार के कारण असंतुलित हो गई और फिसलकर सड़क किनारे गिर पड़ी। बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार। बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे वह मोड़ पर नियंत्रण नहीं रख पाए और हादसा हो गया। घटना की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। घायलों को स्थानीय लोगों में बीडीसी पति दयानंद राम रवि, रमेश प्रसाद, मधुसूदन सिंह, महेंद्र सिंह, राजू सिंह, राजेश्वर यादव, सत्येंद्र यादव, बैजनाथ विश्वकर्मा, टुनटुन सिंह, लोकनाथ यादव, वीरेंद्र यादव सहित कई ग्रामीणों ने मिलकर घायलों को उठाया और तत्काल एक निजी वाहन की व्यवस्था कर चिनिया बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। फिलहाल दोनों युवकों का इलाज जारी है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

भंडरिया। भारतीय जनता पार्टी के नियोजित कार्यक्रम के तहत शनिवार को भंडरिया प्रखंड मुख्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के सफलता को लेकर निकाला गया तिरंगा यात्रा। यह तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय से शुरू किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, कुंवर सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, महामंत्री विनय जायसवाल, बीरबल भुइयां, मुस्लिम करार समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे। इस संबंध में मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के शक्ति का पराक्रम पूरी दुनिया को दिखा दिया है। भारतीय सेना ने अपने अद्वितीय शौर्य से भारत माता, राष्ट्र ध्वज और जनमानस की रक्षा की है। सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा ने कहा कि भारतीय सेना ने शत्रुओं और पाक समर्थित आतंकियों को घर में घुसकर करारा जवाब दिया है, जिससे पूरे देश को गर्व की अनुभूति हो रही है। कार्यक्रम में यह भी संदेश दिया गया है कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में है।

सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह आयोजन

श्री बंशीधर नगर। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रविप्रकाश, सह सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद,अभिभावक प्रतिनिधि शशिकला, समिति सदस्या शैलेन्द्रि देवी, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से मां शारदे, भारत माता व ओम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी परिवार के रीढ़ होते हैं। अपने नाती-पोतियों से इनका बहुत लगाव होता है। आज के परिवेश में अपने बच्चों द्वारा घर में दादा-दादी, नाना-नानी के सम्मान में वृद्धि हो इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये प्रांतीय योजनानुसार इस तरह का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी बच्चों के प्रथम मित्र होते है उनके द्वारा दी गई सूक्ष्म संस्कारों का नाती-नातिन, पोता-पोती अनुकरण करते हैं दादी से कहानी, लोरी, गीत सुनते हैं उनके साथ सुखद अनुभूति होती है उन्होंने अपने पोते-पोतियों के साथ सुखद प्रेरणाप्रद संस्मरण भी साझा किये। विद्यालय के बहन आराधना शर्मा, सूची पाण्डेय, पीहू अग्रवाल और शची समृद्धि द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा- अरुण एवं उदय की बहनों अवनी, आरोही ,सृष्टि, वेदिका, प्रिया, मदीहा द्वारा भावपूर्ण भावनृत्य नानी तेरी मोरनी को... कक्षा प्रभात और प्रथम की बहने आर्मी, अनिका ,मीणाक्षी ,आणि ,शालू, नंदिनी, लवली, तन्वी, रागनी, सुगंध ,लक्ष्मी द्वारा दादाजी की छड़ी... मनोहारी भावनृत्य प्रस्तुत किया । कक्षा प्रथम और द्वितीय की बहन वैदेही, श्रेष्ठ, काव्य ,पल्लवी, प्राची, सुप्रिया द्वारा प्यारी-प्यारी दादी मां... भावनृत्य प्रस्तुत किया। समारोह में उपस्थित सभी दादा-दादी, नाना-नानी का पांव धोकर उपहार भेंट किया गया। इस समारोह में आचार्य नंदलाल पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पाण्डेय,सतेंद्र प्रजापति, अविनाश कुमार,नीरज सिंह,सुजीत दुबे, अशोक कुमार, प्रसून सहित बड़ी संख्या मे दादा,दादी, नाना,नानी व विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा
वीरबुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

आम सूचना

-: FMD टीकाकरण अभियान Round-V Phase I एवं LSD:-

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना (LHDCP) योजनान्तर्गत जिला में FMD Vaccination कार्यक्रम Round-V Phase I (FMD बीमारी मुँह पका खुर पका) तथा LSD Vaccination 2025–26 (गांठदार त्वचा रोग) का रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु दिनांक 19.05.2025 से 18.07.2025 तक निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जाना है। इस अभियान अन्तर्गत टीकाकर्मी पशुपालकों के घर घर जाकर सुयोग्य गौ एवं भैंस जाति के पशुओं में टीकाकरण करेंगे। LSD Vaccine का टीका सिर्फ गौजाति में किया जाएगा।

खुरहा–मुँह पका (FMD) रोगमुख्यता गोवंशीय एवं भैंस जाति के पशुओं में होने वाली एक गंभीर संक्रामक विषाणु जनित रोग है। इस रोग से आक्रांत पशुओं में तेज बुखार के साथ भूख न लगना, सुस्ती, मुँह से अत्याधिक लार का श्राव, मसूड़े एवं जीभ में छाले पडजाना, खुर में घाव होना, थन एवं बाट में फफोले, दुग्ध उत्पादन में अत्याधिक कमी, गाभिन गायों/भैंसों में गर्भपात आदि बीमारी से बचाव हेतु पशुओं में टीकाकरण किया जाना है।

टीकाकरण से पूर्व सभी गौ एवं भैंस जातियों के पशुओं को 12 अंकों के UID टैग से टैगिंग करते हुए Bharat Pashudhan App में निबंधन किया जाना अत्यावश्यक है साथ ही टीकाकरण का कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्दर ही किया जाना है ।

अतः सभी पशुपालकों से आग्रह है कि वेक्सीनेटरों द्वारा किये जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम में पशुस्वामी द्वारा अपना आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा ताकि टीकाकरण से पूर्वपशुओं को UID टैग सेटैगिंग एवं Bharat Pashudhan App में निबंधन किया जा सके तथा इसकार्य में विभाग को सहयोग प्रदान करें।

उक्तकार्य के लिए विभागीय कर्मी, पशुधन सहायक/प्रावैधिक सहायक/पारा भेट/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता/मैत्री/पशुमित्र एवं अन्य इच्छुक युवक–युवक्तियों को प्रशिक्षण देकर कार्य में लगाया जाएगा। जिसके लिए भारतस रकार द्वारा मानदेय निर्धारित की गई है।

सभी स्तर के माननीय जन प्रतिनिधियों से सादर अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को अपने अपने क्षेत्र में वृहत प्रचार प्रसार कर पशुपालकों को प्रेरित करें।

नोट :– अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के पशु चिकित्सा पदाधिकारियों से सम्पर्क करें।

–: निवेदक :–
जिला पशुपालनप दाधिकारी
लोहरदगा

PR 352825 Lohardaga (25-26)_D

100 क्विंटल महुआ व गुड़ बरामद

एसडीएम ने दुलदुलवा में महुआ गोदाम किया सील

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। सदर एसडीएम संजय कुमार ने अवैध शराब निर्माण के कारोबार की जड़ों पर लगातार प्रहार कर रहे हैं। केवल शराब निर्माण के काम में लगे शराब व्यवसायियों की काउंसलिंग जारी है, बल्कि अवैध शराब निर्माण की रोकथाम की दिशा में भी लगातार दंडात्मक कार्रवाई भी जारी है। इसका असर दुलदुलवा गांव में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। संजय कुमार पिछले दो हफ्ते से लगातार इस गांव में जा रहे हैं। शनिवार को उन्होंने गांव जाकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ गांव के कई इलाकों का भ्रमण किया। लोगों से अब तक हुए सुधार के बारे में फीडबैक लिया। लोगों की राय मानते हुए उन्होंने अवैध शराब बनाने के लिए कच्चा सामान जैसे महुआ गुड़ आदि बेचने वाले गोदामों पर कार्रवाई करने की योजना बनाई। फल स्वरुप कुछ ही देर में उन्होंने तीन अलग-अलग ऐसे कारोबारियों के गोदामों, दुकानों पर छापेमारी की। इनमें से एक विजय गुप्ता के गोदाम में महुआ, गुड़ आदि मिलाकर लगभग 100 क्विंटल यानी 10 टन के आसपास सामान रखा था। बता दे कि देशी शराब बनाने में महुआ व गुड़ का उपयोग किया जाता है। एसडीएम में जब विजय गुप्ता से इस महुआ और गुड़ आदि के बड़े भंडार के स्रोत और उद्देश्य के बारे में पूछा तो वे कुछ बता नहीं पाए। हालांकि जब इस गोदाम का बिक्री रजिस्टर मांगा गया तो रजिस्टर में उन्हीं लोगों का नाम दर्ज पाया गया जो हमेशा से गांव में अवैध शराब निर्माण के लिए जाने जाते हैं और जिन पर इस संबंध में कई मामले दर्ज हैं। इससे प्रथम दृष्टया साबित हो गया कि उक्त सामग्री अवैध शराब निर्माण के काम आनी है। क्योंकि यह सामग्री उन्हीं व्यापारियों व व्यवसाईयों के बीच बेची जाती है। इस पर संजय कुमार ने दो साल के विक्री रजिस्टर जब्त करते हुये एहतियातन इस गोदाम की वीडियोग्राफी कराते हुए मौके पर ही सील कर दिया तथा गोदाम की चाबी का जिम्मेनामा विजय गुप्ता व एक स्थानीय ग्रामीण को संयुक्त रूप से लिखित में इस शर्त के साथ दे दिया गया कि वे न तो इस गोदाम के ताले को बिना अनुमति खोलेंगे और न ही कोई सामग्री बिक्री करेंगे। गोदाम मालिक विजय गुप्ता ने स्वीकार किया कि वे अपनी उक्त कच्ची सामग्री गांव के ही शराब माफिया के बीच में बिक्री करते थे, किंतु जब से एसडीएम ने यहां पर अभियान चलाया है। उन्होंने बेचना बंद कर दिया है। वह इस बचे सामान को जल्द हटाने वाले थे, किंतु वे हटा नहीं पाए हैं। इसी बीच उनके गोदाम की आज जांच हो गई। इसके अलावा अन्य व्यवसायी रविंद्र चंद्रवंशी के गोदाम में बड़ी मात्रा में सिर्फ गुड़ का भंडार पाया गया, इसमें महुआ का भंडार नहीं पाया गया। इस कारोबारी को भी प्रतिबंधित किया गया कि वह शराब बनाने वाले कारोबारी को यह सामग्री नहीं बेचेंगे। तीसरे कारोबारी के यहां बहुत कम मात्रा में उक्त सामग्री मिली, किंतु उसे भी पूर्व के व्यवसाईयों को दी गई हिदायत दोहराई गई।

भट्ठियों के लिए भी सर्च अभियान चला

एसडीएम ने शनिवार की विजिट के दौरान गांव की बस्ती व जंगल क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठियों को लेकर सर्च अभियान चलाया, किंतु अच्छी बात यह रही कि उन्हें 2 घंटे के सर्च अभियान में कहीं कोई शराब भट्ठी नजर नहीं आई। उन्होंने दुलदुलवा में ऐसी स्थिति लाने के लिए समस्त ग्राम वासियों को साधुवाद दिया।

कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

कार्यालय आदेश

झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 33 (3) (ख) एवं 152 (3) के अंतर्गत नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा अधिसूचित झारखंड नगरपालिका सम्पति कर (निर्धारण संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 एवं झारखंड नगरपालिका सम्पति कर निर्धारण (निर्धारण संग्रहण और वसूली) नियमावली 2015 एवं संशोधित नियमावली 2017 के तहत वैसी धृतिया जिनका क्षेत्रफल 2000 वर्ग फीट है या उससे अधिक है की भौतिक एवं तकनीकी जाँच हेतु निम्न जाँच दल का गठन किया जाता है।

1. नगर परिषद के संबंधित नगर प्रबंधक।
2. नगर परिषद के संबंधित वार्ड के कर संग्रहकर्ता।
3. Sparrow Softech Pvt Ltd के प्रतिनिधि।

अतः उक्त के आलोक में जाँच दल को निर्देशित किया जाता है कि 2000 वर्ग फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले धृतियों का स्थल निरीक्षण, भवन की मापी एवं अन्य जो भी जाँच आवश्यक हो कि जाँच करते हुए अपना प्रतिवेदन अद्योहस्ताक्षरी को पूर्व विवरणी के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

इस कार्य हेतु श्री ओंकार कुमार यादव, नगर प्रबंधक को नोडल पदाधिकारी के रुप में नामित किया जाता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 352726 (Urban Development) 25-26 (D)

डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश चार गिरफ्तार, भेजा जेल

400 सौ लीटर डीजल व चोरी का पिकअप बरामद

नवीन मेल संवाददाता

बारियातू। पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। साथ ही उनके निशानदेही पर 400 लीटर डीजल सहित क्रशर का पार्टस व चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को बरामद की है। यह जानकारी थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 15 मई को बारियातू थाना अंतर्गत ग्राम बानालात में एक क्रशर के गेट का ताला तोड़कर क्रशर का पार्ट व 400 सौ लीटर डीजल, रुपये की चोरी कर लेने से संबंधित मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में चोरी के मामला में संलिप्त चार अपराधियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ

की। चारों चोरी ने चोरी में अपनी संलिप्ता को स्वीकार करते हुए चोरी किए क्रशर का पार्ट, डीजल, चोरी में प्रयुक्त पिकअप को बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि चोरों का सरगना गिरफ्तार राहुल राम शातिर अपराधी है। उसके द्वारा पूर्व में मगध कोलियरी में लेवी मांगने, टंडवा थाना क्षेत्र में लूटपाट के आरोप में जेल जा चुका है। साथ ही टंडवा थाना में उसके विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज हैं। राहुल राम द्वारा बड़का गांव थाना क्षेत्र से चोरी किए गए एक बड़ा जेनरेटर (डीजी सेट) का इंजन व पार्ट भी बरामद किया गया है। साथ में पिकअप, जेनरेटर का इंजन व अन्य पार्टस, क्रशर का दांता 5 पीस और 400 लीटर का डीजल से भरा दो गैलन डीजल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अरापियों मे राहुल राम उम्र 21 वर्ष पिता महादेव राम, राजकुमार भुइयां, उम्र 20 वर्ष, पिता स्व. नकुल भुइयां दोनों ग्राम कोईद, थाना टंडवा जिला चतरा, आशिष कुमार साहू, उम्र 29 वर्ष पिता विशेश्वर साव ग्राम बरकुटे थाना टंडवा, जिला चतरा, कुन्दन कुमार सिंह, उम्र 18 वर्ष पिता कपिल कुमार सिंह ग्राम मनातू थाना बारियातू जिला लातेहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

विधायक ने प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा ग्रामीणों की समस्या से हुए अवगत

नवीन मेल संवाददाता

बारियातू। स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने प्रखंड गोनिया पंचायत अंतर्गत ग्राम नावाडीह, चुंबा, गढ़गोमा, बीरबीर, छाताबर व बारा सहित विभिन्न गावों में अपने समर्थकों के साथ भ्रमण कर ग्रामीणों की जन समस्या को सुनी। ग्रामीणों ने क्षेत्रों में शिक्षा, सड़क, पानी का काफी की समस्या से विधायक को अवगत कराया। इसके बाद चुंबा मध्य विद्यालय में शिक्षक कमी को लेकर ग्रामीणों ने समस्या को रखा, जिसमें विधायक ने एक्शन लेते हुए ऑन द स्पॉट जिले के अधिकारी को कॉल कर 2 दिन के अंदर 2 शिक्षक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अन्य कुछ समस्याओं को ऑन द स्पॉट जिले के अधिकारियों को अवगत करा कर समाधान किया। अन्य समस्याओं के लिए ग्रामीणों को 19 मई को प्रखंड सह अंचल सभागार बारियातू में लगाने वाले जनता दरबार में अपने शिकायतों का लिखित आवेदन लेकर आने को अपील किया. मौके पर भाजपा नेता देवनन्दन प्रसाद, अनील प्रसाद, योगेंद्र भोक्ता, युवा नेता सोनू प्रजापति, किशोर प्रसाद, अनिल यादव, विजय भुइयां, महावीर उरांव, जगदीश उरांव, महेंद्र यादव, उपेंद्र राणा, राजेंद्र राणा, अशोक ठाकुर, राजेंद्र राणा, दिनेश प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, सहित काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में अग्नि होत्र कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। सरस्वती विद्या मन्दिर में शनिवार को अग्नि होत्र कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमे प्रत्येक शनिवार को कक्षा अरुण, उदय, प्रभात (वाटिका) के भैया,बहनों, आचार्य, दीदी द्वारा संपन्न कराया जायेगा। हवन प्राचीन काल से सनातन संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है, जिसे विद्या भारती में अग्नि होत्र के नाम से जाना जाता है। हवन में प्रयुक्त होने वाले हवन सामग्री, घी, कपूर आदि में औषधीय गुण होते हैं जो हमारे शरीर के साथ आस-पास के वातावरण से हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर, वहां के वातावरण को शुद्ध और स्वच्छ करता है। अग्नि होत्र आध्यात्म, विज्ञान और समग्र सृष्टि की कल्याण की कामना तथा प्रकृति में विद्यमान पंच महाभूत की मंगल कामना के लिए करते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

नालसा ने जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को दी जानकारियां

नवीन मेल संवाददाता

सिमरिया/गिद्धौर (चतरा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में नालसा स्किम पर जागरूकता शिविर का आयोजन जिले के सिमरिया व गिद्धौर प्रखंड में अधिकार मित्रों द्वारा किया गया। कानूनी सहायता केन्द्र सिमरिया द्वारा शनिवार को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका अवासीय विद्यालय में अधिकार मित्रों द्वारा नालसा स्किम, बाल विवाह, बालश्रम, ऐसिड ऐटेक, साईबर क्राईम पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकार मित्र सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, सिता देवी व अंजली कुमारी के द्वारा उपस्थित लोगों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में लोगों को कानूनी जानकारी देना और अधिकारों व शिक्षा के महत्व पर जागरूकता फैलाना है। लावालौंग प्रखंड के ग्राम रखेद में अधिकार मित्र रविकांत कुमार,अभिषेक ठाकुर द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की वार्डेन अनिता कुमारी, शिक्षिका नितेश्वरी कुमारी, शिक्षक संदीप कुमार का अहम योगदान रहा। गिद्धौर प्रखंड के बारिसाखी, मायाडिह, जोकाही, पहरा व अन्य गांवों में भी विधिक जागरुक्ता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को नालसा स्कीम, मानव तस्करी, यौन शोषण, नशा मुक्ति उन्मूलन, गरीबी उन्मूलन संबंधी पीएलभी शम्भू कुमार राणा, प्रेरणा दास द्वारा जानकारी दी गई। नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी बताया गया।

अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में व्यवस्था सुदृढ़ करने पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में शनिवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक बीडीओ चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी व खामियों को दूर करने को लेकर गंभीरता से चर्चा की गयी। बीडीओ ने डॉक्टरों व कर्मियों से अपनी दायित्व का निर्वाहन पूरी निष्ठा के साथ करने की बात कही। बीडीओ ने सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी से समय समय पर एएनएम की बैठक लेने, प्रसव के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। बैठक में सीएचसी प्रबंधन की ओर से एंबुलेंस में चालक की कमी,अस्पताल में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। बीडीओ ने मामले को लेकर विभागीय अधिकारियों को पत्राचार करने की बात कही। बैठक में प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा,विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विजय दुबे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, डॉ.तरुण जोश लकड़ा,शिक्षा विभाग प्रतीक सिन्हा समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पहुंचे जालिम गांव

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव शनिवार को लातेहार के सुदूर क्षेत्र में स्थित जालिम गांव पहुंचे। प्रतुल ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया।ग्रामीणों ने शाहदेव को बताया कि जालिम गांव में पुलिस ने दुखन प्रसाद सहित अनेक पुरुष और महिलाओं की बर्बरता से पिटाई की थी। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार के कारण बुजुर्ग दुखन राम की मौत हो गई। परिजनों ने अपने चोट के निशान भी दिखाए। प्रतुल ने इस घटना को अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण बताया और मांग की कि दुखन राम की हत्या की निष्पक्ष जांच हो। प्रतुल ने कहा कि सादे कपड़े में रात 11 बजे आए पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस घटना को अंजाम देने वाले पुलिस पदाधिकारी और सिपाहियों पर तत्काल प्रभाव से ड्यूटी से हटाते हुए निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस रात के 11 गांव में सादे कपड़ों में घुसना भी पुलिस मैनुअल का उल्लंघन है। उन्होंने कहा इसके बाद जब आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम किया तो पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज किया है। इस लाठी चार्ज भी जांच की आवश्यकता है कि क्या इतना कठोर कार्रवाई की आवश्यकता थी या फिर ग्रामीणों को समझा कर जाम समाप्त किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि सड़क जाम के मामले में पुलिस में मुकदमा दर्ज करते हुए अनेक निदोर्षों को और दो पत्रकारों को भी आरोपी बनाया। प्रतुल ने इस मुकदमे को वापस लेने की मांग की। कहा कि वह इस मुद्दे को लातेहार जिला के पुलिस अधीक्षक व उच्च अधिकारियों के सामने भी उठाएंगे। मौके पर लातेहार के पूर्व मंडल अध्यक्ष रितेश प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, आशीष शाह देव आदि भी उपस्थित है।

दुखन प्रसाद की हत्या की निष्पक्ष जांच होः प्रतुल शाहदेव

गरीबों के बीच फल का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ गिविंग दिवस के अवसर पर शनिवार को गरीबों के बीच फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ गिविंग लातेहार जिला इकाई के सदस्यों द्वारा शहर के राजहर में सभी बच्चों, वृद्ध, महिलाओं के बीच फल का वितरण किया गया। 17 मई को इस अवसर पर आर्ट ऑफ गिविंग के अध्यक्ष रंजीत पांडेय, सचिव प्रवीण मिश्रा, आयोजन सचिव दिलेश्वर यादव, राजा सिंह, एंबीशन कंप्यूटर सेंटर के सूरज कुमार, शुभम कुमार साव समेत समिति सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के संबोधन में आर्ट ऑफ गिविंग लातेहार जिला इकाई के सचिव प्रवीण मिश्रा ने कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग के संस्थापक अचूत्य सामन्त, कीट यूनिवर्सिटी के फाउंडर राज्यसभा सांसद की एक सोच है, आर्ट ऑफ गिविंग के तहत गरीब, मजदूर, वंचित और जरूरतमंदों को सहयोग किया जाता है। आज पूरे विश्व में आर्ट ऑफ गिविंग दिवस मनाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत छोटे स्तर पर हुई थी। आज पूरा विश्व इससे जुड़कर जरूरतमंदों का सहयोग कर रहा है। इस अवसर पर आयोजन सचिव दिलेश्वर यादव ने कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग एक देने की कला है। जरूरमंद लोगों के बीच यह संस्था पहुंचकर उनकी मदद करती है। हम सभी का प्रयास रहेगा की शहर के जरूरतमंदों को हर संभव मदद किया जाए।

मातृ भारती का गठन, रितु रानी पांडेय बनी अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर स्थित लातेहार के वंदना सभागार में प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी की अध्यक्षता में मातृ भारती का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती, ओम, भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों की माताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मातृ भारती के अध्यक्ष के रूप में रितु रानी पांडेय, संरक्षक ज्योति चौधरी, संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी एवं 10 माताओं ने मातृ भारती सदस्य की सदस्यता ली । कूल 50 माताएं बैठक में शामिल हुई। मातृ गोष्ठी में प्रधानाचार्य ने कहा कि मातृ भारती महिलाओं की सामाजिक, राष्ट्रीय सहभागिता एवं सक्रियता को बढ़ाने का कार्य करती है। उद्देश्य के रूप में महिला को पारिवारिक, सामाजिक दायित्व बोध कराना, पारिवारिक ,सामाजिक, व्यवसायिक कौशल सीखाना, हिंदू जीवन शैली की विशेषताओं को समझना, महिला में अंतर्निहित सप्तशक्ति का विकास के साथ मातृ भारती के कार्यों पर भी चर्चा की गई। जैसे समाज प्रबोधन के कार्यक्रम, प्रचार प्रसार, आहार एवं पाक कला, परिवार शिक्षा के आयाम, परामर्श केंद्र ,बालिका शिक्षा एवं लोक शिक्षा संस्कार प्रक्रिया आदि। इस अवसर पर मातृ गोष्ठी के नवनियुक्त अध्यक्ष रितु रानी पांडे ने मातृ गोष्ठी की महता को रेखांकित करने का कार्य की।

निरीक्षण में बंद मिला आंगनबाड़ी केंद्र

कुंदा(चतरा)। प्रखंड के बोधाडीह पंचायत में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पिछले कई दिनों से बंद पाया गया। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने गांव वालों की शिकायत पर केंद्र का निरीक्षण करने पर केंद्र में ताला लटका पाया। निरीक्षण के दौरान एक भी बच्चा केंद्र पर मौजूद नहीं थे। जयराम भारती ने कहा कि इस दौरान कई आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, जिसमें कई केंद्र बंद थे। प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने कहा कि इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को उचित कार्रवाई करने को लेकर सूचना दी जाएगी। बता दें कि प्रमुख ने लगातार प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं।

बिना विभागीय अनापत्ति वन क्षेत्र से ट्रांसमिशन लाइन खींचने की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

टंडवा (चतरा)। प्रखंड क्षेत्र के एनटीपीसी से आम्रपाली कोल परियोजना तक ट्रांसमिशन लाइन खींचे जाने को लेकर ग्रामीणों में तीखे विरोध के स्वर उभरने लगे हैं। सराढू वन क्षेत्र में गुपचुप तरीके से टेंडर धारक गणेश इलेक्ट्रिकल्स प्रा. लिमिटेड के कामगार तार खींचने के प्रयास में जुटे लोगों को ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए खदेड़ दिया। ग्रामीणों की मानें तो डीएफओ चतरा द्वारा जारी पत्र में विभागीय अनापत्ति नहीं मिलने की पुष्टि की गई है। बताया गया कि ग्रामीणों को गुमराह करने के लिये संवेदक व उनके मातहतों व कुछ विभागीय अधिकारियों द्वारा अनापत्ति मिलने की झूठी दलीलें तक दी जा रही है। स्मरण हो कि डीएफओ चतरा ने 18 फरवरी को जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि एनटीपीसी व आम्रपाली परियोजना टंडवा द्वारा अनापत्ति संबंधित कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं है। साथ ही यह भी कहा गया है कि वन भूमि में गैर-वानिकी कार्य अगर बिना पूवार्नुमति लिये की जाती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत कार्रवाई की जायेगी। बहरहाल नियमों, कानूनों व वरीय अधिकारियों के निर्देश को ताक पर रखकर जिस तरह काम को अंजाम दिया जा रहा उसपर कई तरह शंका व सवाल गहराते जा रहे हैं। रेंजर मुक्ति प्रकाश ने बताया कि बाजबरन वन क्षेत्र में कार्य करने वाले संवेदक के विरुद्ध पूर्व में सामग्रियों को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अगर पुनः उल्लंघन किया जा रहा है तो जांच कराई जाएगी।

जिला नियोजन कार्यालय में एक दिवसीय भर्ती कैंप 19 को

लातेहार। झारखंड राज्य के बेरोजगार युवक व युवतियों की निजी क्षेत्र के कंपनी, प्रतिष्ठान व अन्य संस्थानों में रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला नियोजन कार्यालय लातेहार के द्वारा एक दिवसीय भर्ती कैंप का आयोजन आगामी 19 मई को पूर्वाह्न 10 से 3:30 बजे अपराह्न तक जिला खेल स्टेडियम लातेहार परिसर में आयोजित किया जायेगा। इस भर्ती कैंप में विभिन्न कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाकर भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि अन्य कंपनी व संस्थानों से भी लगातार सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक विभिन्न पदों के लिए रिक्तियां प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि भर्ती कैंप में भाग लेने के लिए झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति, फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति व बायोडाटा की दो कॉपी साथ लाना अनिवार्य है।

प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय में नूतन छात्रा अभिनंदन समारोह

लक्ष्य तय कर करें पढ़ाई, सफलता निश्चित मिलेगी : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। जीवन में अगर लक्ष्य तय कर पढ़ाई करें तो जीवन में सफलता निश्चित मिलेगी। मेरा लक्ष्य था कि मैं राजनीति करूंगा और आज मैं तीसरी बार विधायक बना हूं। ये बातें लातेहार विधायक प्रकाश राम ने बालूमाथ स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित नूतन छात्रा अभिनंदन समारोह में शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रहने की आवश्यकता है। सिर्फ अच्छी बातें सीखने के लिए ही मोबाइल का इस्तेमाल करें। आज से आप लोग एक लक्ष्य लेकर पढ़ाई करना तय करें और अच्छे पद पर जाकर बालूमाथ का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि बालूमाथ में डिग्री कॉलेज का निर्माण हर हाल में कराऊंगा। पिछले बार पांच विद्यालय को इंटरमीडिएट का दर्जा दिलवाया था। इस स्कूल को भी प्लस टू उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाऊंगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो आतंकी घटना हुई जिसमे हमारी सेना की महिला कमांडर ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के साथ करारा जवाब देने का कार्य किया। यह आप सबों के लिए एक प्रेरणा भी साबित होगी। इससे पूर्व आयोजित कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया गया। विधायक के अलावा रामनाथ सिंह,सुरेंद्र गुप्ता, अरविंद भगत, कृष्णा यादव, शैलेश सिंह विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष पंकज राय ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने की बात कही। मौके पर अंजली कुमारी, सौम्या सिंह, हिना परवीन ,रीमा कुमारी समेत कई छात्राओं अपने-अपने विचार रखें। छात्रा सुधा कुमारी ने विधायक के समक्ष पीने का साफ पानी की व्यवस्था स्कूल में नहीं होने की बात कही जिस पर विधायक ने जल्द ही कमी दूर करने का आश्वासन दिया। सभा का संचालन शिक्षक निर्मल सिन्हा ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

मुखिया ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

टंडवा(चातरा)। प्रखंड के धनगड़ा पंचायत के रक्सी गांव में नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन स्थानीय मुखिया सह जिला मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। बताया गया इस गांव में पिछले दो महीने से दो दो ट्रांसफार्मर जलने से बिजली बाधित थी। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया , 20 सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव समेत विभाग को दी । दो महीने बाद विभाग द्वारा दोनों ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। शनिवार को पुनःबिजली बहाल कराकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी ला दी है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग से 25 केवीए के जगह 63 या 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की जा रही थी, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी एक न सुनी। मुखिया ने कहा कि भविष्य में पुनः ट्रांसफार्मर जला तो निश्चित रूप से सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा।

समाहरणालय, चतरा।
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com
आम सूचना

एतत् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–133/राँची, दिनांक–14.05.2025 द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता/प्रतिभागी राज्य के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर "नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)" दिया जाना है। तदालोक में चतरा जिला के वैसे खिलाड़ी, जिन्होंने दिनांक 01.04.2024 के बाद अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हों अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या–03, दिनांक–11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता (Eligibility) धारित करते हो, वे "नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन दिनांक–06.06.2025 तक जिला खेल कार्यालय, चतरा में जमा कर सकते है।

नोट :– अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, चतरा के सूचना पट्ट तथा **www.chatra.nic.in** पर अपलोडेड **Documents** देखा जा सकता है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 352822 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 04/2025–26 दिनांक– 16.05.2025

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.05.2025 के 1.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 31.05.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.05.2025 के 3.30 बजे अपराह्न तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

क्र. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि रु0	अग्रधन राशि रु0	परिमाण विपत्र का मूल्य रु0	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1	Renovation for Raising of Boundary wall & Toilet of Collectorate at Latehar	2485000/-	50000/ -	500 0/-	03 (Three) Month

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR 352776 Building(25-26)D

न्यूज बॉक्स

आंधी तूफान में गरीब किसानों के घर का उड़ा छत

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र में अच्चानक बूंदा बूंदी होने के साथ तेज हवा चलने से गरीब किसानों के घर का एस्बेस्ट उड़ गया। जिसे लोगों को रहने के लिये काफी परेशानी हो रही है। बूंदा बूंदी के साथ तेज हवा चलने से प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव में किसानों का घर का एस्बेस्ट उड़ गया। वही चंदवा निवासी चन्द्र उरांव का पुत्र प्रसाद उरांव, राजनाथ खेरवार की पत्नी लसनिया देवी,स्व. देवनाथ खेरवार कस पुत्र मुखलाल खेरवार और चरवा उरांव का पुत्र बीरा उरांव ने बताया कि बूंदा बूंदी के साथ तेज हवा चलने से घर का एस्बेस्ट उड़ गया। जिसे परिवार के साथ रहने में और घर का समान तथा मवेशियों को रखने में काफी असुविधा हो रही है। लोगों ने सरकार से मुवावजा के लिये गुहार लगाया है। वही अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी से इस संदर्भ में जायजा लेने पर बताया कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति आवेदन नही दिया है। यदि आंधी तूफान से किसानों के घर का नुकसान हुआ होगा तो सरकारी प्रावधान के अनुरूप मुवावजा दिया जायेगा।

तीन माह का राशन एक साथ मिलेगा : बीडीओ

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड सभागार में को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर यादव बैठा और अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी तीन महीनों – जून, जुलाई और अगस्त – का राशन एक साथ लाभार्थियों को वितरित करने की योजना पर जनप्रतिनिधियों को अवगत कराना और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना था। जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुमला के आदेशानुसार आयोजित इस बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, उप मुखिया और पंचायत समिति सदस्यों सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जून, जुलाई और अगस्त माह का खाद्यान्न एक साथ लाभार्थियों को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया ताकि सभी पात्र लाभुक समय पर अपना राशन प्राप्त कर सकें।बीडीओ श्री बैठा ने सतर्कता समिति के सदस्यों से राशन वितरण में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी को रोकने के लिए सक्रिय रहने का आग्रह किया। इसके साथ ही, उन्होंने ई-केवाईसी की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी राशन कार्ड धारकों को ई-केवाईसी कराने के लिए जागरूक करना आवश्यक है, क्योंकि ई-केवाईसी न होने की स्थिति में कार्ड से नाम काटा जा सकता है।इसके अतिरिक्त, श्री बैठा ने ग्रीन कार्ड धारकों को भी खाद्यान्न उठाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता बताई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार पहुंचा भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के बीच

लोहरदगा। लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें कानूनी जानकारी दी। नालसा और झालसा के निर्देशानुसार डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के निर्देश पर जिला के विभिन्न विधालयों में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तर्ज पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के बीच पहुंचे। श्री कुमार ने स्काउट गाइड के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की डालसा जनहित के लिए हमेशा तैयार रहती है। जनसमस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुलझाने का काम करती है। ऐसे कार्य जो डालसा के माध्यम से सुलझाएं जा सकता है हम सुलझाने की दिशा में कार्य करते हैं। डालसा स्कूलों के अलावा गांव घर में भी पहुंच कर अपने सकारात्मक कार्यों को अंज़ाम दे रहा है। कानून में बदलाव, कानूनी सहायता, समाजिक सहयोग जैसे कार्यों में डालसा हमेशा तत्पर रहती है। स्काउटिंग गाइडिंग भी समाज हित में बच्चों को तैयार करती है। ऐसे में इन बच्चों को डालसा के उद्देश्यों को जानना भी जरूरी है। ताकि जनहित में ये कार्य को बढ़ावा दे सकें। एवी डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डालसा सचिव राजेश कुमार ने बच्चों के द्वारा बनाएं गए रंगोली और टेंट का भी मुआयना किया। और बच्चों की कुशलता की सराहना की।

वन विभाग की अपील: जंगली हाथियों से सतर्क रहें

लोहरदगा। वन विभाग व जिला प्रशासन की ओर से आमजन से अनुरोध किया गया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, भीड़ न लगाएं और हाथी से दूरी बनाए रखें। केवल प्रशासन व वन विभाग की टीम को ही कार्य करने दें। वन विभाग ने कहा है कि हाथी अक्सर भोजन और पानी की तलाश में गांवों की ओर रुख करते हैं, जिससे जन-धन की हानि की संभावना बनी रहती है। वन विभाग ने बताया कि क्षेत्र में गश्ती दल सक्रिय है और प्रभावित गांवों में लगातार निगरानी की जा रही है। ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए विभाग ने कहा कि सतर्कता और संयम ही सबसे बेहतर सुरक्षा है। सुरक्षा हेतु वन विभाग ने कई निर्देश जारी किए है जिसमे हाथी दिखने पर शोर न मचाएं – भीड़ न लगाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। रात के समय खेत या जंगल की ओर न जाएं। चौराहों, रास्तों और खेतों में तेज़ रोशनी का प्रयोग न करें, जिससे हाथी उत्तेजित हो सकते हैं। स्थानीय वन पदाधिकारियों से संपर्क में रहें और किसी भी मूवमेंट की सूचना दें। मवेशियों को जंगल के किनारे चराने से बचाएं, आदि शामिल हैं।

हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम छात्रों को सामाजिक मुद्दों पर थाना प्रभारी ने किया जागरूक

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रतिष्ठित संत अन्ना हाई स्कूल में आज चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के छात्रों को समाज में व्याप्त ज्वलंत समस्याओं जैसे डायन प्रथा, नशापान, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, मानव तस्करी, बाल विवाह, डायल 112 की उपयोगिता और आत्महत्या की रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, पुलिसकर्मी, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों और विद्यालय के शिक्षकों ने इन महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की और छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। *डायन प्रथा:* वक्ताओं ने डायन प्रथा को समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप बताते हुए इसके पीछे छिपे अंधविश्वासों पर प्रकाश डाला। छात्रों को तर्कसंगत सोच विकसित करने और इस तरह की कुप्रथाओं का पुरजोर विरोध करने के लिए प्रेरित किया गया। *नशापान:* नशापान के हानिकारक प्रभावों पर बल देते हुए, छात्रों को इससे दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बेमौसम बारिश होने से केरा झरिया पुल के पास चलना मुश्किल, यातायात हुआ प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। थाना क्षेत्र के सीमा वर्ती क्षेत्र लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर केरा झरिया पुल के समीप संवेदक द्वारा पथ निर्माण कराया जा रहा है.पथ निर्माण कार्य मे संवेदक द्वारा रास्ता में नगडा मिट्टी डाल दिया गया है.जिसे शनिवार को करीब 4 बजे अच्चानक बारिश होने से मिट्टी गिल्ला हो गया.जिस पर पैदल राहगीरों,मोटर साइकिल सवार चार पहिया वाहन तथा भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई. कुछ वाहन आवश्यकता अनुसार इधर से उधर जाने का चालक द्वारा प्रयास करने पर वाहन चक्का को मिट्टी पकड़ लिया जिसे कुछ मोटर साइकिल सवार गिर गये। वही आवागमन में इस तरह की घटना को देख कर अन्य वाहन चालक और राहगीर को दूसरे रास्ता का सहारा लेना पड़ा वही छोटी वाहन कंडरा से लरंगो के रास्ते ग़महरिया होकर गुजरी तो बड़ी वाहनों का कतार लग हुआ है। जिसे सड़क पर जाम की स्थिति बनी हुई है। सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन के निर्देश पर गस्ती दल पहुंच कर यातायात को बहाल करने में लगी हुई है। पुअनि मनीष कुमार महतो ने कहा कि बेमौसम बारिश होने के कारण मिट्टी गिल्ला हो जिसे दो पहिया और छोटी बड़ी तथा भारी वाहनों के पहिया मिट्टी में धंस रहा है।

झमझम बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड और आसपास के क्षेत्रों में आज दोपहर बादल गर्जन के साथ झमझम बारिश हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। सुबह से ही तेज धूप और उमस के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त था। दोपहर तक चैनपुर का तापमान 35 सेल्सियस दर्ज किया गया था, जिससे लोग गर्मी से बेहाल थे।अचानक मौसम में बदलाव आया और काले बादल छा गए। इसके बाद तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई, जो काफी देर तक जारी रही। इस बारिश से वातावरण में ठंडक आ गई और लोगों ने राहत की सांस ली। बच्चे और युवा बारिश में भीगते हुए नजर आए।किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं, क्योंकि यह बारिश खरीफ की फसलों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। लोगों ने गर्मी से राहत मिलने पर खुशी जताई और मौसम के इस बदलाव का स्वागत किया।

जिला के विकास के लिए आपसी सद्भावना जरूरी : उपायुक्त

- जिला प्रशासन का होमी जे भाभा कोचिंग संस्थान बना मिसाल, स्टुडेंट्स इसे आगे बढ़ाएं
- जिला स्थापना दिवस समारोह में बोले उपायुक्त, सभी से की अपील

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा जिला का 42वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को समाहरणालय मैदान में मनाया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा मेला में स्टॉल लगाया गया जिसे विकास मेला का नाम दिया गया। विकास मेला का उद्घाटन उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जिला का गठन वर्ष 1983 में किया गया जिसके बाद यह जिला लगातार विकास की राह पर बढ़ता रहा। जब मैंने उपायुक्त के रूप में इस जिले का कार्यभार संभाला तो आपसी सद्भाव के लिए बहुत बड़ी चुनौती थी। सभी जन के प्रयास से जिला में अमन चैन स्थापित किया जा सका। असल में आपसी समन्वय, सद्भावना और सहभागिता ही किसी जिले के विकास की नींव होती है। इसके बिना कोई भी विकास की राह पर आगे नहीं बढ़ सकता। सभी छात्र-छात्राएं यह बात गांठ बांध लें कि अशांति के साथ प्रगति नहीं हो सकती। इसके लिए हम सभी को एक दूसरे का सम्मान करते हुए आपस में मिल-जुल कर रहना होगा। जो विरासत हमें दी गई है उसे आगे ले जाना है। जिला प्रशासन की टीम हमेशा युवाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित होमी जे भाभा कोचिंग संस्थान में वर्तमान में इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करनेवाले अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ी है। वैसे छात्र-छात्राएं जो इन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थान का खर्च नहीं उठा सकते थे उनको जिला प्रशासन के द्वारा तैयारी के लिए यह पहल की गई थी। उस समय छात्र-छात्राओं के बीच जाकर उन्हें तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया जाता था लेकिन आज स्थिति बदल गई है। आज छात्र-छात्राएं स्वयं कोचिंग संस्थान आ रहे हैं और अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। छात्र-छात्राएं भी यहां तैयारी कर अपना नामांकन एम्स और आईआईटी जैसे संस्थानों करने की इच्छा रखते हैं। अभी हाल ही में जब आईआईटी/जेईई मेंस के रिजल्ट आये तो जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू प्लस टू के दो छात्रों निशान कुमार और शिशुपाल उरांव ने अच्छे अंक लाकर यह बता दिया कि यहां के भी स्टुडेंट्स कठिन परीक्षाओं में बेहतर कर सकते हैं। जिला प्रशासन को पूर्ण भरोसा है कि इन दोनों का नामांकन किसी अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेज में अवश्य होगा। जो शुरूआत अब लोहरदगा जिला में हुई है उसे अगले बार हम इसकी संख्या दोगुना और चौगुना करना

परिसंपत्तियों का किया गया वितरण विकास मेला में लगाये गए 25 स्टॉल

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने नागपुरी सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व स्टॉल का निरीक्षण अतिथियों द्वारा किया गया। विकास मेला में कुल 25 स्टॉल लगाए गए। जिनमें शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग एवं जेटीडीएस, राजस्व विभाग एवं यूआईडी, उद्योग विभाग, खेलकूद एवं पर्यटन विभाग के स्टॉल सहित अन्य शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुक पंकज महतो को 8.41 लाख रूपये की लागत से क्रय किये गये बोलेरो की चाभी प्रदान की गई। इस योजना का लाभ पंकज महतो को सब्सिडी के तहत दी गई है। ग्राम कोराम्बे और बानपुर के ग्रामीणों को सामुदायिक वन पट्टा प्रदान किया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत इच्छा कुमारी, प्रीति कुमारी को स्वीकृति-पत्र प्रदान किया गया।

नक्सलवाद से मुक्त होने की ओर अग्रसर है लोहरदगा : पुलिस अधीक्षक

लोहरदगा। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि एक समय में लोहरदगा जिला अति नक्सलवाद ग्रस्त जिला की श्रेणी में था। पूर्व पुलिस अधीक्षक ने भी अपने प्राण नक्सलवाद के कारण ही गंवाये थे। लेकिन आज हालात अलग है। नक्सलवाद की जड़े खोखली हो चुकी हैं और लोहरदगा जिला विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। वर्तमान उपायुक्त, लोहरदगा के नेतृत्व में लोहरदगा जिला को अलग पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मिली है जहां अभावग्रस्त छात्र-छात्राओं को नीट व आईआईटी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क करायी जा रही है। इस जिला से दो बच्चों को आईआईटी/जेईई की मेंस परीक्षा में सफलता भी मिली है। लोहरदगा जिला में लगातार नये-नये प्रतिष्ठान खुल रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ रही हैं। शिक्षण संस्थान खुल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रांची जिला से सटे होने और नियमित विकास की राह पर अग्रसर होने के कारण लोहरदगा जिला अगले 7-8 वर्षों में रांची जिला के साथ ट्विन सिटी के रूप में जाना जाएगा। यहां के छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल है। पुलिस लगातार आम जनता की सेवा में चौबीसों घंटे तत्पर है।

मसमानो में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा। मसमानो गांव में आयोजित श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर गांव की 521 कुंवारी कन्याओं और महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर लगभग तीन किलोमीटर की यात्रा निकाली। शोभायात्रा मसमानो गांव से निकलकर मसमानो स्कूल मोड़, सोमवार बाजार रोड होते हुए श्री राधा कृष्ण महावीर मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान ढोल-नगाड़े, डीजे की धुन और भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। जय श्री राम के नारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा। भीषण गर्मी के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। वेदमंत्रों के बीच बनारस से पधारे आचार्य पंकज शास्त्री व विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी की अगुवाई में बोटका नदी से पवित्र जल भरकर कलशों की स्थापना की गई। यज्ञ समिति के अध्यक्ष लाल त्रिलोकनाथ शाहदेव ने बताया कि यह महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम 6 बजे महाआरती, साढ़े 7 से साढ़े 9 बजे तक पीठाधीश्वर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रवचन, और रात्रि 9:30 बजे से रासलीला का आयोजन होगा। साथ ही भक्ति जागरण भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बड़ी संख्या में वालंटियर्स की नियुक्ति की गई है।

10वीं व 12वीं को उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम में इस वर्ष 10वीं व 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त व अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें 10वीं की परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से नदिया हिंदू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लोहरदगा के छात्र उमेश साहू, 12वीं की परीक्षा (कला संकाय) में नदिया हिंदू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लोहरदगा की छात्रा सिफत मेराज, विज्ञान संख्या की छात्रा कृति कुमारी और कॉमर्स संकाय के छात्र अमन रजा शामिल है। 12वीं की परीक्षा में जिला के टॉपर अश्विनी शर्मा जिन्होंने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किये थे, उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। 12वीं विज्ञान संकाय में ग्रेटर त्रिवेणी विद्यालय

75% अनुदान वृद्धि की मांग पर अड़े शिक्षक

पालकोट (गुमला)। पंपापुर इंटर महाविद्यालय, पालकोट में आज दिनांक 16 मई 2024 को शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर चले गए। यह हड़ताल झारखंड वित्त रहित शिक्षा संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर राज्य भर में चल रहे आंदोलन के तहत आयोजित की गई, जिसमें 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि की मांग को लेकर शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। हड़ताल के दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी शिक्षण कार्यों से विरत रहे और महाविद्यालय परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –RDD/SD/LOHARDAGA/E-11/2024-25PR No. 350436Lohardaga (25-26)_D के ग्रुप 01 से 04 तक के योजनाओं को अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 352731 (Lohardaga)25-26*D

जंगली हाथी के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा शहर में इन दिनों जंगली हाथी का आतंक बना हुआ है। शहरवासियों के लिए बीती रात किसी डरावने सपने से कम नहीं रही, जब एक जंगली हाथी ने शहर के रिहायशी इलाकों में दस्तक दे दी। किस्को मोड़, शांति नगर, रघु टोली, स्टेशन टोली जैसे क्षेत्रों में हाथी को घूमते देखा गया, जिससे स्थानीय लोगों में भारी दहशत फैल गई है। शहर के सड़कों पर घूमते हाथी को देखने के लिए लोग घरों की छतों पर चढ़ गए। वहीं कुछ लोगों ने मशालें लेकर और तेज रोशनी कर हाथी को भगाने की कोशिश की, जिससे स्थिति और अधिक भयावह हो गई। वन विभाग द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद भीड़ ने शोर-शराबा करना नहीं छोड़ा।

सड़क पर घूमता हाथी, छतों पर चढ़े लोग

हाथी के शहर में आने की खबर फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। कई लोग अपने घरों की छतों पर चढ़कर हाथी को देखने लगे, वहीं कुछ उत्साहित लोगों ने मशालें लेकर हाथी को भगाने की कोशिश की। वन विभाग द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बावजूद लोग शोर-शराबा करते रहे, जिससे हाथी और अधिक उत्तेजित हो गया।

फसलें बर्बाद, एक युवक की मौत

जानकारी के अनुसार, उक्त जंगली हाथी दो दिन पहले कैरो थाना क्षेत्र में पहुंचा था, जहाँ उसने एक युवक को कुचल कर मार डाला। इसके बाद भंडरा और सेन्हा थाना क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर हाथी ने कई किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर हाथी अब शहर के बाहरी और भीतरी इलाकों में विचरण कर रहा है।

सांसद ने की त्वरित कार्रवाई की मांग

शहर में हाथी की मौजूदगी की सूचना सांसद सुखदेव भगत को फोन पर दी गई। सांसद ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और वन विभाग के अधिकारियों से बात कर हाथी को शीघ्र शहर से बाहर निकालने के निर्देश दिए।

भीड़ नियंत्रण सबसे बड़ी चुनौती

स्थानीय प्रशासन के लिए फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती भीड़ को नियंत्रित करना और हाथी को शांतिपूर्वक जंगल की ओर भेजना है। प्रशासन ने कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

कार्यालय :–असैनिक शल्य चिकित्सक
– सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू
Email Id – civilsurgeonpalamu@gmail.com

आवश्यक सूचना

जिला स्वास्थ्य समिति पलामू अर्न्तगत विज्ञापन सं0 01/2025 से संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0 01/2025 द्वारा दिनांक 11.05.2025 को आयोजित लिखित परीक्षा का Answer key तथा अभ्यर्थियों का प्राप्तांक www.palamu.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

आदेशानुसार
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 352811 (District)25-26*D

मनरेगा योजना में अधिक मजदूरों को काम दें : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में पंचायत सचिव, जनसेवकों के साथ बैठक आयोजित किया गया. आयोजित बैठ में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के द्वारा पंचायत वार मनरेगा योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना की समीक्षा की गई.वही बीडीओ संग्राम मुर्मू ने सभी पंचायत सचिव और जनसेवकों को निर्देश देते हुए की मनरेगा योजना के तहत पिछले वर्ष लगाये गये पौधों को थाला बनाकर बरसात तक सिंचाई कराने का निर्देश दिया गया। क्यों की धूप काफी पड़ रहा है.जिस के लिये पौधों का सिंचाई आवश्यक है.वही पौधों में एच टेका लगाने के लिये भी कहा गया.साथ ही इन दिनों प्रखंड क्षेत्र आम बागवानी के लिये मनरेगा योजना के तहत गड्ढा खुदाई का कार्य चल रही है.उसमें जॉब कार्ड धारी मजदुरों को काम में लगाने का निर्देश दिया गया. प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना में जो लाभुक अग्रिम राशि लेने के बाद कार्य प्रारम्भ नहीं किये हैं. वैसे लोगों से जनसेवकों को राशि की वसूली करने का निर्देश दिया गया. तथा जनसेवकों को क्षेत्र भ्रमण कर आवास का कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

जिला क्रीडा पदाधिकारी, लातेहार
(जिला पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Email Id- dsoltr2020@gmail.com

सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड़ राज्य के लातेहार जिलान्तर्गत वैसे खिलाड़ी एंव उनके प्रशिक्षक जिन्होने दिनांक 01.04.2024 के बाद अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता आदि में पदक प्राप्त किये गये हो अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या – 03 दिनांक 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने कि अहर्ता (eligibility) धारित करते हो एवं जिन्हें अभी तक नगद पुरस्कार राशि प्राप्त नही हो सकी है, वे नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में पुर्ण रूप से भरकर अनिवार्य रूप से दिनांक– 31.05.2025 के अप0 04:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, लातेहार में आवेदन जमा कर सकतें है। नगद पुरस्कार हेतु विहित–प्रपत्र जिला खेल कार्यालय, लातेहार अथवा जिले के वेबसाईड– www.latehar.nic.in से प्राप्त कर सकते है।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी
लातेहार

PR 352773 District (25-26)_D

पिकअप वाहन व बाइक में हुई जोरदार टक्कर, बाइक सवार घायल

नवीन मेल संवाददाता

पालकोट। पालकोट थाना के समीप शुक्रवार की शाम को पिकअप वाहन और बाइक की जबरदस्त टक्कर से बाइक में सवार पालकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत डहुपानी पंचायत स्थित लोटवा,नावाटोली-अंबाटोली गांव निवासी पेसे से (शिक्षक) योगेंद्र प्रधान 35 वर्ष,रमेश गोप 35 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना शुक्रवार शाम 6 : 45 बजे की है।इस दुर्घटना के बाद थाना के समीप लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। लोगों ने आनन-फानन में उक्त दोनों घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पालकोट पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। शिक्षक योगेंद्र प्रधान के सिर पर गहरी चोट लगी है। जिसके कारण उनकी स्थिति गंभीर बताया जा रहा है। वह बेहोशी की हालत में हैं। पुलिस ने पिकअप वाहन चालक और उप चालक को हिरासत में लेकर पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को शिक्षक योगेंद्र प्रधान और रमेश गोप अपने बाइक से पालकोट स्टैंड की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में वो जैसे ही पालकोट थाना के समीप पहुंचे। की विपरित दिशा से तेज गति से आ रही एक पिकअप वाहन ने अपने चपेट में लेते हुये बाइक को जबरजस्त रुप से टक्कर मार दी।

जिसके कारण शिक्षक योगेंद्र प्रधान और रमेश गोप सड़क में गिर पड़े। जिससे उन्हें गंभीर रुप से सिर और शरीर के विभिन्न हिस्सों में गहरी चोट लगी है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। लोगों ने आनन-फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पालकोट पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है। साथ ही पुलिस ने पिकअप वाहन चालक और उप चालक को हिरासत में लेकर पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है।

सीएसआर व उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश, कहा-

खनन प्रभावित क्षेत्रों में दो माह के अंदर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और जिला उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में हिंडाल्को द्वारा खनन क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई, जिसमें पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण आयवृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में अगले दो माह के भीतर हर हाल में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जलमीनार निर्माण, विद्यालयों की मरम्मत और अन्य कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। खराब पड़े जलमीनारों की मरम्मत एक सप्ताह में पूरी करने का आदेश भी उन्होंने दिया। ग्रामीण आयवृद्धि के संदर्भ में उपायुक्त ने विशेष रूप से मछली पालन को बढ़ावा देने की बात कही। तालाब निर्माण में तेजी लाने, मत्स्य बीज और चारा वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने तथा किसानों को इससे जोड़ने पर बल दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी आवासीय विद्यालयों में हेल्थ कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में घाघरा में 77 और बिशुनपुर में 62 टीबी मरीजों का उपचार चल रहा है, जिनके लिए नियमित दवा और पोषणयुक्त रागी लड्डू का वितरण सुनिश्चित किया जाए। बिशुनपुर प्रखंड के कुंजाम उत्क्रमित मध्य विद्यालय की जर्जर स्थिति पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने स्कूल की फोटो दिखाकर मरम्मत प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर विकास उद्यमी बोर्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना तथा पीएम एफएमई योजना की भी समीक्षा की गई। जिला समन्वयक सूरज कुमार ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्राप्त 172 आवेदनों में से 156 पात्र पाए गए हैं।

प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : उपायुक्त

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस में बिशुनपुर एवं डुमरी प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी विभिन्न समस्याएं साझा कीं। कार्यक्रम में कुल 20 से अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और पुल, सड़क, जलमीनार, सिंचाई, पेयजल, आवास, राशन कार्ड और मंईया सम्मान योजना से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। विशेष रूप से मंईया सम्मान योजना की राशि से संबंधित मुद्दों को कई महिलाओं ने वीसी के माध्यम से उठाया, जिस पर उपायुक्त ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

चार दशकों बाद मिली बिरहोर समुदाय को पहचान

जाति प्रमाण पत्र मिलने से खुले सरकारी योजनाओं के द्वार

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। गुमला जिले के पालकोट प्रखंड अंतर्गत जलडेगा गांव में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह बिरहोर समुदाय के 21 परिवारों को आखिरकार चार दशक बाद अपनी जातीय पहचान मिली। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर प्रधानमंत्री जनजातीय सशक्तिकरण अभियान के तहत इन परिवारों को पहली बार जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विगत 40 वर्षों से ये परिवार जाति प्रमाण पत्र के अभाव में सरकारी योजनाओं, आरक्षण, शिक्षा और रोजगार जैसे मूलभूत अधिकारों से वंचित थे। जनसुनवाई के दौरान इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने त्वरित पहल करते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को ग्राम सभा आयोजित कर आवश्यक अनुशंसा तैयार करने का निर्देश दिया।

इसके बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया, जिसके आधार पर प्रमाण पत्र जारी किए गए। बिरहोर समुदाय, जो पारंपरिक रूप से वन उत्पादों और रस्सी निर्माण जैसे कार्यों पर निर्भर है, आज भी आधुनिक विकास की मुख्यधारा से काफी हद तक दूर है। जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाना न केवल दस्तावेजी अधिकार का प्रमाण है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक ठोस कदम भी है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि गुमला जिले में समुदाय की आबादी उल्लेखनीय है, और प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी समुदाय विकास की प्रक्रिया से वंचित न रहे।

न्यूज बॉक्स

दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए सिसई वॉलेंटियर्स का हुआ चयन

सिसई (गुमला)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 19 और 20 मई 2025 को रखा गया है। जिसमें लोक सभा चुनाव और विधान सभा चुनाव में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ/बैग मेंबर्स एवं वॉलेंटियर्स का चयन कर प्रक्षिक्षण हेतु भेजा जाना था। जिसमें सिसई प्रखंड से कार्तिक उरांव प्लस टू उच्च विद्यालय छारदा, सिसई के वॉलेंटियर्स का चयन किया गया एवं उन्हें उपायुक्त गुमला के द्वारा हरी झंडी दिखा कर दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

बजरंग दल का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण आयोजित

गुमला। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 17 से 18 मई 2025 तक सरस्वती विद्या मंदिर, डीएसपी रोड, गुमला में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का प्रशिक्षण देना है। बजरंग दल के जिला संयोजक संतोष यादव ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन के मूल विचारों को समझने, कार्यशैली को अपनाने और कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के समय में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल एक वैश्विक पहचान बन चुका है, और हिंदू समाज की उम्मीदें इस संगठन से जुड़ी हैं। इन अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख अमित कुमार ने बताया कि गुमला जिले के प्रत्येक प्रखंड, खंड और उपखंड के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेना अनिवार्य है। यह वर्ग न केवल संगठन की रीति-नीति को सिखाता है, बल्कि कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण की नींव भी रखता है। विहिप जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने कहा कि वर्तमान समय में देश सेवा के लिए सजग, सतर्क और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। हालिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश की रक्षा एवं सेवा के लिए संगठन का योगदान सदैव महत्वपूर्ण रहा है और रहेगा।

बाबा बुढ़ा महादेव मंदिर जाने के लिए मुख्य मार्ग का हुआ पुन निर्माण, ग्रामिणों में खुशी

नवीन मेल संवाददाता

सिसई (गुमला)। भदौली पंचायत अन्तर्गत पोटरो बूढ़ा महादेव जाने के लिए बाईपास फोरलेन में सर्विस रोड दिनांक 14 मई 2025 को पूर्ण हो गया। पूरे प्रखण्ड में आस्था का केन्द्र माने जाने वाले बाबा बूढ़ा महादेव मंदिर जाने के लिए सड़क बन जाने से बाबा का दर्शन पूजन के लिए आमजनों को सुलभता मिल गया है। जिससे समस्त प्रखण्ड वासियों में हर्ष का माहौल है। बताया गया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व सड़क निर्माण करने वाले आरकेडी कंस्ट्रक्शन्स द्वारा एन एच बाईपास फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान मंदिर जाने वाले सड़क को ब्लॉक कर दिया गया था। जिससे मंदिर आवागमन बाधित हो गया था। बार बार ग्रामीणों द्वारा सड़क की मांग करने पर भी कंस्ट्रक्शन की ओर से सड़क निर्माण नहीं किया जा रहा था। जिसके वजह से ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। जिसपर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी द्वारा आरकेडी कंस्ट्रक्शन के साथ बैठक कर सड़क निर्माण का रास्ता प्रशस्त किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों के पहल से वर्षों से लंबित सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण हो पाया। इसके लिए पोटरो ग्रामवासियों ने बाबा बूढ़ा महादेव मंदिर जाने के लिए सड़क निर्माण कराए जाने पर उतरी व दक्षिणी जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, मुखिया, वार्ड सदस्य,सभी पत्रकार बंधु, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं रोहित शर्मा तथा प्रखंड के सभी समाजसेवियों का दिल से आभार व्यक्त किया है।

कुम्हरो गांव में लगा सिकल सेल एनीमिया

- 102 लोगों की हुई जांच – डॉ. रियो नाज ने दिया जागरूकता संदेश

नवीन मेल संवाददाता

भरनो (गुमला)। सामाजिक सरोकार और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए भरनो प्रखंड के कुम्हरो गांव में अंचलाधिकारी अविनाश कुजूर के नेतृत्व में सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर की अगुवाई डॉ. रियो नाज ने की। शिविर में 1 से 40 वर्ष की आयु के कुल 102 ग्रामीणों की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई। इस दौरान डॉ. रियो नाज ने उपस्थित ग्रामीणों को सिकल सेल और सामान्य एनीमिया के कारण, लक्षण, पहचान और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से खानपान और पोषण पर ध्यान देने की सलाह दी, ताकि इस गंभीर बीमारी से बचा जा सके। डॉ. रियो नाज के साथ एएनएम सुमन कुजूर, सेविका और सहायिका की टीम ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है और उन्होंने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा है और इसे ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक मजबूत कदम बताया है।

बाल संसद प्रबोधन वर्ग का भव्य हुआ आयोजन

- 114 बाल प्रतिनिधियों ने सीखे लोकतंत्र और नेतृत्व के गुर

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में दिनांक 17 मई 2025 को एक प्रेरणादायी और शैक्षिक आयोजन के तहत संकुल स्तरीय शिशु/बाल/किशोर/तरुण/कन्या भारती प्रबोधन वर्ग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुमला संकुल के अंतर्गत संचालित विभिन्न विद्यालयों के 114 बाल संसद अधिकारी – प्रधानमंत्री, सेनापति, वंदना, स्वच्छता एवं अनुशासन विभाग के प्रतिनिधि भैया-बहन शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें विद्यालय के सचिव विजय बहादुर सिंह, प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा, भरनो विद्यालय के आचार्य सिद्धेश्वर साहू और बाल भारती प्रमुख संजय कुमार ने भाग लिया।

प्रोजेक्ट अजीत के तहत तीन प्रेरक शिक्षक हुए सम्मानित

गुमला। प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता में नवाचार और प्रेरणा का समावेश करते हुए गुमला जिले में चल रहे "प्रोजेक्ट अजीतः प्रेरणा से परिवर्तन की ओर" के अंतर्गत इस सप्ताह तीन प्रेरक शिक्षकों का चयन "टीचर ऑफ द मंथ" के रूप में किया गया है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल पर संचालित इस अभिनव कार्यक्रम का उद्देश्य उत्कृष्ट शिक्षकों को पहचान देना और शैक्षणिक नवाचार को बढ़ावा देना है। कृष्णा प्रजापति (बिशुनपुर), शबनम नामलेन लुगून (पालकोट), बाल कृष्णा (पबेया, गुमला) इन तीनों शिक्षकों को इस सप्ताह का चयनित प्रेरक शिक्षक चुना गया है। शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम के तहत आयोजित इस गतिविधि में हर सप्ताह तीन अलग-अलग प्रखंडों से ऐसे शिक्षकों का चयन किया जाता है, जिन्होंने विद्यालय में नवाचार, अनुकरणीय शिक्षण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में विशेष कार्य किया है। चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है।

विकलांग व्यक्ति ने की आत्महत्या

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत के सदान बुकमा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक विकलांग व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतक की पहचान डीपा बुकमा निवासी बिपिन रोशन कुजूर (पिता लेवनाड कुजूर, उम्र 40 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बिपिन ने अपने ही घर में अपनी पत्नी के दुपट्टे से, घर में लगे लकड़ी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की बहन ने बताया कि बिपिन कल चैनपुर से मुर्गा लेकर आया था और उसे बनाने के लिए दिया था। इसके बाद बिपिन घूमने निकल गया था। देर शाम वह अपने कमरे में आकर दरवाजा बंद कर लिया। जब उसे खाना खाने के लिए बुलाया गया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। सुबह जब घर की सफाई हो रही थी, तब भी वह कमरे से बाहर नहीं निकला। तब परिजनों ने दरवाजे में हाथ डालकर खोला तो देखा कि बिपिन घर में लकड़ी के सहारे अपनी पत्नी के दुपट्टे से लटका हुआ था और उसकी बैसाखी वहीं पड़ी थी।

पत्रकारिता को भी उसकी मूल्यबोध के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है: सुनील

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। विश्व संवाद केंद्र, झारखंड द्वारा देवर्षि नारद जयंती सह पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में किया गया।इस गरिमामय अवसर पर पत्रकारिता के आद्य प्रवर्तक देवर्षि नारद को स्मरण करते हुए मीडिया क्षेत्र से जुड़े पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि "देवर्षि नारद केवल एक संवादवाहक नहीं थे, बल्कि वह सत्य, धर्म और सामाजिक जागरूकता के वाहक थे। आज की पत्रकारिता को भी उसी मूल्यबोध के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।" इस अवसर पर "बिरसा हुंकार" पत्रिका के नवीन संस्करण का लोकार्पण भी किया गया,

जिसे सामाजिक चेतना और जनजातीय विचारधारा को सशक्त मंच प्रदान करने वाला माना जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने संबोधन में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, समाज में उसकी भूमिका और सूचना की सच्चाई के महत्व पर बल दिया। सम्मान समारोह में राज्यभर से आए वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों को उनके निष्पक्ष, निर्भीक और समाजोपयोगी पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया।

रक्तदान सबसे बड़ा दान है : बृजेश शर्मा

लोहरदगा। जिले के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई ने सेवा भाव की अनूठी मिसाल पेश की। भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के सक्रिय प्रयासों से एक जरूरतमंद मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट ब्लड की व्यवस्था की गई, जिससे समय पर उपचार संभव हो सका और मरीज की जान बचाई जा सकी। इस अवसर पर बृजेश शर्मा ने 32वीं बार रक्तदान करते हुए समाज सेवा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, "रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह न केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता गुंजन अग्रवाल ने भी रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, "नियमित रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनता है, जिससे स्वास्थ्य बेहतर होता है।

पुस्तकालय प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

पुस्तकाल सामाजिक परिवर्तन का केंद्र है : उपायुक्त

गुमला। जिले में ज्ञान, सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव की दिशा में अहम भूमिका निभा रहे पुस्तकालयों को और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से आज समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में पुस्तकालय प्रबंधन समिति की बैठक उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस विशेष बैठक में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के सचिव एवं पूर्व अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उन्होंने प्रखंड स्तरीय पुस्तकालयों की स्थापना और सुदृढ़ संचालन में अपनी अहम भूमिका निभाई है। श्री गुप्ता ने बताया कि गुमला झारखंड का एकमात्र जिला है जहाँ प्रत्येक प्रखंड में सुविधासंपन्न पुस्तकालय संचालित हो रहे हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के 12 प्रखंडों के पुस्तकालयों में अब तक 6000 से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। विशेष रूप से कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्रों को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर, इंटरनेट, समाचार पत्र, प्रतियोगी परीक्षाओं की सामग्री जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

या कि पुस्तकालय संचालन समिति को पुनर्गठित किया जाएगा। निष्क्रिय सदस्यों को हटाकर नवीन और सक्रिय लोगों को जोड़ा जाएगा। साथ ही, पुस्तकालयों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समाज के सहयोग से "गिफ्ट ऑफ एजुकेशन" जैसे जनअभियानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी प्रखंड पुस्तकालयों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि पुस्तकालयों के लिए समर्पित नागरिकों को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए।

पुस्तकालय बना सफलता की नींव

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि "पुस्तकालय केवल भवन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के केंद्र हैं।" उन्होंने एक प्रेरक उदाहरण साझा करते हुए बताया कि एक बकरी बेचने वाली महिला की बेटी, जो नियमित रूप से पुस्तकालय जाती थी, आज आइआइटी पटना में पढ़ रही है। यह पुस्तकालयों की सामर्थ्य का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपील की कि पुस्तकालयों को सिर्फ एक काम न समझें, बल्कि पैशन के रूप में लें।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(Email Id - samajiksurksha@gmail.com)
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

कोटेशन

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड रॉची के ज्ञापांक–116 दिनांक–06.05.2016 के द्वारा तथा उपायुक्त महोदय, चतरा से कार्यालय कार्य एवं क्षेत्र निरीक्षण कार्य के उपयोग हेतु संचिका में आदेश प्राप्त है। जिसके आलोक में एक बोलेरो वाहन सहित ड्राईवर सहित वाह्य स्त्रोत के माध्यम से लिया जाना है।

निदेशानुसार इच्छुक वाह्य स्त्रोत संस्था के मालिक/निदेशक दिनांक–28.05.2025 तक कार्यालय अवधि में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, चतरा समाहरणालय में अपना कोटेशन विहित प्रपत्र में जमा करा सकते है।

नियम व शर्ते वेबसाइट https://chatra.nic.in से प्राप्त कर सकते है।

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा,चतरा

PR 352727 (Social Welfare,Women and Child Development)25-26*D

कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

आम सूचना

एतद् द्वारा सभी भवन मालिकों/संस्था/गैर सरकारी संस्थानों को सूचित किया जाता है कि झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011, झारखंड शहरी क्षेत्र धर्मशाला, विवाह भवन (Marriagre Hall) वैक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013 एवं अधिसूचना संख्या 05/ न0 वि0/विविध/141/2012 –1477 राँची दिनांक 17.04.2013 के द्वारा अनुज्ञप्ति एवं नवीकरण का वार्षिक शुल्क निम्न दर से भवन मालिकों/संस्था/गैर सरकारी संस्थानों द्वारा देय होगा, जो निकायों की श्रेणी के आधार पर निम्नवत् है :–

क्रमांक	भवन का प्रकार	निर्मित क्षेत्र	अनुज्ञप्ति का न्यूनतम दर वार्षिक शुल्क (रु0 में) नगर परिषद
1	धर्मशाला	5000 वर्गफीट तक	800/–
		5001 वर्गफीट से ऊपर	1,000/–
2	विवाह भवन/वैक्वेट हॉल (Banquet Hall)	5000 वर्गफीट तक	7,500/–
		5001 वर्गफीट से ऊपर	10,000/–
3	लॉज	1–10 बेड	800/–
		11–20 बेड	1,200/–
		21–50 बेड	1,500/–
		50 से अधिक बेड	2,000/–
4	हॉस्टल	1–10 बेड	600/–
		11–20 बेड	800/–
		21–50 बेड	1,000/–
		50 से अधिक बेड	1,500/–

नोट– 1. उपरोक्त दर अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए भी वार्षिक रुप से देय होगा।
2. उपरोक्त वर्धित न्यूनतम दरों के अतिरिक्त शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत व्यवसायिक महत्त्व के आधार पर क्षेत्रवार न्यूनतम दर से वृद्धि उपरोक्त निर्धारित दर का 25% तक देय होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 352725 Urban Development (25-26)_D

आम नही खास है ये आम

कंचन सिंह

अगर आप भारत से जुड़े हैं तो आप आम के शौकीन तो होंगे ही इसमें कोई दो राय नहीं है। आम के मामले में हमलोग दूसरी राय रखते भी नहीं है। आम को फलों का राजा भी माना गया है और हमारे देश में आम का बुखार या आम का क्रेज आम बात है। आम ना सिर्फ स्वादिष्ट होता है बल्कि इसका अपना ही सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है और आम हमारे लिए उतना ही स्वास्थ्यवर्धक भी है। आम का क्रेज के कई कारण है, जिसमें इसका स्वाद, इसके फायदे, इसके विभिन्न किस्म की उपलब्धता, स्वास्थ्य लाभ आदि शामिल है। अगर आम के स्वाद की बात करें तो आम फलों का राजा ही नहीं बल्कि दिलों का भी राजा है। भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देश में आम के विविधता और उपयोगिता दोनों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गर्मियों में आम हमारे जीवन-शैली का अभिन्न हिस्सा होता है।मुझे अपने बचपन का किस्सा याद आता है कि हमारे घर में आम आने पर सबसे बड़ा आम को लेने के लिए लड़ाई होती थी और सबसे बड़ा आम पाने वाला जैसे खुद को विजेता समझता था। यह सुनने में भी अविश्वसनीय लगता है कि भारत में 1500 से ज्यादा किस्मों के आम पाए जाते हैं जिनमें कुछ प्रमुख जो सबसे ज्यादा पसंदीदा हैं जैसे -दशहरी, लंगड़ा, अल्फाजों, हिमसागर, तोतापुरी। अलफांसो को आमों का राजा कहा जाता है और इसकी मांग देश से कहीं ज्यादा विदेशों में है। दूसरे देशों से अच्छे संबंध बनाने के लिए आम को उपहार के रूप में भी प्रयोग करते हैं। आजकल लोगों के बीच में आम का क्रेज थोड़ा काम हुआ है क्योंकि लोगों के बीच में मिसकनसेप्शन है आम खाने से वजन बढ़ता है। लेकिन क्या आपको पता है कि आम सबसे स्वास्थवर्धक फलों में से एक है। आम विटामिन सी से प्रचुर फल है साथ ही यह एंटीऑक्सीडेंट भी है जो हमारे रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है और पाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ रखता है। आम के सभी भागों का अपना विशेष महत्व है। आम के पत्तों का उपयोग शुभ कार्य में तोरण बनाने या पूजा के लिए किया जाता है।

आम का पेड़ वायु शुद्धिकरण में प्रमुख भूमिका निभाता है। अगर आम के आर्थिक महत्व की बात करें तो आम से कई प्रकार के प्रोडक्ट जैसे स्मूदी, जैम आदी बनाए जाते हैं जो कि भारतीय इकोनॉमी में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। भारत में आम की विदेश में बहुत मांग होने के कारण निर्यात भी किया जाता है। और आम के उत्पादन से लाखों किसानों को रोजगार मिलता है। रिटेलर को भी आम बेचने का विशेष फायदा मिलता है। अगर आम के महत्व की बात करें तो यह अंतहीन विषय है। आम हमारे जीवन को स्वस्थ और रसीला बनाता है। आम आपके जीवन को आम से खास बनाता है। इसीलिए क्या खूब कहा है, आम नही खास है ये आम।

बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस में झारखंडी की यात्रा-एसी बोगी और लोकल जुगाड़ू

चारुमित्रा

नहि जानामि यात्राया अंतं, नहि जानामि लोकस्य चरित्रम्।
किंतु जानामि – टिकट हो या न हो, एसी बोगी है सर्वसुलभम्!"

बनारस की यात्रा की उमंग ऐसा था जैसे झारखंड में बिजली के खंभे खुद ही कह दें – "चलो यार, थोड़ा उजाला बाँट दें।" श्रद्धा से भरा मन, जेब में टिकट, और बैग में दीदी के हाथ का अचार-पराठा – बस, यही समेटकर मैं, पिताजी और बच्चे रांची से बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़ने निकले।

ट्रेन समय पर थी – मतलब भारतीय रेल के अनुसार 'ज्यादा लेट नहीं थी।' सीट मिल गई, टीटी मुस्करा रहा था और एसी बोगी में ठंड ऐसी कि स्वेटर पहनने का मन कर जाए। सोचा, यात्रा तो बड़ी सुसंस्कृत होगी।

परंतु हे देव! सासाराम पार करते ही जैसे ट्रेन नहीं, कोई धारावाहिक शुरू हो गया।

दरवाजे यूँ खुलने लगे जैसे कोई जादुई द्वार हों। एक के बाद एक पात्र बोगी में प्रवेश करने लगे – उम्रदराज महिलाएं, बैग उठाए बुजुर्ग, और चेहरे पर विजय पताका लहराते युवजन। एक बूढ़ी अम्मा चादर बिछाते हुए बोलीं – "हई देखीं, अभीयो बर्थ मिल जाला।" मैं उनके इस कॉन्फिडेंस पर लहालोट थी।

"न टिकटं, न अनुमति, केवलं साहसं समर्थम्।

लोकलयो यत्र आगच्छति, तत्र बर्थं स्वतः प्राप्तम्।"

बुजुर्ग सज्जन मेरे पास आकर बोले – "तनी खिसक जाईं, लइका सुतल बा।" मैंने पैर समेटे, बच्चा सुलाया, सोचा – चलो, सेवा हो गई। पर बाबा बोले – "एतना भी जरूरी ना की तू सुतल रहू, लइका त सुतिए गइल।" अब मेरी नींद, सेवा और सहनशीलता – तीनों ने पलटी मार दी। पर फिर भी उठ गई, क्योंकि बिहार में बहस जीतना, टिकट कटवाने से भी मुश्किल काम है।

ऊपर के बर्थ वाले सज्जन खड़े ही जा रहे थे ,पर किसी ने ध्यान नहीं दिया – क्योंकि तब तक बोगी पूरी तरह 'लोकल' हो चुकी थी। उन्होंने जब थोड़ी जगह बैठने को माँगी तो एक बुजुर्ग व्यक्ति थोड़ा सा खिसक गया और बड़े प्रेम से बोला-"बैठीं!"

सामने एक युवक आया – प्लास्टिक की थैली में लिट्टी-चोखा, दो अखबार और एक अधपिया पानी की बोतल। ऐसा निश्चल भाव जैसे एसी बोगी उसके खानदानी विरासत की हो।

"भैया, ई सीट खाली है?" – मैंने जब तक कुछ सोचा, वह बैठ भी गया। फिर शुरू हुआ 'बाथरूम वाली सीट' का तर्कशास्त्र – यानी दरवाज़े के पास की कोई भी सीट, जहाँ दर्द वाले पाँव को चैन मिले।

और फिर लिट्टी का महाभोज! अखबार बिछे, अचार खुला, और गूँजने लगी आवाज़ – "तनी नमक दीं भाई।" एसी में बैठकर गर्म खाने का ठंडा स्वाद उन्हें तनिक भी खलल नहीं डाल रहा था।

एक व्यक्ति फूल वोल्यूम में समाचार सुनने लगा। मैंने कहा -भैया ज़रा आवाज़ धीमी कर देंगे। खैर उसने मेरी बात मानकर मोबाइल का साउंड कम कर दिया। तबतक बगल वाले ने गाना बजा दिया -'ए फूलपुर वाली भौजी!' अब गाने का लुत्फ भी हमें मिल रहा था।

टीटी आए – बोले, "टिकट?" सभी ने ऐसा मासूम चेहरा बनाया जैसे विद्यालय में पकड़े गए स्टूडेंट कहें – "हमें तो पता ही नहीं था कि आज टेस्ट है!"

टीटी ने हमें देखा, लिट्टी देखी, फिर अपने भाग्य को देखता हुआ चुपचाप आगे बढ़ गया। शायद सोच रहा था – "जिन्हें हटाना हो, उन्हें भगवान ही हटाए।"

"टीटीः मौनं समाश्रित्य, लिट्टीं नयनेन पश्यति।
भ्रष्टाचारस्य भीषणं दर्शनं तत्र प्राप्तम्।"

बगल में बैठी महिला बोली – "इतनी महंगी टिकट लेकर भी चैन नहीं!"

तो वहीं बुढ़िया मुस्कराई – "बिटिया, चैन टिकट से ना, जुगाड़ से आवेला।"

अब तो मुझे भी लगने लगा कि 'ई-टिकट' के बजाय 'ई-जुगाड़' एप आना चाहिए।

पीछे बच्चा चिल्लाया – "मम्मी, अंकल मेरे पैर पर बैठ गए!"

अंकल बोले – "बच्चा है, सम्हाल लो। ट्रेन तो थोड़ी देर की है।"

और माँ ने गुस्से में बच्चे को खिड़की से चिपका दिया, खुद को दीवार से।

एक सज्जन, जो पहली बार एसी में आए थे, अंग्रेज़ी पत्रिका उलटते-पलटते बोले – "रेलवे को इस पर ध्यान देना चाहिए।"

उनका दोस्त बोला – "रेलवे को छोड़िए, सर – अब ध्यान आप को अपने सीट पर देना चाहिए।"

जैसे-जैसे बनारस करीब आया, लोकल योद्धाओं का आत्मबल और बढ़ता गया – "अब कौन उतारेगा? स्टेशन आ गया!"

सबने अपना लिट्टी समेटा, अख़बार तह किया, और दरवाजे की ओर ऐसे बढ़े जैसे मंच से अवॉर्ड लेने जा रहे हों।

"जय रेलवे! जय एसी बोगी!
लोकल जन को भी सुविधा दोगी।

टिकट-धारी तो हैं प्रायोजक, असली मजा तो है जुगाड़ू रथयात्रा का!"

बनारस स्टेशन आया, सभी बड़े शान से उतरे – जैसे कोई चुनाव जीतकर राजधानी लौटे हों। मैं मुस्कराई, गंगा दिखी, और सोचा – बनारस पहुँची नहीं, बनारस भीतर उतर गया।

अब जब भी बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस का नाम आता है, टिकट से पहले याद आते हैं वो चेहरे, वो लिट्टी, और वो वाक्य – "हम लोकल हैं, एसी भी अब लोकल हो गया है!"

स्वाद

सुरेश चन्द्र झा

कहानी सन उन्नीस सौ सत्तर की।
ग्यारह बजे अजय भैया आ गए,अपनी फिएट प्रीमियर पद्मिनी लेकर,और हम दोनों निकल पड़े शन्नो दीदी के यहाँ,नया बाजार,उनसे राखी बंधवाने।

उनकी गली संकरी थी इसलिए गाड़ी को सड़क पर पार्क करना मजबूरी थी। तीन बार सड़क पर कभी दायें कभी बाएं गाड़ी लगाकर वो तसल्ली कर लिए कि मुहल्ले का कोई शरारती बच्चा उसपर स्क्रैच न लगा पाए । पर कदम भारी ही थे गाड़ी से उतरने के बाद भी । हमने कहा- भैया अब तो ठीक ठाक लगा ही दिए न फिर काहे चिंता कर रहे हैं ।उन्होंने बडे आर्कियोलॉजिकल भाव से उत्तर के साथ सवाल भी दाग दिया - आगरा गए हो न?

अब लीजिए इसमें आगरा कहाँ से आ गया भैया – में विनम्रतापूर्वक बोला
तुम बताओ गए हो न पिछले साल?
हमने सिर हिलाकर हामी भरी
देखे थे न जी,आगरा फोर्ट का वह हिस्सा जहां शाहजहां को औरंगजेब ने कैद किया था।
हम उधेड़बुन में थे कि ये आगरा का किला कहां से आ गया, रक्षा बंधन के पावन पर्व में
वो बोलते रहे – जानते हो वही हिस्सा शाहजहां ने क्यों चुना था,इतने बड़े आगरे के किले में?
हमने कहा -बस इसलिए के वहां से यमुना थोड़ी मुड़ती है और उस कोण से झरोखे से पूरा ताजमहल दीखता था। बस यही बात सही बोले कि वहां से ताज दिखता था।अब तुम सोचो यहाँ इतनी दूर गाड़ी खड़ी रहेगी जो दिख ही नहीं सकती,तो मैं कैसे उतनी देर शन्नो दीदी के यहाँ बैठ सकता हूँ।
इस जगह पर गाड़ी लगाए न,बस यही जगह दिखती है उनके बरामदे से-बीच बीच में देख पाएँगे, समझे ?
वाह भैया जैसे मुमताज की याद का ताजमहल, वैसे ही आपकी ये गाड़ी। मैं मन ही मन कार के प्रति निष्ठा को नमन करता रहा।
चलते चलते शन्नो दीदी के घर के गेट तक आ गए हमलोग।
अरे कुछ खास चीज पक रही है-मैंने अपनी श्वान सी घ्राणशक्ति का परिचय दिया।
हाँ मटन पकने की खुशबू है-भैया का सर्वज्ञानी सन्तों सा उत्तर । और वाक्य की पूर्णाहुति उनके श्रीमुख से होती रही- हाँ पुलाव मटन का लंच अरेंज की होंगी शन्नो दी।
हमने कहा- आज तो पूर्णिमा है न भैया,और वो भी रक्षाबंधन। आज कैसे खाएँगे हमलोग?
बड़े दार्शनिक भाव से ओतप्रोत उनका उत्तर था – समृद्ध बाबू (प्रोफेसर साहब,शन्नो दीदी के पति) हमलोगों से बड़े हैं न,वो बोलेंगे तो कैसे नहीं खाएँगे हमलोग,बोलो,आखिर बड़ों का मान रखना है कि नहीं? अब स्वाद के लालच को हावी होना ही था भोजन सम्बन्धित बन्धनों पर। राखी बंधी,मिठाइयों के बाद फिर खाना –अब और किसी दीदी के यहाँ जाने क़ा कार्यक्रम स्थगित। लौटने के समय एकाएक वो बोले--जानते हो न,फेनू (उनका छोटा बेटा) जब दाल भात खाता है तो एकदम इत्ती सा खायेगा पर जब मटन मछली रहेगा तो उसका बुताद (खुराक) देखो, दूना तिगुना हो जाता है। जानते हो , प्रोफेसरी के फिक्स पैसे में इतना हो नहीं पाता कि बराबर मीट बनवा सकें।
बोलते बोलते उनकी आवाज भर्रा गईं,तब लगा मुझे कि हर आदमी के इर्द गिर्द उसके अपने जीवन चक्र की अलग अलग कक्षाएं होती हैं। अपने अपने ऑर्बिट (कक्षा) में घूमते दुख और सुख कब मन के ऑर्बिट में प्रवेश कर जाएँ, कौन समझ सकता है और ऐसे ओढ़े हुए दुखों का क्या कोई अंत है भला ?

आतंकी सब हारेंगे

विजय नारायण सिंह 'बेरुका'

आँखों से बहते हैं आँसू, मारे गए हिंदुओं पर।
पहलगाम पर हमें सोचना,
होगा कई बिंदुओं पर।।
बहुत हो गया भाईचारा,
अब ललकार जरूरी है।
पहलगाम के हत्यारों पर,
भीषण मार जरूरी है।।
आतंकी हमलों से धरती,
पहलगाम की लाल हुई।
मार निहत्थे पर्यटकों को, सफल
पाक की चाल हुई।।
धर्म पूछ कर मारा तुमने, हम बिन पूछे मारेंगे।
छुपे भले पाताल लोक में,
सबको खोज निकालेंगे।।
बाढ़ आ गई है झेलम में, वारि सिंधु
का बंद हुआ।
आपस का व्यापार बंद है, आना-जाना
बंद हुआ।।
कसम हमें जगदम्ब, पाक को, रण में
धूल चटा देंगे।
काश्मीर में पाक अधिकृत, आधा
कश्मीर मिला लेंगे।।
घर में घुसकर, पूर्ण नाश तक, इन्हें
'बेरुका' मारेंगे।
भारत की है जीत सुनिश्चित, आतंकी
सब हारेंगे।।

काव्य कोना

दिल दिल की बात

दिल दिल की क्या बात करूँ
दर्द सहलाना - सहलाकर छुपा लेना
कभी गद्य, कभी पद्य में बदल देना
मानव मन है अनोखा कलाकार
दिल दिल की क्या बात करूँ।
हवाओं के आने-जाने की चर्चा नहीं होती
रुक जाये तो चेतना रुक जाती है
कभी मधुर मीठी यादों के झरोखों से आती है
कभी तुफान बन सब उड़ा जाती है
अनोखी है रंगत,
हवाओं के आने-जाने की चर्चा नहीं होती।
आसमां तेरे रंग का क्या बखान करूँ
दाग-धब्बे सब अपने रंग में छुपा लेती है
कभी सुनहरी शाम, कभी सुनहरी सुबह
यूँ ही मन को, तन को आह्लादित कर जाती है
ढ़ंग अनोखा, रंग अनोखा
आसमां तेरे रंग का क्या कहना
दिल दिल की क्या बात करूँ।

नाग मणि

जन्मदिन का तोहफा

रंजना वर्मा उन्मुक्त

नेहा बड़ी बेसब्री से अपने पति का ऑफिस से आने का इंतजार कर रही थी। आज उसका जन्मदिन था ।उसे अपने पति से बहुत महंगे तोहफे की अपेक्षा नहीं थी। फिर भी वह आज शाम पति के साथ गुजारना चाहती थी और डिनर भी वह बाहर किसी रेस्टोरेंट में करना चाहती थी। दो दिन पहले वह अपनी सहेली के यहाँ किटी पार्टी में गई थी। सहेली के पति और उसके पति एक ही दफ्तर में ,एक ही पोस्ट पर थे ।लेकिन सहेली के और उसके जीवन स्टाइल में आसमान जमीन का फर्क था। उसका घर एक से बढ़कर एक कीमती सामानों से भरा पड़ा था। किटी पार्टी भी उसने शानदार दी थी। सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र उसके गले में चमचमाता हीरो का हार था, जिसे उसके पति ने उसके जन्मदिन पर तोहफा दिया था। सारी सहेलियाँ उसकी तारीफ कर रही थी और वह हीन भावना से ग्रस्त हो रही थी। उसने मन ही मन यह तय कर लिया था कि वह अपने पति से झगड़ा करेगी, जब सहेली का पति उसे इतना कीमती उपहार दे सकता है तो वह क्यों नहीं ? शाम में उसके पति ने आते ही उसे एक सुंदर सा पैकेट पकड़ाया और बोला," हैप्पी बर्थडे... नेहा।" नेहा ने खुशी से पैकेट को थाम लिया। "जानती हो ,तुम्हारी सहेली का पति जो मेरे साथ काम करता था ,उस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है ।उसे जेल भी हो सकती है।" नेहा को अपनी सहेली के ठाट का रहस्य समझ में आ गया। उसने अपने पति के गिफ्ट को खोला ,अंदर से खूबसूरत चमचमाती साड़ी निकली... जिसकी चमक अब उसे सहेली के हीरो के हार से ज्यादा प्यारी लग रही थी।

मैंने कल इक सपना देखा

डॉ आकांक्षा चौधरी

मैंने कल इक सपना देखा-
सुंदर भारत अपना देखा!
धिनक धिनक धिन धा।।
अटकन चटकन
अगड़म बगड़म
इत उत देखा हर शै
देखा!
कैसे कैसे क्या क्या
देखा??
सुनो ज़रा मैंने जो देखा-
आरक्षण का मेला देखा-
पैसे पैरवी का रेला देखा।
सपनों को सिलबट्टे पर;
सपनों को सिलबट्टे पर-
कसमसाते पिसते देखा।।
मैंने कल इक सपना देखा
धिनक धिनक धिन धा।।
ट्रैफिक पुलिस के डंडे खाते-
बूढ़े रिक्शे वाले को देखा।
रोड शो जो नेताजी का-
रोड शो जो नेताजी का;
उसमें एम्बुलेंस को मरते देखा।
मैंने कल इक सपना देखा
धिनक धिनक धिन धा।।
अंधेरे में फुटपाथों पर घर
कितनों के बसते देखा।
डिस्को लाइट्स की भुक्भुक्की में
कितने चिरागों को बुझते देखा।
छोटे बच्चों को मोबाइल पर
बड़ों की फिल्मों में घुसते देखा।
मैंने कल इक सपना देखा
धिनक धिनक धिन धा।।

सैनिटरी नैपकिन

खुशबू बरनवाल 'सीपी'

"मालती, आज तुम्हें क्या हुआ है? तुम परेशान लग रही हो। बताओ ! क्या बात है? मुझसे क्या छुपाना?" "हाँ, तुमसे क्या छुपाना!... मैं अपनी बहू की हरकत के कारण कुछ परेशान हूँ।"

"मालती, तुम्हारी बहू तो बहुत समझदार है। तुम भी तो बहुत प्यार करती हो। अचानक से क्या हो गया?"

"हाँ, जरूरत से ज्यादा हीं समझदार है। कल वह मेरे पोते को ट्रेनिंग दे रहीं थीं।"

"किस चीज की ट्रेनिंग?" "मासिक धर्म के समय अपनी बहन और माँ के लिए वह सैनिटरी नैपकिन ला दे। गर्म पानी का बैग तैयार कर उन्हें दे।.... अजीब औरत है शर्म - धर्म तो आता नहीं है। तुम्हीं बताओ, जवान बेटा को कोई यह सब समझाता है। और तो और बाजार से भी लाने बोलती है।" हाँ, यह तो सच में अजीब बात है। आजकल दुनिया उल्टा- पुल्टा चल रही है, मालती।" "कुछ अजीब बात नहीं है, दोनों प्यारी दादी। मुझे माँ ने एक अच्छा जिम्मेदार पुरुष बनने की शिक्षा दी है। नारी को सम्मान और उनकी पीड़ा में औषधि बन कर सहयोग करना सिखाया है। आपकी भी तो सेवा करना मुझे माँ ने हीं सिखाया है। सैनिटरी नैपकिन लाकर बहन और माँ को देने में ना कोई बुराई है और ना हीं शर्म की बात है।" पोते की बात सुन और हाथ में सैनिटरी नैपकिन को देख दोनों अवाक देखती रह गईं।

कार - बे - कार

अरुणा झा

हास्य

मित्रों सच ही कहा गया है, हमें इस बात की तकलीफ नहीं होती कि' फलाना वस्तु मेरे पास नहीं है। तकलीफ इस बात की होती है कि वह वस्तु आपके पास है।'और कभी-कभी तो तकलीफ इतनी बढ़ जाती है कि हम सही- गलत की पहचान भी भूल जाते हैं।

हुआ यूँ कि अपने घर के आसपास सबों को 'कार' में बैठकर कहीं आते-जाते जब मैं देखती तो मेरी आत्मा कलप जाती। सोचती काश! कि हमारे पास भी एक कार होती तो मेरी दुनिया ही अलग होती। बिना कार के यकीन मानिए जिंदगी तो बेकार ही होती है न। सो कार लेने की मेरी इच्छा बलवती होती चली गई और अंततः मैंने जुगाड़ बिठा ही लिया और एक फौजी अफसर की वर्षों से गेराज में रखी कार मैं 'सेकंड हैंड' में ले आई। उस दिन का वर्णन में कैसे करूं, समझ में नहीं आ रहा है। मैं तो हवा में ही उड़ रही थी मुझे अपना ही कद बढ़ा हुआ नजर आ रहा था। उस दिन की स्थिति यह थी कि परिवार का हर सदस्य कार की ही चर्चा कर रहा था ।मैंने भी ढेर सारी मिठाइयाँ मंगवा कर अड़ोस- पड़ोस में भिजवा दिया ।ताकि हर किसी को मेरे यहाँ घटित इस ऐतिहासिक घटना की जानकारी मिल सके।

शाम को हम सभी सज-धज कर सैर को निकले। मैं बड़ी अदा से कार में बैठी। बच्चे भी लद गए ।मैं बार-बार चोर नजरों से पड़ोसिनों की बालकोनी की तरफ देख रही थी। चाहती थी कि सभी मुझे देखें । मैं अपनी खटारा स्कूटर में नहीं, कार में बैठी हूँ ।चलिए कार स्टार्ट हुई और हमारा मन मयूर नाच उठा। लेकिन हाय री किस्मत, अभी चार कदम ही चले थे कि घर्र-घर्र कर कार रुक गई। अब लाख चाबी घुमाएं, कार नवेली दुल्हन की तरह नखरे दिखाने लगी। अबकी जब मैंने नजर घुमाई तो मेरी सभी पड़ोसिनें बालकोनी में खड़ी मुस्कुराती दीखीं।

पूरे दो घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह इंजन स्टार्ट हुई तो लगा अब बुरे पल गए। हम सभी फिर से सवार हुए और चल पड़े। उसमें पहले से ही कैसेट लगा हुआ था सो उसे ऑन किया तो गाना बजने लगा "कर चले हम फिदा, जानो तन साथियों।" घबराकर पतिदेव ने कैसेट पलट दिया तो आवाज आई "जाने वाले हो सके तो लौट के आना "...हद हो गई भाई मूड ऑफ हो गया और इसी अकबकाहट में पता नहीं कैसे ब्रेक फेल हुआ या पति देव का संतुलन बिगड़ा , हमारी कार ने एक मेम साहिबा को धक्का दे दिया। उनको चोट तो कम ही लगी थी लेकिन वह चिल्लाने इस तरह से लगी जैसे उनकी गर्दन ही कट गई हो । और ऐसे मौकों पर तो आप जानते ही हैं कि भीड़ किस कदर जुड़ जाती है। किसी तरह बीच बचाव कर पूरे पांच हजार रुपए उनकी हथेली पर रखे तब जाकर आगे बढ़ने दिया गया।

लेकिन अब सैर करने का 'मूड ऑफ' हो गया था। अतः वापस लौटने का प्लान किया ।लौटते वक्त जब लटके थोबड़े से मैंने एक कैसेट लगाया तो आवाज आई "जाने चले जाते हैं कहाँ दुनिया से जाने वाले।" हद हो गयी भई। उस दिन से हम कार को हाथ लगाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं सो हो सके तो इस वर्ष आप उस कार को बिकवाने में मेरी मदद करें।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

गजल

कि दूर रख शिकवे सब मिला करेंगे हम।
की थाम हाथों को यार चला करेंगे हम।।
मिले वफा के बदले यहां वफा सबको।
सदा यही बस रब से दुआ करेंगे हम।।
कभी दुखा दिल वो जो गया हमारा था।
उसी से अब तो जरा फासला करेंगे हम।।
यहां वफा की है जिसने यार हमसे भी।
सदा उसी रिश्ते से वफा करेंगे हम।।
जो यार दिल में बसाते हमे हमेशा हैं।
उन्हें कभी भी न यूँ ही खफा करेंगे हम।।
सदा ही प्यार से यार तू सींचते रहना।
गुलों कि तरह गुलशन में खिला करेंगे हम।।
न हो कभी भी जुदा एक दूसरे से यूँ।
कि एक दूजे पे मर के जिया करेंगे हम।।

पूनम शर्मा स्नेहिल

आज का दोहा

अगर हिमाकत फिर करी, जरा मचाया शोर।
गरजेंगे फिर हर जगह, बरसेंगे चहुँ ओर।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

पहली बार यूपी के जंगलों में शुरू हुई विस्टाडोम ट्रेन सेवा

लखनऊ (आईएएनएस)

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से दुधवा टाइगर रिजर्व तक रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली पर्यटक ट्रेन में विस्टाडोम कोच का संचालन शुरू कर दिया गया है।

इसी के साथ यूपी देश का पहला ऐसा प्रदेश बन गया है, जहां पर्यटकों के लिए जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए विस्टाडोम कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सेवा पर्यटकों के लिए 12 महीने उपलब्ध रहेगी। यह सेवा वर्तमान में शनिवार और रविवार ही पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही है, आने वाले दिनों में यह सेवा सभी दिन उपलब्ध होगी। इससे जहां एक ओर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं, रोजगार भी उपलब्ध होंगे। पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के वन क्षेत्रों को 'वन डेस्टिनेशन, थ्री फॉरेस्ट' के रूप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट और किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य को एकीकृत करते हुए पर्यटकों के लिए सुलभ और रोमांचक अनुभव देने के लिए विस्टाडोम कोच का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म विकास बोर्ड ने यह पहल पर्यटकों को वर्ष भर नेचर ट्रेल और जंगल सफारी का अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की है। यह सुविधा पहले चरण में प्रत्येक शनिवार और रविवार को उपलब्ध कराई जा रही है। इस सेवा के सकारात्मक परिणामों के पश्चात इसे पूरे सप्ताह के लिए विस्तारित करने की योजना है।

प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता और रोमांच से भरपूर 'विस्टाडोम कोच'

विस्टाडोम कोच के माध्यम से पर्यटक 107 किलोमीटर लंबे जंगल के भीतर सफर करते हुए प्राकृतिक दृश्यावली, जैव विविधता और वन्यजीवों का नजदीक से अनुभव ले सकेंगे। यह सफर 4.25 घंटे का है। ट्रेन सेवा काफी किफायती भी है। इस सेवा के लिए पर्यटकों से केवल 275 रुपए प्रति पर्यटक शुल्क लिया जा रहा है। यह शुल्क कतर्नियाघाट से दुधवा नेशनल पार्क तक का है। निदेशक ने बताया कि बोर्ड द्वारा पर्यटकों को राजधानी लखनऊ से कतर्नियाघाट तक ले जाने का पैकेज तैयार किया जा रहा है। इस पैकेज में विभाग की ओर से प्रति पर्यटक सब्सिडी भी दी जाएगी, जिस पर विचार किया जा रहा है। पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि 107 किलोमीटर लंबी जैव विविधता से भरपूर यात्रा का अनुभव देने वाली ट्रेन का नाम बिछिया टू मैलानी टूरिस्ट पैसेंजर ट्रेन (नंबर- 52259) रखा गया है, जो बिछिया स्टेशन (बहराइच) से सुबह 11:45 बजे चलकर विभिन्न स्टेशनों से गुजरते हुए दोपहर 4:10 बजे मैलानी स्टेशन (लखीमपुर खीरी) पहुंचती है। वापसी ट्रेन मैलानी टू बिछिया टूरिस्ट पैसेंजर ट्रेन (नंबर- 52260) सुबह 6:05 बजे मैलानी से रवाना होकर 10:30 बजे बिछिया पहुंचती है।

रामभद्राचार्य बोले, 'हमें पीओके चाहिए और बहुत जल्द लेकर रहेंगे'

नई दिल्ली (आईएएनएस)

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम की जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने जमकर तारीफ की। दावा किया कि पाकिस्तान की ऐसी पिटाई हुई है कि उबरने में उसे सैकड़ों साल लगेंगे। इसके साथ ही संस्कृत विद्वान ने विश्वास के साथ कहा, "हमें पीओके चाहिए और हमें यह बहुत जल्द मिलेगा। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आएगा। पाकिस्तान को यह समझना होगा कि इस बार ऑपरेशन सिंदूर के तहत उसकी जमकर धुलाई हुई है और आगे फिर से नापाक हरकत की तो अंजाम घातक होंगे। उन्होंने आगे कहा, " हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान की जमकर पिटाई की है लेकिन, भारत के हाथों पिटाई खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। हम कह रहे हैं कि हमें पीओके चाहिए और हमें यह बहुत जल्द मिलेगा।

जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान को जो चोट पहुंचाई है उससे उबरने में पाकिस्तान को एक शताब्दी का समय लगेगा। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मान को रामभद्राचार्य ने लंबे संघर्ष का नतीजा बताया।

उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का किया आह्वान

युवाओं में राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए : जगदीप धनखड़

कहा, उन देशों पर निर्भरता कम करनी चाहिए जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं

नई दिल्ली (हि.स.)

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को नई दिल्ली में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बेहतरीन निवेश करने वाला देश है और युवाओं को राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण की भावना विकसित करनी चाहिए।

राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए और हर निर्णय में राष्ट्र हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने आर्थिक राष्ट्रवाद पर जोर देते हुए कहा कि हमें उन देशों पर निर्भरता कम करनी चाहिए जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं। हमें अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने की आवश्यकता है।

धनखड़ ने ऑपरेशन सिंदूर की भी सराहना की और भारत के सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन पहलगाम में हुए बर्बर हमले का करारा जवाब था और दुनिया ने इसे देखा और स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक नया मानक स्थापित किया गया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद को निशाना बनाया और यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी सीमा पार की गई स्ट्राइक है।

धनखड़ ने शिक्षा और शोध के मामले में व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यह देश शिक्षा के व्यावसायीकरण और वस्तुकरण को बर्दाश्त नहीं कर सकता और हमें समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा। उद्योग जगत के नेताओं से आह्वान करते हुए उन्होंने शोध के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को कॉर्पोरेट द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित किया जाना चाहिए और सीएसआर फंड को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

एम्स ऋषिकेश का एयर एम्बुलेंस हेलीकॉप्टर केदारनाथ में दुर्घटनाग्रस्त

सभी यात्री सुरक्षित

देहरादून । उत्तराखंड के केदारनाथ में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एम्स ऋषिकेश की हेली एंबुलेंस सेवा से जुड़ा एक हेलीकॉप्टर अपने पिछले हिस्से में आई क्षति के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर में सवार तीनों लोग - पायलट (कैप्टन), एक डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ का एक सदस्य सुरक्षित बच गए। यह घटना एक उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्र में उड़ान के दौरान हुई, जहां कथित तौर पर हेलीकॉप्टर एक चिकित्सा आपातकालीन सेवा में शामिल था। हेलीकॉप्टर के पिछले हिस्से में तकनीकी समस्याओं के कारण आपातकालीन लैंडिंग की गई। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने घटना की पुष्टि की और आश्वासन दिया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं।

लालू यादव के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया इश्तेहार, पैतृक गांव फुलवरिया में होगा चस्पा

पटना (हि.स.)

सिवान के एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के खिलाफ एक इश्तेहार जारी किया है। इस इश्तेहार के जरिये कोर्ट ने उन्हें ससमय पेश होने का आदेश दिया है। लालू प्रसाद आचार संहिता उल्लंघन के एक पुराने मामले में पिछले कई सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए थे। इस कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ यह इश्तेहार जारी किया है। दरअसल, कोर्ट में उपस्थिति को लेकर जमानतीय और गैर-जमानतीय वारंट जारी होने के बाद भी यदि आरोपी उपस्थित नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध इश्तेहार जारी किया जाता है। एक पुराने मामले में न्यायालय ने उन्हें स-समय कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। लालू यादव से जुड़ा यह मामला 2011 का है। सिवान जिले में दरौंदा थाना के विधानसभा क्षेत्र में 2011 में उपचुनाव हुआ था, जिसमें राजद उम्मीदवार परमेश्वर राय, लालू यादव के पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे। इसी बीच चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान उनपर अचार संहिता 144-188 धारा लगा था। इसके अंतर्गत आचार संहिता उल्लंघन ध्वनि निस्तारण यंत्र अधिनियम 9 के तहत लाउडस्पीकर एक्ट को लेकर तत्कालीन अंचलाधिकारी (सीओ) के द्वारा, जो कि उस समय उड़नदस्ता प्रभारी थे, उनके द्वारा थाना में केस दर्ज करवाया गया था। एमपी ,एमएलए कोर्ट में यह केस 14 साल चलने के बाद आज एक एसीजीएम एमपी एमएलए कोर्ट के द्वारा लालू यादव के खिलाफ इश्तेहार जारी किया गया है। इश्तेहार में लालू प्रसाद यादव के गांव फुलवरिया का पता है, जहां इश्तेहार को चिपकाया जाएगा।

एडवोकेट मदन सिंह ने बताया कि यह बेलेबल सेक्शन है। आचार संहिता उल्लंघन मामले में इन पर केस दर्ज हुआ था। मदन सिंह ने कहा कि दरौंदा के पांडेपुर गांव में यह जनसभा हुई थी, जिसको लेकर आचार संहिता का उल्लंघन का मामला आया था और तत्कालीन सीओ के द्वारा उन पर केस दर्ज किया गया था।

टीएमसी सांसद ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से किया इनकार

कोलकाता । तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि वह स्वास्थ्य कारणों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न देशों में भेजे जा रहे सरकार के राजनयिक संपर्क प्रतिनिधिमंडलों में शामिल नहीं हो पाएंगे। सरकार ने घोषणा की है कि वह पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगी। बंद्योपाध्याय ने बताया कि उन्हें संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और विदेश मंत्रालय से फोन आया था और उन्हें अमेरिका जाने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने उन्हें बताया कि स्वास्थ्य कारणों से वह नहीं जा पाएंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे में बदलाव

अब 29 मई को ही पहुंचेंगे पटना

पटना (हि.स.)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। बदले हुए कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री अब दो दिवसीय बिहार दौरे पर आएंगे। पीएम मोदी आगामी 29 मई को ही पटना पहुंच जाएंगे। 29 को वो पटना में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, जबकि 30 मई को विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। पहले उनका कार्यक्रम एक दिन का तय था, लेकिन अब इसे विस्तारित कर दो दिन का कर दिया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को बताया कि पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर बिहार आने वाले थे, लेकिन अब उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। पीएम मोदी अब दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं।

पटना एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन

प्रधानमंत्री 29 मई की शाम पटना पहुंचेंगे। यहां वे जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। यह भवन लगभग 1,216 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है और राज्य के हवाई यातायात को नई गति देगा। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री रात में पटना में ही विश्राम करेंगे। 30 मई को प्रधानमंत्री रोहतास के बिक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह रैली चुनावी दृष्टिकोण से बेहद अहम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री का यह दौरा खास तौर पर आगामी विधानसभा चुनाव और हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पहले केवल बिक्रमगंज में एकदिवसीय कार्यक्रम तय था, लेकिन अब पीएम दो दिन के प्रवास पर बिहार आ रहे हैं।

220 मिलियन मुसलमानों की आबादी भारत में

नई दिल्ली। लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान को तुर्की के समर्थन की आलोचना की और अंकारा से अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में मुस्लिम आबादी पाकिस्तान से कहीं अधिक है। एआईएमआईएम प्रमुख ने तुर्की को पाकिस्तान का आंख मूंदकर समर्थन करने के खिलाफ चेतावनी दी और उससे आग्रह किया कि वह कोई भी निर्णय लेने से पहले भारत के साथ अपने गहरे ऐतिहासिक संबंधों को पहचाने।

चप्पल से निकला 3.86 करोड़ रुपए का सोना मुंबई एयरपोर्ट पर विदेशी नागरिक गिरफ्तार

मुंबई (आईएएनएस)

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अदीस अबाबा से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे चाड के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। इसके पास से 3.86 करोड़ रुपये मूल्य का 4,015 ग्राम सोना जब्त किया गया, जिसे उसने अपनी चप्पलों की एड़ी में छिपाकर रखा था। विशेष खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई के अधिकारियों ने मुंबई पहुंचने के तुरंत बाद ही चाड के नागरिक को पकड़ा। उसने बेहद चतुराई से चप्पल की एड़ी में सोने के कई 'बार' छुपा रखे थे।

अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि चाड के नागरिक ने सीमा शुल्क जांच और कानूनी पहचान से बचने के लिए असामान्य तरीके से सोना छिपाया था। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत सोने को जब्त कर लिया गया और यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि तस्करी किया गया सोना किसके पास ले जाया जा रहा था या किसने इसे मंगाया था, उसका पता लगाने के लिए जांच चल रही है। यह भी जांच का विषय है कि क्या यह घटना किसी व्यापक तस्करी नेटवर्क से जुड़ी है। अप्रैल 2025 के एक पहले के मामले में, डीआरआई मुंबई ने बैंकॉक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे एक यात्री से 6.30 करोड़ रुपये का विदेशी मूल का सोना जब्त किया था। यात्री के सामान के विशेष रूप से डिजाइन किए गए डिब्बों में छिपा हुआ सोना भी सीमा शुल्क अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया, और व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार किया गया था।

आज का राशिफल

मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें।

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

मिथुन : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

कर्क : उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

सिंह : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा।

तुला : संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

धनु : कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं।

कुंभ : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं।

मीन : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

श्रीनगर, गांदरबल और हंदवाड़ा में कई ठिकानों पर एसआईए ने मारा छापा

श्रीनगर (आईएएनएस)

राज्य जांच एजेंसी (एसआईए), कश्मीर ने शनिवार को आतंकी साजिश के मामले में कई स्थानों पर छापा मारा है। कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब पिछले दिनों संयुक्त कार्रवाई में पुलिस और सेना ने 6 आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। छापे श्रीनगर, गांदरबल, हंदवाड़ा में मारे गए हैं। पहलगाम अटैक के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक और दोनों ओर से हवाई हमलों के बाद सीज फायर के बाद सेना काफी सजग है। आतंकियों के सहयोगियों और ओवरग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) पर पैनी निगाह रखी जा रही है। शनिवार को ही संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने डिटेल दी थी।

अब हमारा ध्यान अमरनाथ यात्रा पर, व्यवधान नहीं चाहते : अब्दुल्ला

श्रीनगर (आईएएनएस)

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद से हमारी संस्कृति को बहुत नुकसान पहुंचा है। अब हमारा ध्यान अमरनाथ यात्रा को सुगम बनाने पर है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि एलओसी पर स्थिति ठीक है। बॉर्डर और एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन की खबरें नहीं आ रही हैं, जो नुकसान हुआ है उसका मुआयना किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद नुकसान की भरपाई की जाएगी। इस दौरान पर्यटन को भारी नुकसान हुआ है लेकिन अब हमारा पूरा ध्यान अमरनाथ यात्रा को सुगम बनाने पर है।

महबूबा सीमा पार के लोगों को खुश करती रहती हैं

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के बीच इस समय जोरदार भिड़ंत हो रही है। महबूबा मुफ्ती पाकिस्तान का पानी रोकने के फैसले के विरोध में हैं साथ ही उन्होंने तुलबुल नौवहन बैराज परियोजना को फिर से शुरू करने के विचार का भी विरोध किया है। उधर उमर अब्दुल्ला ने महबूबा पर बड़ा गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पता नहीं क्यों पीडीपी अध्यक्ष सीमा पार के कुछ लोगों को खुश करने में लगी हैं। पलटवार में महबूबा ने उमर के दादा को घेर लिया है। हम आपको बता दें कि तुलबुल नौवहन बैराज परियोजना का काम फिर से शुरू करने के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के आह्वान को लेकर उनके (उमर) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के बीच तीखा वाकयुद्ध शुरू हो गया है।

कांग्रेस में होने व कांग्रेस का होने में फर्क... शशि थरूर पर जयराम रमेश का कटाक्ष

एजेंसी । नई दिल्ली

सरकार पर अपने दृष्टिकोण में बेईमान होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वह पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद पर भारत की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए विदेशी देशों में सरकार के प्रस्तावित प्रतिनिधिमंडलों के लिए अपने चार नामित सांसदों के नाम नहीं बदलेगी। यह तब हुआ है जब सरकार ने कांग्रेस नेता शशि थरूर को उन सात सांसदों में शामिल किया है जो अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उनसे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में वैश्विक नेताओं को जानकारी देने की उम्मीद है। कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी ने सरकार के प्रस्तावित विदेशी प्रतिनिधिमंडल के लिए चार नाम प्रस्तुत किए थे और आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में एक अलग नाम, शशि थरूर की घोषणा देखकर उन्हें आश्चर्य हुआ। समाचार एजेंसी एएनआई ने जयराम रमेश के हवाले से कहा, "हमसे नाम मांगे गए थे। हमें उम्मीद थी कि हमने जो नाम दिए हैं, उन्हें शामिल किया जाएगा। हमें उम्मीद थी कि पार्टी द्वारा दिए गए नाम शामिल किए जाएंगे। लेकिन जब हमने पीआईबी की प्रेस विज्ञप्ति देखी, तो हम हैरान रह गए।

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में कैथल का युवा गिरफ्तार

एजेंसी । चंडीगढ़

हरियाणा के कैथल के एक गांव के निवासी को हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तानी सेना और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) को कथित तौर पर सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान कैथल के मस्तगढ़ चीका गांव के निवासी देवेंद्र के रूप में हुई है। डीएसपी कैथल वीरभान ने बताया, "कैथल की जिला पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके आधार पर हमारे विशेष डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव मस्तगढ़ चीका निवासी नरवल सिंह के बेटे देवेंद्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने देवेंद्र को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान देवेंद्र ने बताया कि वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था।

डीएसपी कैथल वीरभान ने बताया कि हिरासत में लेने के बाद उससे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था। वह भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे विवाद की जानकारी आईएसआई को देता था।

'आप' के 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा, 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' के नाम से बनाएंगे थर्ड फ्रंट

नई दिल्ली (आईएएनएस)

देश की राजधानी दिल्ली की सियासत में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। आम आदमी पार्टी (आप) को उस वक्त करारा झटका लगा जब पार्टी के 15 निगम पार्षदों ने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा दे दिया। हेमचंद, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार, मनीषा, सुमन समेत 15 पार्षदों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वाले पार्षदों ने अब एक नया तीसरा मोर्चा (थर्ड फ्रंट) बनाने का ऐलान किया है, जिसका नाम 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' रखा गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इन पार्षदों ने अपने फैसले की जानकारी दी। इस दौरान हेमचंद गोयल को नए फ्रंट का नेता घोषित किया गया। उनके नेतृत्व में यह नया राजनीतिक संगठन आगे की रणनीति बनाएगा और काम करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुकेश गोयल, हिमानी जैन, देवेंद्र कुमार, राजेश कुमार लाडी, सुमन, अनिल राणा, दिनेश भारद्वाज सहित कई पूर्व निगम पार्षद मौजूद रहे। इन पार्षदों का कहना है कि हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी की टिकट से चुने गए थे।

पिता का सपना था वकालत, मेरा सपना था आर्किटेक्चर

अभिनंदन समारोह में बोले सीजेआई बीआर गवई

नई दिल्ली (आईएएनएस)

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई के सम्मान में बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से शनिवार को अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

इस सम्मान समारोह में बीआर गवई ने अपने 40 साल के वकालत के करियर के बारे में कहा कि मैं वे वकील नहीं बनना चाहते थे। उनका सपना आर्किटेक्ट बनने का था। अभिनंदन समारोह में उन्होंने 'बार काउंसिल' का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह समारोह भारत में विविधता की सच्ची तस्वीर है। हमारा संविधान हमारे देश की विविधता के लिए बहुत उपयुक्त है। हमारे देश में क्षेत्रीय, भौगोलिक, आर्थिक विविधता है। जब मैं अपनी 40 साल की यात्रा पर विचार करता हूं, तो पाता हूं कि मैं अपनी इच्छा से वकील नहीं बना। मैं पहले आर्किटेक्ट बनना चाहता था।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में ली शपथ

बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश गवई ने हाल ही में कहा कि सीजेआई की भूमिका संस्था के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण की मांग करती है। सीजेआई के कर्तव्य केवल सर्वोच्च न्यायालय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे देश में संपूर्ण न्यायिक प्रणाली तक फैले हुए हैं। पूरे कानूनी समुदाय की ओर से, मैं उन्हें दूरदर्शी लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पूर्ण सहयोग और प्रतिबद्धता का आश्वासन देता हूं। मैं राष्ट्र और हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए न्यायमूर्ति गवई की सेवा के लिए उनके प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। बता दें कि 14 मई को जस्टिस बीआर गवई ने भारत के 52वें सीजीआई के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई। सीजीआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो गया था। उनका कार्यकाल सिर्फ सात महीने का है।

स्वीमिंग पूल में गोते लगा रहे थे शहबाज, तभी आकर गिरी भारत की मिसाइल, पाक पीएम ने खुद किया स्वीकार

लाहौर । एजेंसी

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खुलेआम स्वीकार किया कि जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत उनके देश पर सटीक हमले किए, तब वह स्वीमिंग कर रहे थे। पाकिस्तान स्मारक पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत की बैलिस्टिक मिसाइलों ने 10 मई को नूर खान एयरबेस और अन्य जगहों पर हमला किया था। यह एक दुर्लभ इशारा है जो भारतीय सैन्य कार्रवाई की बात आने पर पाकिस्तान के सामान्य इनकार के विपरीत है। शहबाज



शरीफ ने कहा कि 10 मई को सुबह करीब 2:30 बजे जनरल सैयद असीम मुनीर ने मुझे सिक्योर लाइन पर कॉल करके बताया कि भारत की बैलिस्टिक मिसाइलों ने नूर खान एयरबेस और दूसरे इलाकों पर हमला किया है। हमारी वायुसेना ने अपने देश को बचाने के लिए स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल किया और उन्होंने चीनी जेट पर आधुनिक गैजेट और तकनीक का भी इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि फज्र (नमाज) के बाद मैं तैराकी करने चला गया, अपने साथ अपना सुरक्षित फोन भी ले गया। फोन दूसरी बार बजा - लाइन पर जनरल असीम मुनीर थे। उन्होंने मुझे बताया कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है," उन्होंने दर्शकों को यह बताना भूल गए कि भारत ने पाकिस्तान द्वारा दागी गई सभी मिसाइलों और ड्रोन को नष्ट कर दिया है।

दुनिया में भारत का पक्ष रखेंगे सर्वदलीय सात प्रतिनिधिमंडल

नई दिल्ली (हि.स.)

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ नीतियों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए सर्वदलीय सात प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया है। ये प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख सहयोगी देशों का दौरा करेगा। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में की जा रही है, जो भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ निरंतर लड़ाई का प्रतीक है। प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय संकल्प और आतंकवाद के सभी रूपों और स्वरूपों के खिलाफ उसके दृढ़ दृष्टिकोण को पेश करना है। ये प्रतिनिधिमंडल दुनिया को भारत के आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का मजबूत संदेश देंगे। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और विशिष्ट राजनयिक शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले सांसदों में शामिल हैं- शशि थरूर (कांग्रेस), रवि शंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), बैजयंत पांडा (भाजपा), कनिमोझी (द्रमुक), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी) और श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना)। सरकार के इस फैसले की सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब महत्वपूर्ण क्षण आते हैं तो भारत एकजुट खड़ा होता है। उन्होंने इसे राजनीति से ऊपर राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बताया।कांग्रेस नेता एवं विदेश मामलों से जुड़ी संसद की स्थाई समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने कहा कि वह इस निमंत्रण के लिए सम्मानित महसूस करते हैं और राष्ट्रीय हित के मामले में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं।

आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट

वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर जानकारी दी कि कांग्रेस ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के तौर पर चार सांसदों के नामों की पेशकश की है, जिनमें आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह किसी पार्टी के बारे में नहीं है।

एनआईए ने मुंबई एयरपोर्ट से आईएसआईएस के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया

मुंबई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के फरार दो इनामी गुर्गों को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान अब्दुल फैयाज शेख और तल्हा लियाकत खान के रुप में की गई है, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के प्रमुख सदस्यों के रूप में काम कर रहे थे। एनआईए की टीम दोनों से गहन पूछताछ कर रही है। एनआईए सूत्रों के अनुसार आईएसआईएस के दोनों आरोपित महाराष्ट्र के पुणे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के निर्माण और परीक्षण से जुड़े 2023 के एक मामले से जुड़े हैं। इन दोनों को फरार अपराधी घोषित किया गया था और केंद्रीय एजेंसी ने इनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 3-3 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी। दोनों इंडोनेशिया के जकार्ता में छिपे थे।

वक्फ से जुड़ी दो नई याचिकाओं पर विचार करने से मना किया

हर कोई अखबारों में अपना नाम देखना चाहता है : सुप्रीम कोर्ट

ब्यूरो

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी.आर. गवई व जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली दो नई याचिकाओं पर विचार करने से मना कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबारों में अपना नाम देखना चाहता है। अदालत इस मामले पर 20 मई को सुनवाई करेगी। इस सुनवाई में अंतरिम राहत पर भी विचार किया जाएगा। केंद्र सरकार ने कहा है कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं हमेशा के लिए दायर नहीं की जा सकतीं। सरकार के बड़े वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं हमेशा के लिए दायर नहीं की जा सकतीं। इसका मतलब है कि सरकार चाहती है कि इन याचिकाओं पर जल्द सुनवाई हो।एक याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री द्वारा बताई गई कमियों को भी दूर कर दिया था। लेकिन उनकी याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''हर कोई चाहता है कि उसका नाम अखबारों में आए।'' वकील ने पीठ से आग्रह किया कि उनकी याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जाए। पीठ ने कहा, ''हम इस विषय पर फैसला करेंगे।'' इसके बाद, पीठ ने इसे खारिज कर दिया। इसी तरह की एक अन्य याचिका सुनवाई के लिए आई, तो पीठ ने कहा, ''खारिज की जाती है।''



● मामले पर सुनवाई अब 20 मई को होगी

याचिकाकर्ता के वकील ने आग्रह किया कि उन्हें लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप करने की अनुमति दी जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''हमारे पास पहले से ही बहुत सारे हस्तक्षेपकर्ता हैं।'' अदालत पहले से ही कई लोगों को मामले में शामिल होने की अनुमति दे चुकी है। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने 17 अप्रैल को फैसला किया था कि वह कुल याचिकाओं में से केवल पांच की सुनवाई करेगी। अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं 15 मई को प्रधान न्यायाधीश व न्यायमूर्ति मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई थीं। पीठ ने कहा कि वह 20 मई को तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी। ये मुद्दे हैं-

- अदालतों द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर अधिसूचित करना, यानी यदि अदालत ने किसी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया है, तो उसे वापस कैसे लिया जा सकता है।
- राज्य वक्फ बोर्डों व केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुसलमानों को ही इसका कामकाज करना चाहिए।
- वह प्रावधान जिसके अनुसार जब डीएम यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि संपत्ति सरकारी है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। यदि डीएम को लगता है कि कोई संपत्ति सरकारी है, तो उसे वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा।

सरकार संशोधित वक्फ अधिनियम, 2025 के बचाव में अड़ी, कुछ भी बदलाव नहीं चाहती -

वहीं केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम, 2025 का बचाव किया है। मंत्रालय ने 25 अप्रैल को 1,332 पृष्ठों का एक हलफनामा दाखिल किया है। मंत्रालय ने संसद द्वारा बनाए गए कानून पर अदालत द्वारा किसी भी रोक का विरोध किया है। सरकार चाहती है कि अदालत इस कानून पर रोक न लगाए।

नकली दुल्हन से शादी कराकर घर लूटने का धंधा

सुहागरात को ही दुल्हन घर में रखे 1.30 लाख व गहने लेकर फरार

संवाददाता

लखनऊ। मामला आगरा का है, लेकिन इसे लेकर तरह -तरह की बातें राज्य के राजधानी की गलियों में हो रही हैं। यह कि योगी राज में भी इस तरह की घटनाएं कैसे होने लगीं। नकली दुल्हन के मार्फत लूटने वाले गैंग की सक्रियता का। ऐसा ही आगरा में सुहागरात में ही ससुराल को लूटने वाली दुल्हन को आगरा पुलिस खोजने में परेशान है। हालत यह हो गई है कि भाजपा विधायक को भी मैदान में उतरना पड़ा है। क्योंकि विधायक के हस्तक्षेप के बाद केस दर्ज हो सका है। उसके बाद पुलिस पड़ताल में पता चला है कि शादी में दुल्हन की ओर से आए रिश्तेदार भी नकली थे। उन्हें किराए पर लाया गया था। 10 हजार रुपये में मामा और फूफा बनाकर दुल्हन पक्ष की ओर से पेश किया गया। इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड एक अधिवक्ता बताया जा रहा है। पुलिस उसकी भी तलाश में जुटी है। ये मामला 4 मई का है। थाना एत्मादौला क्षेत्र के सीता नगर की रहने वाली कुसमा अपने बेटे की शादी के लिए लड़की तलाश रही थी। अधिवक्ता जयप्रकाश उर्फ जेपी धाकरे ने कुसमा से संपर्क किया। जिसमें दोनों ओर से खर्चा उठाने की बात कही गई। बिचौलिया बने अधिवक्ता ने 1.20 लाख में ठेका लिया था।

- 10 हजार में मामा-फूफा बना किराए पर लाए फर्जी रिश्तेदार
- बिचौलिया बनकर एक वकील ने युवक की शादी कराने का लिया 1.20 लाख रु.
- दुल्हन का आधार कार्ड था नकली

कुसमा इस पर तैयार हो गई थी। उसका बेटा रिंकू पेटीज बेचने का काम करता है। 4 मई को अधिवक्ता ने न्यू आगरा क्षेत्र के महादेव मंदिर में रिंकू की शादी एक युवती से कराई। जिसका नाम मिर्जापुर की अंतिमा बताया था। मंदिर में शादी के दौरान दुल्हन की ओर से उसके मामा बने रामरतन, फूफा यादराम और बुआ भी मौजूद थी। शादी के बाद उसी रात को दुल्हन की विदाई करा दी गई। दुल्हन ने रात करीब 2 बजे नशीला पदार्थ सुंघाकर पति को बेहोश किया। इसके बाद अगले कमरे में सोने वाले लोगों को भी बेहोश कर दिया। इसके बाद घर में रखी 1.30 लाख की नकदी और गहने लेकर फरार हो गई। रिंकू की मां कुसमा ने बताया कि अधिवक्ता से मुलाकात उसके रिश्तेदार के घर पर हुई थी। किराए पर आए थे रिश्तेदार कुसमा के रिश्तेदारों ने मामा बने रामरतन को फोन किया तो उसने बताया कि उसे अधिवक्ता जेपी धाकरे ये कहकर लाया था कि एक गरीब लड़की का मामा बनना है। इसके लिए उसे 10 हजार रुपये मिलेंगे, लेकिन सिर्फ 500 रुपये ही दिए हैं। ऐसे ही फूफा व बुआ को भी किराए पर लाया गया था। रिंकू की मां कुसमा ने अधिवक्ता को फोन किया तो वह दूसरी शादी कराने का झांसा दे रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि इस पूरे खेल में अधिवक्ता मास्टरमाइंड प्रतीत हो रहा है। उसकी तलाश की जा रही है। भाजपा विधायक धर्मपाल ने मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की है।

नूंह पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 23 बांग्लादेशी ईंट भट्टे से गिरफ्तार

नूंह (आईएएनएस) । हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 बांग्लादेशी नागरिकों को ईंट-भट्टे से गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। सभी एक स्थानीय गांव बाजड़का में स्थित ईंट-भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ईंट-भट्टे पर कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के कार्यरत हैं।

पाकिस्तानी जासूस यूट्यूबर गिरफ्तार

चंडीगढ़ । हरियाणा के हिसार निवासी हरीश कुमार की बेटी ज्योति रानी से पाकिस्तान को कथित तौर पर जानकारी देने के आरोप में पूछताछ की गई। कथित तौर पर उसने दिल्ली में एक पाकिस्तानी अधिकारी अहसान-उर-रहीम से मुलाकात की, दो बार पाकिस्तान की यात्रा की और संवेदनशील जानकारी साझा की। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तानी गुर्गों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने की बात कबूल करने के बाद गिरफ्तार किया गया।

मणिपुर में हथियार और विस्फोटक का जखीरा बरामद

इंफाल । मणिपुर में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान राज्य के अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए हैं। सुरक्षा बलों का अभियान अभी जारी है। मणिपुर पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल ईस्ट जिले के इरिलबुंग थाना क्षेत्र के नुंगजेंगबी यूरुप हिल में तलाशी अभियान के दौरान एक सफेद बोरे से .303 राइफल (मैगजीन सहित), 9 एमएम पिस्तौल (3 मैगजीन), देसी पिस्तौल, 9 एमएम के छह जिंदा राउंड, .303 एलएमजी के तीन मैगजीन, सात कार्बाइन मैगजीन, 7.62 एमएम के छह जिंदा राउंड, एके 47 (5.56 एमएम) के 19 जिंदा राउंड, वुड पीयर्सिंग शेल, 7.62 मिमी के 410 खाली खोखे, छह ट्यूब लॉन्चिंग (मिनी फ्लेयर), पांच नॉर्मल टीयर स्मोक शेल, दो टीयर चिली स्मोक शेल, दो वायरलेस सेट बैटरी (मोटोरोला) बरामद किए।

अब भाजपा का लक्ष्य बीएमसी व बिहार विधान सभा चुनाव जीतना

बीएमसी का बजट देश के कई छोटे भारतीय राज्यों से भी अधिक है

ब्यूरो

नई दिल्ली। भाजपा ने महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर तो तैयारियां जोरों पर शुरू कर ही दी है , बिहार में भी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर गणित व अभियान तेज कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर अभियान से भाजपा को दोनों जगह लाभ की उम्मीद है। महाराष्ट्र में सरकार चला रहे महायुति गठबंधन व विपक्षी महाविकास अघाड़ी के साथ ही कुछ छोटे दल भी लगातार तैयारी में जुटे हुए हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी जड़ें जमाने की कोशिश कर रहे असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए कमर कस रही है।सर्वोच्च न्यायालय ने 6 मई को महाराष्ट्र सरकार को आदेश दिया था कि वह नोटिफिकेशन जारी करने के 4 माह के अंदर स्थानीय निकायों के चुनाव कराए। अदालत के आदेश के बाद से ही राज्य में चुनावी माहौल बनने लगा है। अक्टूबर के पहले या दूसरे हफ्ते में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) और अन्य नगर निकायों के चुनाव होने की संभावना है। राज्य में 6 बड़ी पार्टियां सक्रिय हैं। कई छोटे दलों ने भी कुछ सीटों पर मुकाबले को रोचक बनाया हुआ है। शिवसेना व एनसीपी में हुए विभाजन के बाद राज्य की सियासी तस्वीर बहुत हद तक बदल गई है। भाजपा महाराष्ट्र की सियासत में सबसे बड़े प्लेयर की भूमिका में है।महाराष्ट्र में सरकार चला रहे महायुति गठबंधन में भाजपा , एकनाथ शिंदे की शिवसेना व अजित पवार की एनसीपी शामिल है। जबकि विपक्षी एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार गुट) और कांग्रेस शामिल हैं।

एआईएमआईएम की ओर से गुरुवार को राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई और इसमें राज्य में होने वाले सभी चुनाव लड़ने का फैसला किया गया। महाराष्ट्र में पार्टी के अध्यक्ष इम्तियाज जलील ने कहा कि हम महायुति के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। एआईएमआईएम स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए गठबंधन करने की संभावना पर भी काम कर रही है।इस तरह की भी चर्चा चल रही है कि राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच गठबंधन हो सकता है। दूसरी ओर, शिवसेना (यूबीटी) एमवीए गठबंधन से बाहर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने पर विचार कर रही है। हाल ही में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच गठबंधन के बारे में चर्चा हुई है लेकिन इसे लेकर कुछ फैसला नहीं हुआ है।बीएमसी महाराष्ट्र का सबसे बड़ा नगर निगम है। बीएमसी का बजट देश के कई छोटे भारतीय राज्यों से भी अधिक है और यह भारत का सबसे पैसे वाला नगर निगम है। इसमें कुल 227 वार्ड हैं। 2017 में हुए बीएमसी चुनावों में अविभाजित शिवसेना ने सबसे ज्यादा वार्ड (84) जीते थे, दूसरे नंबर पर बीजेपी (82) रही थी। कांग्रेस ने 31, एनसीपी ने 9, राज ठाकरे की एमएनएस ने 7 और समाजवादी पार्टी ने 6 वार्डों में चुनाव जीता था। तब शिवसेना और भाजपा साथ थे लेकिन उन्होंने बीएमसी चुनाव अलग-अलग लड़ा था। बड़ी पार्टी होने के नाते, शिवसेना अपना मेयर बनाने में सफल रही।इसके अलावा ठाणे महानगरपालिका, कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका, नवी मुंबई महानगरपालिका और नासिक महानगरपालिका के चुनाव भी बेहद अहम होते हैं।भाजपा की अगुवाई में 288 सीटों वाली महाराष्ट्र की विधानसभा में महायुति गठबंधन को 230 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा ने अकेले दम पर ही 132 सीटें जीती थीं जबकि उसके सहयोगी दलों – एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें जीतीं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना, कहा

चहेतों को लाभान्वित करने के लिए लाई गई है नई शराब नीति

बोले नेता प्रतिपक्ष

- यदि हेमंत सरकार ईमानदार है, तो एक लाइसेंस धारी को एक दुकान ही किया जाए आवंटित
- अधिसूचित क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में हो आवंटन, ग्रामीण महिलाओं को मिले प्राथमिकता

नवीन मेल डेस्क

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को हेमंत सरकार की नई शराब नीति पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री को लिखे पत्र का भी उल्लेख किया। कहा कि पहले भी उन्होंने राज्य सरकार की नीति और नीयत को उजागर किया है और समय आने पर फिर खुलासा करेंगे।

बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कहा कि हेमंत सरकार ने अपने कार्यकाल में तीसरी बार शराब घोटाले की नींव डाली है। पहले के दो घोटाले अभी जांच के घेरे में हैं और अब तीसरी बार अपने चहेतों को उपकृत करने के लिए नए तरीके से शराब नीति लाई गई है। यह माफियाओं को खुली छूट देकर शराब पर कब्जे की वैधानिक कार्रवाई है।

मरांडी ने कहा कि इस नीति के तहत नीलामी यूनिट के आधार पर होगी। हर यूनिट में एक से चार दुकानों का प्रावधान है। कोई भी व्यक्ति या समूह इसके तहत अधिकतम 12 यूनिट ले सकता है। इसमें ऐसा भी प्रावधान है कि अगर किसी ने ऐसी यूनिट ली, जिसमें चार दुकानें हैं, तो वह व्यक्ति या समूह एक जिले में 48 दुकानें ले सकता है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, एक व्यक्ति या समूह इस नीति के तहत राज्य में 140 दुकानें ले सकता है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सभी को पता है कि कारोबारी पहले से ही दो, चार, दस, बीस कंपनियां बनाकर बैठे हैं। वे अलग-अलग कंपनियों और समूहों के नाम पर नीलामी में भाग लेंगे और इस नीति का फायदा उठाकर पूरे राज्य की शराब दुकानों पर कब्जा और एकाधिकार स्थापित करेंगे। फिर एक बार राज्य के शराब व्यापार पर कुछ चुनिंदे नामों का खुला नियंत्रण होगा। इस प्रकार यह नीति माफियाओं को कानूनी मान्यता देने की साजिश है।

मरांडी ने कहा कि इस नीति के कारण फिर से राज्य को राजस्व की भारी क्षति होगी। कहा कि इस मॉडल से चंद रसूखदार और सत्ताधारी नेताओं के करीबी व्यापारी ही लाभ उठाएंगे। बेरोजगारों, छोटे उद्यमियों और ग्रामीणों के लिए इसमें कोई जगह नहीं है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार अगर सचमुच में रोजगार देना चाहती है, तो एक व्यक्ति को एक दुकान की नीति लागू हो। इससे शराब व्यापार में समानता और पारदर्शिता आएगी। साथ ही, जो लाइसेंस ले उसे ही दुकान चलाने की शर्त रखी जाए। ताकि, बिचौलियों और नामधारी माफियाओं का धंधा बंद हो। दुकान संचालन में परिवार की प्रत्यक्ष उपस्थिति भी अनिवार्य की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिसूचित क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में दुकानों को आरक्षित किया जाए। इससे स्थानीय समुदायों को न्यायसंगत भागीदारी मिलेगी और माफियागिरी से मुक्ति भी मिलेगी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं, जो सड़क किनारे हड़िया बेचने को मजबूर हैं, उन्हें वैध तरीके से दुकानें आवंटित की जाए। ताकि, राज्य की बहन-बेटियां सम्मानजनक तरीके से आजीविका पा सकें। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार ऐसा नहीं करती है, तो भाजपा इसका पूरे प्रदेश में प्रबल विरोध करेगी। पार्टी चुप नहीं बैठेगी। प्रखंड, जिलों तक आंदोलन करेगी। प्रेसवार्ता में भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

गृह, पेयजल व पंचायती राज विभाग को एक भी पैसा जारी नहीं : मरांडी

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा है कि चालू वित्त वर्ष के डेढ़ महीने बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब तक गृह विभाग, पेयजल विभाग और पंचायती राज विभाग जैसे तीन अहम विभागों को एक भी पैसा जारी नहीं किया गया है। कुछ ही दिनों में मानसून का आगमन हो जाएगा, जिसके बाद आगामी दो-तीन महीनों तक कोई सिविल कार्य नहीं हो सकता है। बाबूलाल ने कहा कि गृह विभाग के मामले में तो समझा जा सकता है कि राज्य में डीजीपी की नियुक्ति ही नहीं हुई है, तो बजट आवंटन का फिलहाल कोई मतलब नहीं बनता। मुख्यमंत्री खुद की कमाई के लिए, खुद की दिहाड़ी पर एक भ्रष्ट अधिकारी की नियुक्ति कर बजट का पैसा बचा रहे हैं। लेकिन, पेयजल विभाग को राशि जारी न करना समझ से परे है। झारखंड में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है और प्रदेश के कई हिस्सों में जल संकट गंभीर रूप ले चुका है। ऐसे में पेयजल योजनाओं का बजट रोकना आम जनता के साथ अन्याय है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पंचायती राज विभाग की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक है। ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों कार्य अधूरे हैं, मजदूरों का भुगतान लंबित है, लेकिन विभागीय मंत्री, अधिकारी पांच सितारा होटल में सेमिनार आयोजित कर करोड़ों रुपए फूंक रहे हैं।

राज्यपाल ने दिया जेपीएससी को रिजल्ट प्रकाशन का निर्देश

- **परीक्षा परिणाम को लेकर राज्यपाल से मिला था जेएलकेएम का प्रतिनिधिमंडल**

नवीन मेल डेस्क

रांची। राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के परीक्षाफल के प्रकाशन का निर्देश आयोग को दिया है। इसे लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर रिजल्ट प्रकाशित करने की मांग की थी।

शिष्टमंडल की अगुवाई कर रहे मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि 11वीं से 13वीं सिविल सेवा, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर, फूड सेफ्टी सिक्योरिटी ऑफिसर, असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति और अन्य परीक्षाओं की जानकारी राज्यपाल को दी गई। इसके बाद राज्यपाल ने टेलीफोन से वार्ता करते हुए आयोग से परीक्षाफल प्रकाशन में विलंब का कारण पूछा और यथाशीघ्र रिजल्ट प्रकाशन का निर्देश दिया। वहीं, आयोग ने रिजल्ट प्रकाशन पर सकारात्मक आश्वासन दिया। मौके पर देवेंद्र नाथ महतो ने रिजल्ट प्रशासन में हुए विलंब का सरकार के उदासीन रवैये को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि आयोग जल्द रिजल्ट प्रकाशित करे, नहीं तो जून माह में मोर्चा आंदोलन को बाध्य होगा।

कमांडो ट्रेनिंग आदेश की अवहेलना पर आरपीएफ के 10 जवान निलंबित

रांची / प. सिंहभूम (हि.स.)। पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिला स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में अनुशासनहीनता के एक गंभीर मामले में आरपीएफ के 10 कांस्टेबलों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन जवानों पर वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से दिए गए वैध आदेश का पालन न करने का आरोप है। चक्रधरपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पी. शंकर कुट्टी की ओर से शनिवार को यह कार्रवाई 16 मई 2025 को की गई। मिली जानकारी के अनुसार निलंबित जवानों को हजारीबाग और मानेसर स्थित एनएसजी (एनएसजी) एवं बीएसएफ केंद्रों में आयोजित कमांडो ट्रेनिंग में भाग लेने का आदेश दिया गया था। लेकिन इन जवानों ने इस आदेश का पालन नहीं किया, जिसे सेवा अनुशासन के उल्लंघन के रूप में देखा गया।

पेज एक के शेष

पलामू के होटवार जंगल में...

पुलिस अब भी पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान चला रही है। अधिकारियों का मानना है कि दस्ते के कुछ सदस्य घायल होकर जंगल में भाग निकले हैं। क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त जवानों को भी अलर्ट पर रखा गया है।

अपराधियों ने घर...

इसी का फायदा उठाकर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। परिजनों का कहना है कि उनका कुछ लोगों के साथ जमीन विवाद चल रहा था, लेकिन मृतका या अन्य परिजनों की किसी से कोई सीधी दुश्मनी नहीं थी। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद दो लोग दक्षिण दिशा में स्थित नदी की ओर भागते देखे गए। थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि महिला को गोली मारी गई है और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। मौके पर सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार और सुशील उरांव अपने दलबल के साथ पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुटे हैं।

रांची के 3533 लाभार्थियों..

अनगड़ा में 272, बेड़ो में 171, बुंडू में 94, बुढ़मू में 149, चान्हो में 290, इटकी में 150, कांके में 355, खलारी में 203, लापुंग में 124, मांडर में 288, नगड़ी में 161, नामकुम में 369, ओरमांझी में 165, राहे में 99, रातू में 152, सिल्ली में 219, सोनाहातू में 101 और तमाड़ प्रखंड में 171 लाभुकों ने अपने अबुआ आवास में गृह प्रवेश किया।

नगड़ी के साहेर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के लाभुकों ने उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के समक्ष अपने अनुभव साझा किए। लाभुकों ने बताया कि 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में योजना के लाभ के लिए उन्होंने आवेदन दिया था और अब उनका सपना पूरा हुआ है।मौके उपायुक्त ने कहा कि ऐसे लाभुक जिन्हें किस्त का भुगतान किया गया है वे जल्द अपना आवास निर्माण कराएं। आवास निर्माण होने पर कार्यक्रम आयोजित कर उनका गृह प्रवेश कराया जाएगा। रांची जिला में अबुआ आवास योजना अंतर्गत 13,065 लाभुकों को पहली, 11,724 लाभुकों को दूसरी और 8,468 लाभुकों को तीसरी किस्त का भुगतान किया जा चुका है।

झारखंड से निकाले...

होल्डिंग सेंटर में ही चिह्नित किए गए बांग्लादेशी और रोहिंग्या को लाकर रखना है। होल्डिंग सेंटर में जांच पड़ताल पूरी करने के बाद उन्हें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को सौंपा जाएगा। इसके बाद संबंधित देश को उनके नागरिकों को सौंपा जाएगा। इस दिशा में कार्रवाई के लिए केंद्र की ओर से पत्र मुख्य सचिव के स्तर से पुलिस मुख्यालय और सभी जिलों को भी भेजा गया है।केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह आदेश दिया है कि यदि संदिग्ध बांग्लादेशी या म्यांमार का नागरिक (रोहिंग्या) खुद को भारतीय नागरिक होने का दावा करता है और वह किसी अन्य राज्य में रह रहा हो, तो संबंधित राज्य सरकार गृह सचिव और जिला कलेक्टर या जिला मजिस्ट्रेट को, जहां से संदिग्ध व्यक्ति आने का दावा करता है, उसका नाम, माता-पिता का नाम, आवासीय पता, निकटतम रिश्तेदारों का विवरण प्राप्त करना है। उसके बाद 30 दिनों के भीतर भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट निर्वाचित राज्य सरकार या फिर संघ क्षेत्र को भेजा जाएगा। भारतीय नागरिक होने के दावे का सत्यापन एक महीने के भीतर हर हाल में कर लेना है। अवैध बांग्लादेशी की पहचान होने के बाद राज्य सरकार तत्काल संबंधित व्यक्ति की बायोमेट्रिक और डेमोग्राफी की जानकारी लेगी। इसके बाद उसे विदेशी आइडेंटिफिकेशन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। जिला पुलिस के जरिए अवैध प्रवासियों की जांच के बाद बीएसएफ या कोस्ट गार्ड भी उसे होल्डिंग सेंटर से अपने हिरासत में लेकर डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।

झामुमो-कांग्रेस ने आलोचना की, भाजपा ने केंद्र का फैसला राष्ट्रीय हित में बताया : बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को उनके देश डिपोर्ट करने के मामले पर झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडे का कहना है कि गलती केंद्र करे और उसे सुधारने का काम राज्य सरकार करे। राज्य सरकार के पास भी सीमित संसाधन हैं, ऐसे में केंद्र को अपनी गलती माननी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा आरोप है कि असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के रास्ते ही बांग्लादेशी घुसपैठ करते हैं और वहीं से झारखंड आते हैं। असम और त्रिपुरा में भी भाजपा की ही सरकार है, ऐसे में पहले केंद्र और बीजेपी अपनी गलती माने। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि पहले असम जैसे राज्यों में राज्य सरकार ईमानदारी से कार्य करे। दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा ने केंद्र के इस फैसले का स्वागत किया है। भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव का कहना है सरकार ने इसे लेकर जो निर्णय लिया है, वह स्वागत योग्य है, क्योंकि यह राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने राज्य सरकार पर यह आरोप लगाया कि सरकार बांग्लादेशियों को वोटबैंक के रूप में देखती है और ज्यादातर ने अपने पहचान पत्र भी बना लिए हैं। देखना होगा अब किस तरह राज्य सरकार इसपर अपना कर्तव्य सही ढंग से निभा पाती है, क्योंकि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा सड़क पर उतरेगी और प्रदर्शन करेगी।

आदिवासी संगठनों...

और धार्मिक स्थलों पर कब्जा किया जा रहा है।सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशाही मुंडा ने रैंप निर्माण को आदिवासी अस्मिता पर सीधा हमला बताया और कहा कि इस मामले में अब आर-पार की लड़ाई होगी। जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के अध्यक्ष निरंजना हेरेंज ने कहा कि वे पिछले चार महीने से आंदोलनरत हैं। लेकिन, राज्य सरकार पुलिस बल के सहारे जबरन निर्माण कार्य पूरा करवा रही है। आंदोलनकारियों ने बताया कि 27 मई को राजभवन के समक्ष धरना दिया जाएगा और चार जून को झारखंड बंद बुलाया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता कुंदरसी मुंडा ने कहा कि नया आदिवासी मोर्चा बनाकर जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए बड़ा आंदोलन शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिरम टोली की लड़ाई किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होगी। मौके पर सूरज टोप्पो, शनि हेमरोम, सुशीला कच्छप, संगीता कच्छप, निरंजना हेरेंज, आकाश तिर्की, राहुल तिर्की, विजय कच्छप समेत कई लोग उपस्थित थे।

'ऑपरेशन सिंदूर' हर...

तरह की बढ़ती हुई चुनौती को रोका जा सके। पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को हमारे एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली ने पूरी तरह से विफल कर दिया, जो हमारी सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। मैंने करगिल युद्ध, श्रीलंका संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और कई आतंकवाद विरोधी अभियानों में अपनी सेवा के दौरान भारतीय सेना की वीरता को नजदीक से देखा है। अपने 34 वर्षों के सैन्य जीवन के अनुभव के आधार पर मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारतीय सेना की साहस, समन्वय और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज भी यदि देश पुकारे, तो मैं एक बार फिर वर्दी पहनने के लिए तैयार हूं। एक सैनिक के लिए देशभक्ति की भावना कभी समाप्त नहीं होती। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है और मैं उन सभी वीर जवानों को सलाम करता हूं, जो दिन-रात देश की रक्षा में डटे हुए हैं। जय हिंद।

अबुआ साथी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों से संबंधित समीक्षा बैठक

पीडी आईटीडीए ने प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

नवीन मेल डेस्क

रांची। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार शनिवार को अबुआ साथी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। नोडल पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, समेकित जनजातीय विकास अभिकरण, संजय भगत द्वारा अबुआ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के संबंध में ऑनलाइन बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। विभागावार प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने त्वरित निष्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त महोदय के निदेशानुसार अबुआ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा की जायेगी, जिन पदाधिकारियों के लॉगिन में ज्यादा मामले लंबित हैं वो इसे गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र त्वरित निष्पादन करें। ऑनलाइन बैठक में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

ड्रग माफिया धडल्ले से वितरित कर रहे नकली दवा : जेपी पांडेय

रांची (हि.स.)। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के नेता जय प्रकाश पांडेय ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से ड्रग माफियाओं के मिलिभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि राज्य की निरीह जनता के बीच नकली दवाओं का वितरण कर करोड़ों रुपये की उगाही कर रहे हैं और जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मामले पर सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यकाल में पलामू जिले में नकली दवा वितरण का भंडाफोड़ हुआ था। लेकिन खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि राज्य में अब तक ड्रग माफियाओं पर अंकुश नहीं लगाई जा सकी है। अब भी लगभग झारखंड के सभी जिलों में नकली दवा वितरण का काला कारोबार फल फूल रहा है और जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ जारी है।

आशा गोयल की हत्या की एसआईटी गठन कर हो जांच : रक्षा राज्य मंत्री

नवीन मेल डेस्क

रांची। तीन दिन पूर्व सिमडेगा शहर में दिनदहाड़े आशा गोयल की हत्या को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य सरकार से इसकी उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है। इस संबंध में जारी एक बयान में रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा है कि आशा गोयल अपने घर में अकेले रहती थी और दिनदहाड़े उनकी गला रेतकर निर्मम हत्या की गई है। घटना के चार दिन बाद भी अब तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है, जो कहीं ना कहीं गंभीर प्रश्न खड़े करता है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि सिमडेगा शहर में दिनदहाड़े घर में घुसकर निर्मम हत्या की घटना से आम नागरिक दहशत में है। मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले को लेकर एसआईटी का गठन किया जाए और इसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो। दोषियों पर अविलंब ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके पीछे के कारणों का भी यथाशीघ्र उद्वेदन पुलिस प्रशासन करे। इसके साथ ही उस क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाए।

हत्या मामले में सभा ने की मुख्यमंत्री से दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग

रांची। अग्रवाल सभा और मारवाड़ी सहायक समिति ने सिमडेगा जिले में 14 मई को शेटू अग्रवाल की पुत्री आशा गोयल की अत्यंत निर्मम हत्या की घोर निंदा की है। अग्रवाल सभा रांची के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल और सचिव अनिल अग्रवाल मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने शनिवार को संयुक्त रूप से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र प्रेषित कर कहा है कि अग्रवाल सभा और मारवाड़ी समाज इस दुखद एवं अमानवीय घटना की घोर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक जघन्य अपराध है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले की शीघ्र उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। मृतका के परिवार को उचित आर्थिक और कानूनी सहायता देने तथा परिवार की सुरक्षा का समुचित प्रबंध करने की मांग भी की गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना से न केवल सिमडेगा बल्कि समस्त झारखंड के अग्रवाल समाज में भारी गहरा रोष है। यदि इस घटना पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समाज में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास कमजोर होगा। पत्र में कहा गया है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित हो।

विधानसभा अध्यक्ष ने 'द विंग्ड रिंग्स' पुस्तक का किया लोकार्पण

- **12 वर्षीय अनुष्का सिंह ने लिखी है यह किताब**

नवीन मेल डेस्क

रांची। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद की छात्रा अनुष्का सिंह की लिखित पुस्तक 'द विंग्ड रिंग्स' का लोकार्पण किया। यह 'द विंग्ड सीरीज' का पहला भाग है, जो नौ संघर्षरत युवाओं की कहानी बताती है। इस पुस्तक में युवाओं की भावनाओं, षड्यंत्रों और प्रेम को दर्शाया गया है। यह पुस्तक सामाजिक भय, आघात और अवसाद से जूझने वाले व्यक्तियों की भी कहानी है, जो स्वयं को स्वीकार करने और सांसारिक मानदंडों से परे अपने विकल्पों को स्वीकार करने के बारे में है। पुस्तक अंग्रेजी भाषा में लिखी गई है ।

'द विंग्ड रिंग्स' पुस्तक का लोकार्पण करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने 12 साल की उम्र में, अनुष्का सिंह की साहित्य में व्यापक अभिरुचि की प्रशंसा की और इसे झारखंड के लिए गर्व का विषय बताया। अनुष्का सिंह कक्षा 8 की छात्रा हैं, जो वर्तमान में दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद में पढ़ रही हैं। अनुष्का ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची और इंदिरापुरम (गाजियाबाद) में भी पढ़ाई की है।

पुस्तक की प्रस्तावना में लेखिका अनुष्का ने अपने पिता को रोल मॉडल माना है। उन्होंने यह पुस्तक अपने दादा दिवंगत अमीरचंद सिंह और दादी जमूरता देवी को समर्पित की है।

डॉ लंबोदर ने की ओबीसी क्रीमी लेयर की सीमा 12 लाख करने की मांग

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आरक्षित पिछड़ी जातियों (ओबीसी) की क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने की मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है। इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। हमेशा पिछड़ों के हितों की चिंता करने वाले पूर्व विधायक ने पत्र में कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष में पिछड़ी जातियों के लिए क्रीमी लेयर की निर्धारित सीमा 08 लाख से बढ़ाकर 12 लाख की जाए। ऐसा होने पर देशभर की करीब 54 प्रतिशत पिछड़ी जातियां उनका आभारी रहेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रेषित अपने पत्र में कहा है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2008 में देश की पिछड़ी जातियों (ओबीसी) की क्रीमी लेयर की सीमा साढे चार लाख रुपए निर्धारित की गई थी, जिसे 26 फरवरी 2016 को बढ़ाकर आठ लाख प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया था। इस सीमा की बढ़ोतरी किए जाने के लगभग नौ वर्ष बीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस बात के लिए धन्यवाद के पात्र हैं कि मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयकर की अधिसीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपए की गई है। साथ ही, देश की पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के हितों की रक्षा के लिए जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया गया है। मगर देश की 54 प्रतिशत पिछड़ी जातियों के हक व अधिकारों व उनके हितों की रक्षा के लिए क्रीमी लेयर की अधिसीमा में अब तक बढ़ोतरी नहीं की गई है।

फिल्म, कला और संस्कृति उप समिति की बैठक

सिनेमाघरों में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों के लिए एक शो हो अनिवार्य : झारखंड चेंबर

नवीन मेल डेस्क

बैठक में ये लोग रहे मौजूद

बैठक में चेंबर उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल उप समिति चेयरमैन आनंद जालान बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, पश्चिम सिंघभुम से कोल्हान हॉ फिल्म एंड म्यूजिक एसोसियेशन सदस्य किशन अग्रवाल, राजीव प्रकाश चौधरी, विवेक नायक, सौरव सिंह, सत्यजीत सुंडी, बुलंद अख्तर, ओम प्रकाश भगत, विजय लकड़ा सहित राज्य के कई फिल्म निर्माता और कलाकार मौजूद थे।

रांची (हि.स.)। झारखंड चेंबर की फिल्म, कला और संस्कृति उप समिति की बैठक चेंबर भवन में शनिवार को हुई। राज्य भर से फिल्म कला के क्षेत्र से जुड़े फिल्म निर्माता और कलाकारों ने इस बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में यह कहा गया कि राज्य के सभी सिनेमाघरों में प्रतिदिन एक प्राइम टाइम शो क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों के लिए आरक्षित किया जाए कहा गया कि दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड में फिल्में बन तो रही हैं, लेकिन उन्हें प्रदर्शित करने के लिए सिनेमा हॉल उपलब्ध नहीं हैं। झारखांड की ही फिल्मों को राज्य के सिनेमाघरों में कोई स्थान नहीं दिया जाता है। अन्य राज्यों की तर्ज पर राज्य में भी क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को प्रतिदिन दिखाई जानी चाहिए। इस बात पर भी चर्चा की गई कि फिल्मों को दी जाने वाली सब्सिडी आठ वर्षों से बंद है। इससे झारखंड के कलाकार बेरोजगारी के कगार पर पहुंच गए हैं, जबकि यह सरकार की फिल्म नीति में शामिल है। बावजूद इसके सब्सिडी नहीं दी जा रही है। इसे भी गंभीरता से संज्ञान में लेने की जरूरत है।

मौके पर चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि एक छोटी सी फिल्म बनाने में 40-50 लाख की लागत लगती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को टैक्स फ्री भी किया जाना चाहिए। ताकि, यहां के लोगों को प्रोत्साहन मिले। इससे यहां पर्यटन भी बढेगा और सरकार को भी राजस्व की प्राप्ति होगी। इस बात पर भी चर्चा की गई कि राज्य के 12 जिलों में एक भी सिनेमाघर नहीं हैं। इस वजह से दर्शकों तक फ़िल्में नहीं पहुंच पाती हैं। फिल्मकारों को जिला भवन, ब्लाक हॉल, सामुदायिक भवन, धमकुडिया भवन में फिल्मकारों को अपनी फिल्म दिखाने की अनुमति दी जाए। इससे सरकार को राजस्व भी बढेगा। साथ ही गांव गांव तक सरकार की लाभुक योजनाओं को भी फिल्म के बीच में प्रचार के तौर पर डालकर आसानी से पहुंचाया चाया जा सकता है।

दिल्ली ग्रैंडमास्टर्स ओपन 7 जून से, रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दिल्ली शतरंज संघ द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का 21वां संस्करण 7 से 14 जून तक नई दिल्ली के छतरपुर के टिवोली गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल 1.21 करोड़ की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि होगी। फिडे वर्ल्ड चैंपियनशिप सर्किट पर एक प्रमुख कैलेंडर इवेंट के रूप में इस टूर्नामेंट ने भारत के शतरंज सितारों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें पिछले विजेता अर्जुन एरिगैसी और अरविंद चिदंबरम, आर. प्रज्ञानंद और विश्व चैंपियन गुकेश डोमाराजू शामिल हैं। इन सबने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए अपना अंतिम जीएम मानदंड यहीं अर्जित किया।

भारतीय जूनियर निशानेबाज साल के पहले वर्ल्ड कप के लिए सुहल रवाना होंगे

नई दिल्ली (आईएएनएस)। 40 भारतीय निशानेबाजों और सहयोगी स्टाफ का पहला दल शनिवार रात जर्मनी के सुहल में होने वाले इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) के लिए रवाना होगा। यह प्रतियोगिता जूनियर अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धा कैलेंडर की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मानी जाती है। आधिकारिक आगमन की तारीख 19 मई है, जबकि मुकाबले 20 मई से शुरू होकर 26 मई 2025 तक चलेंगे। भारत, जिसने पिछले साल तीन में से दो आईएसएसएफ जूनियर प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल किया था, इस बार 57 निशानेबाजों का सबसे बड़ा दल भेज रहा है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ आईपीएल की धमाकेदार वापसी

बेंगलुरु (आईएएनएस)

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बेंगलुरु में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फिर से शुरू होगा। शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच मैच से यह शुरुआत होगी। आईपीएल मैचों की मेजबानी करने वाला शहर उत्साह से भरा हुआ है। सुरक्षाकर्मी, खोजी कुत्ते और मेटल डिटेक्टर सुरक्षित माहौल सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रशंसक, मैचों को लेकर उत्साहित होने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं और इसे सुनिश्चित करने के लिए किए गए निर्णयों का समर्थन करते हैं।

कई प्रशंसक विराट कोहली के सम्मान में सफेद जर्सी पहन रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। कोहली के लिए यह मैच खास होगा जो टेस्ट से संन्यास की घोषणा के बाद उनका पहला मैच होगा और इसके साथ ही वह पर्पल कैप की होड़ में आगे निकलने की कोशिश करेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कोहली ने 33 गेंद में 62 रनों की पारी खेली थी और यह उनका इस सीजन सातवां अर्धशतक था। जिससे उनके 505 रन हो गए हैं और वह चौथे नंबर पर हैं। असल में शीर्ष पर बैठे खिलाड़ियों ने पिछले मैचों में एक दूसरे से ऑरेंज कैप हथियाई है क्योंकि सभी के बीच रनों का फासला बहुत कम है। शीर्ष पर बैठे मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव के 510 रन हैं और गुजरात टाइटंस के जॉस बटलर के 500 रन हैं जो पांचवें स्थान पर हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के ही बी साई सुदर्शन (509 रन) और शुभमन गिल (508 रन) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। ऐसे में कोहली को ऑरेंज कैप दोबारा हासिल करने के लिए केवल छह रनों की ज़रूरत है। ऐसा हो सकता है कि पूरा स्टेडियम सफेदी में नहाए तो कोहली एक और अर्धशतक बनाने को देखेंगे। वैसे 11 पारियों में सात अर्धशतक भी किसी रिकॉर्ड से कम नहीं है। प्रशंसक भी उनके टेस्ट संन्यास से भावुक हैं और वे भी इस पल को देखना चाहेंगे।

बेंगलुरु में फिर बारिश ने पकड़ी रफ्तार

कोहली को सपोर्ट करने बड़ी संख्या में पहुंचे फैंस

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच मुकाबला हो रहा है. इस मुकाबले से आईपीएल 2025 की दोबारा शुरुआत हो गई है, जिसे भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद रोक दिया गया था. लेकिन बारिश के चलते टॉस में देरी हो रही है।

कोहली पर सबकी निगाहें

इस मुकाबले में सबकी निगाहें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर होंगी, जो टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पहली बार मैदान पर उतरेंगे. किंग कोहली भी टेस्ट करियर से शॉकिंग रिटायरमेंट के बाद इस मुकाबले में दमदार पारी खेलना चाहेंगे. इसमें कोई शक नहीं है कि केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा. चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार फिट हो चुके हैं, जो आरसीबी के लिए अच्छी खबर है. आरसीबी के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी टीम को जॉइन कर चुके हैं. फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी सेलेक्शन के लिए उपलब्ध हैं. हालांकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी आरसीबी के लिए एक बड़ी समस्या हो सकती है.

उधर कोलकाता नाइट राइडर्स को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराश उसके बल्लेबाजों ने किया है. कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज में निरंतरता नहीं दिखी है. केकेआर को वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से अब दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी. वैसे केकेआर को इंग्लिश ऑलराउंडर मोईन अली की कमी खलेगी, जो वायरल बुखार के कारण बाहर हो गए हैं. वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा केकेआर की बॉलिंग की अहम कड़ी रहने वाले हैं।

आईपीएल में आरसीबी-केकेआर के बीच एच2एच

इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच अबतक 35 मुकाबले हुए हैं. इस दौरान 20 मैचों में कोलकाता की टीम को जीत मिली. वहीं 15 मैच आरसीबी ने जीते. इस सीजन में दोनों टीमें दूसरी बार भिड़ रही हैं. इससे पहले 22 मार्च 2025 को दोनों टीमों के बीच ईडन गार्डन्स में मुकाबला हुआ था. उस मुकाबले में आरसीबी ने 7 विकेट से जीत हासिल की थी।

जानें अंकतालिका का हाल

आईपीएल 2025 की अंकतालिका में फिलहाल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे नंबर पर है. आरसीबी के 11 मैचों में 8 जीत से 16 अंक हैं. इस मुकाबले में जीत उसे प्लेऑफ में जगह पक्की कर देगी।

वानखेड़े में 'रोहित शर्मा स्टैंड' के अनावरण पर राहुल द्रविड़ ने कहा- यह रोहित के योगदान का इनाम

नई दिल्ली (आईएएनएस)। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का अनावरण किया। इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा की सराहना की। उन्होंने कहा रोहित ने टीम इंडिया के लिए क्रिकेट में जो योगदान दिया, यह उसका पुरस्कार है। रोहित शर्मा की आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट में, जिसमें राहुल ने मजाकिया अंदाज में कहा, "रोहित, लगता है कि आपने उन स्टैंड्स में इतने छक्के लगाए कि उन्हें आपके नाम पर एक स्टैंड का नाम रखना पड़ा। बहुत-बहुत बधाई रोहित।

पीकेएल की नीलामी से पहले जयदीप, असलम, सुनील सहित प्रमुख खिलाड़ी रिटेन किए गए

मुंबई (आईएएनएस)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने शनिवार को सीजन 12 के लिए 'एलीट रिटेन किए गए खिलाड़ी', 'रिटेन किए गए युवा खिलाड़ी' और 'नए युवा खिलाड़ी' की घोषणा की। नीलामी 31 मई और 1 जून को मुंबई में होगी। जहां अधिकांश फ्रेंचाइजी ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है, वहीं वे आगामी पीकेएल सीजन 12 प्लेयर नीलामी में मजबूत इकाइयों का निर्माण करना भी चाहेंगे। अपनी-अपनी टीमों द्वारा रिटेन किए गए शीर्ष खिलाड़ियों में सुनील कुमार और अमीरमोहम्मद जफरदानेश (यू मुंबा), जयदीप दहिया (हरियाणा स्टीलर्स), सुरेंदर गिल (यूपी योद्धा) और असलम इनामदार और मोहित गोयत की पुणेरी पल्टन जोड़ी शामिल हैं।

आईपीएल इतिहास में पहली बार लाल की जगह उजले रंग में रंगा दिख सकता है एम चिन्नास्वामी स्टेडियम

नई दिल्ली (आईएएनएस)

आईपीएल 2025 लगभग 10 दिन के अंतराल के बाद फिर से शुरू हो रहा है। शनिवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और केकेआर के बीच सीजन का 58वां मैच खेला जाएगा। आईपीएल के 18 साल के इतिहास में एम चिन्नास्वामी में पहली बार लाल की जगह सफेद जर्सी का बोलबाला नजर आ सकता है। आरसीबी ने अभी तक आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। इसके बावजूद लीग की सर्वाधिक लोकप्रिय टीमों में उसका नाम शुमार है। इसकी वजह हैं विराट कोहली। विराट मौजूदा समय के सर्वाधिक लोकप्रिय खिलाड़ियों में शामिल हैं। उनके चाहने वाले हर जगह हैं और आरसीबी फैंस में तो कोहली को लेकर दीवानगी जगजाहिर है। इस दीवानगी की एक झलक आज के मुकाबले में भी देखने के लिए मिल सकती है। आईपीएल मैचों में अक्सर देखा जाता है कि जिस टीम का होम मैच होता है, स्टेडियम में मौजूद अधिकांश फैंस उसकी ही जर्सी पहने होते हैं। ऐसे ही आरसीबी के मैचों में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम लाल रंग में रंगा नजर आता है क्योंकि होम टीम की जर्सी का रंग भी लाल है। हालांकि 17 मई के मैच के दौरान स्टेडियम में सफेद रंग की जर्सी पहने ढेरों फैंस दिख सकते हैं। दरअसल, विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से 12 मई को संन्यास की घोषणा कर दी थी। यह अचानक घोषणा कोहली के फैंस के लिए बेहद निराशाजनक थी।

विराट के फैंस चाहते थे कि वे अगले कुछ साल तक टेस्ट खेलें और अपना आखिरी टेस्ट खेलते हुए यादगार विदाई लें।

बीसीसीआई मुख्यालय में अपने नाम पर बोर्ड रूम बनाए जाने पर तेंदुलकर बोले, 'इस गर्मजोशी भरे कदम के लिए आपका धन्यवाद

मुंबई (आईएएनएस)

भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मुंबई में अपने मुख्यालय में बोर्ड रूम का नाम उनके नाम पर रखने के लिए धन्यवाद दिया। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में, तेंदुलकर ने हाल ही में सभी शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा, "सबसे पहले, रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), (देवजीत) सैकिया (सचिव) जी, राजीव जी (उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) और रोहन (गौंस देसाई, संयुक्त सचिव) का बहुत-बहुत धन्यवाद।

बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। हमने कुछ समय पहले ही बात की थी कि पहला दौरा कैसा था, जहां मैं 1989 में पाकिस्तान गया था और जहां बीसीसीआई का पहला कार्यालय था। "सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है।

व्यापार/लाइफ व साइंस

भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ हटाने को तैयार : ट्रंप

- भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर प्रतिक्रिया दी
- भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता चल रही है, अभी अंतिम चरण से काफी दूर है



वाशिंगटन (आईएएनएस)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश की है। हालांकि इसके बाद भी उन्होंने कहा कि स्पष्ट सफलता के बावजूद वह व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की जल्दी में नहीं हैं। फॉक्स न्यूज को शुक्रवार को दिए एक इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, भारत ऐसे देश का सबसे अच्छा उदाहरण है, जो अपनी सभी बाधाओं को दूर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। ट्रंप ने कहा कि, "वे व्यापार करना लगभग असंभव बना देते हैं। क्या आप जानते हैं कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए अपने टैरिफ में 100 प्रतिशत की कटौती करने को तैयार हैं?" इस दावे के बावजूद उन्होंने संकेत दिया, "हर कोई हमारे साथ व्यापार करना चाहता है। भारत के साथ ये समझौता कितना जल्दी होगा, यह देखना होगा। मुझे कोई जल्दी नहीं है। हम हर किसी के साथ व्यापार की योजना नहीं बना रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा, "बातचीत चल रही है लेकिन अंतिम चरण से फिलहाल काफी दूर है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, "भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। किसी भी व्यापार सौदे को पारस्परिक रूप से लाभकारी होना चाहिए। इसे दोनों देशों के लिए काम करना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय समय से पहले होगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब उनकी टीम वैश्विक व्यापार गतिशीलता को बड़े स्तर पर बदलने का विचार कर रही है। शुक्रवार को पहले ट्रंप ने कहा था कि वह "अगले दो से तीन सप्ताह में" व्यापारिक साझेदारों के लिए नई आयात शुल्क दरें निर्धारित करने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ व्यापार के विस्तार की संभावना पर भी विचार करने की बात कही है।

"भारत-अफगानिस्तान के बीच फिर जमी व्यापार की बर्फ, रिश्तों में नई गर्माहट"

अटारी (आईएएनएस)

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार पूरी तरह ठप हो गया था, लेकिन शुक्रवार से अटारी-वाघा सीमा के रास्ते व्यापारिक गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं। अटारी-वाघा सीमा के रास्ते व्यापारिक गतिविधियां शुरू होने से उन व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है, जिनके लिए यह मार्ग सूखे मेवों और जड़ी-बूटियों के आयात का प्रमुख जरिया है। दरअसल, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के कारण अटारी-वाघा सीमा को बंद कर दिया गया था। इस दौरान पाकिस्तान की तरफ वाघा सरहद पर लगभग 50 ट्रक फंस गए थे।

केंद्र सरकार ट्रेड रेमेडी जांच में ई-फाइलिंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी

नई दिल्ली (आईएएनएस)

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि वह ट्रेड रेमेडी जांच में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दस्तावेज जमा करने के लिए एक ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। ट्रेड रेमेडी उस प्रक्रिया को कहा जाता है, जहां सरकार घरेलू उद्योग को बचाने के लिए अनुचित व्यापार प्रथाओं (विदेशी कंपनियों द्वारा डंपिंग) आदि पर एक्शन लेती है। 1995 से भारत की ओर से 1,200 से अधिक ट्रेड रेमेडी जांच की जा चुकी हैं। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज (डीजीटीआर) ने प्रभावित उद्योगों को समय पर राहत सुनिश्चित करने के लिए शीघ्रता से जांच करके, जो आमतौर पर एक वर्ष के भीतर पूरी हो जाती है।

भारतीय शेयर बाजार का दमदार प्रदर्शन, एक हफ्ते में दिया 4% से ज्यादा का रिटर्न

मुंबई (आईएएनएस)

भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता कारोबारी हफ्ता शानदार रहा। इस दौरान बाजार ने निवेशकों को 4 प्रतिशत से भी अधिक का रिटर्न दिया। 12-16 मई के कारोबारी सत्र में निफ्टी में 1,011.80 अंक या 4.21 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 4 अक्टूबर 2024 को समाप्त हुए हफ्ते के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य सूचकांक की यह सबसे बड़ी बढ़त है। इसके अतिरिक्त सेंसेक्स का भी प्रदर्शन बीते हफ्ते शानदार रहा और इसमें 2,876.12 अंक या 3.62 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की गई। लार्जकैप की अपेक्षा स्मॉलकैप और मिडकैप का भी प्रदर्शन शानदार रहा। समीक्षा अवधि में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स ने 7.21 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने 9 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया। बीते हफ्ते निफ्टी में डिफेंस (17.2 प्रतिशत), रियल्टी (10.78 प्रतिशत), मेटल (9.28 प्रतिशत), मीडिया (9.10 प्रतिशत) और पीएसई (7.28 प्रतिशत) सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले इंडेक्स थे। इस दौरान लगभग सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। 16 मई को समाप्त हुए हफ्ते में सेंसेक्स में टाटा स्टील (10.3 प्रतिशत), टेक महिंद्रा (8.3 प्रतिशत), इटरनल ((जोमैटो) 8.2 प्रतिशत), अदाणी पोर्ट्स (7.7 प्रतिशत), बजाज फिनसर्व (6.1 प्रतिशत) और मारुति सुजुकी (6.1 प्रतिशत) के साथ टॉप गेनर्स थे। इंडसइंड बैंक (4.6 प्रतिशत), भारती एयरटेल (1.9 प्रतिशत) और सन फार्मा (0.6 प्रतिशत) की गिरावट के साथ सेंसेक्स में टॉप लूजर्स थे।

ब्रिक्स के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भारत अपने पावर सेक्टर की उपलब्धियों को दिखाएगा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत ब्रिक्स के ऊर्जा मंत्रियों की आने वाली बैठक में अपने पावर और एनर्जी सेक्टर की उपलब्धियों को दिखाएगा। यह बैठक 19 मई को ब्राजील में होगी। ऊर्जा मंत्रालय ने शनिवार को यह बयान दिया। केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल इस उच्च स्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बैठक की थीम 'इमपावरिंग ग्लोबल साउथ कॉरपोरेशन फॉर इनक्लूसिव एवं सस्टेनेबल ग्लोबल गवर्नेंस' है। मंत्रालय ने बताया, "यह मंच ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच, सामर्थ्य और स्थिरता जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ब्रिक्स देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के ऊर्जा मंत्रियों को एक साथ लाएगा। भारत पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए इस मंच का उपयोग करने की योजना बना रहा है। इन उपलब्धियों में बिजली उत्पादन क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और बायोफ्यूल में प्रगति के साथ-साथ सस्टेनेबल एनर्जी प्रैक्टिस में इनोवेशन शामिल हैं। यह अंतरराष्ट्रीय बैठक ऐसे समय पर हो रही है, जब भारत ने न्यूक्लियर एनर्जी को लेकर महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

भारत में क्लीन एनर्जी स्टार्टअप्स को बूस्ट करने के लिए डीपीआईआईटी व जीईएपीपी ने की साझेदारी

मुंबई (आईएएनएस)

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पुपल एंड प्लेनेट (जीईएपीपी) ने देश में क्लीन एनर्जी स्टार्टअप्स के लिए अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से साझेदारी की है। यह जानकारी डीपीआईआईटी के ज्वाइंट सेक्रेटरी संजीव की ओर से दी गई।

यह साझेदारी भारत के लंबे अवधि के नेट-जीरो के लक्ष्य का समर्थन करने के लिए स्टार्टअप्स की टेक्नोलॉजी को बढ़ाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, "भारत की क्लाइमेट लीडरशिप एक मजबूत उद्यमशीलता आधार पर निर्भर करती है। यह साझेदारी क्लीन एनर्जी स्टार्टअप के लिए उन तकनीकों को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण अवसर खोलेगी जो देश के लंबे अवधि के नेट-जीरो के लक्ष्य को सपोर्ट करती हैं। इस दो-वर्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत दोनों पक्षों का लक्ष्य क्लीन एनर्जी और मैन्युफैक्चरिंग में इनोवेशन, स्थिरता और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है।